CMYK

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 08°C
तापमान

सेंसेक्स 74,340.09
निफ्टी 22,544.70

सोना 88,200
चांदी 99,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शुक्रवार 7 मार्च 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 208 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com  माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2081  6 रमजान 1446 हिजरी  नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## उत्तराखंड में अब बारामासी रहेगा टूरिज्म: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रधानमंत्री ने 'घाम तापो टूरिज्म' के तौर पर की उत्तराखंड विंटर टूरिज्म की ब्रांडिंग**

**हर्षिल/उत्तरकाशी।** एक दिवसीय शीतकालीन यात्रा पर गुरुवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुखवा और हर्षिल से उत्तराखंड में शीतकालीन तीर्थाटन और पर्यटन की जोरदार ब्रांडिंग की। उन्होंने तीर्थयात्रियों, पर्यटकों से लेकर कॉरपोरेट और फिल्म उद्योग तक को विंटर सीजन में उत्तराखंड आने का निमंत्रण दिया।

उन्होंने उत्तराखंड के विंटर टूरिज्म की ब्रांडिंग 'घाम तापो टूरिज्म' के तौर पर की है। हर्षिल में जनसभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने सबसे पहले बीते दिनों माणा में हुए हिमस्खलन में दिवंगत लोगों के प्रति दुख: व्यक्त किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की यह भूमि, आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत प्रोत है। उन्होंने उत्तराखंड से अपना आत्मीय लगाव, व्यक्त करते हुए कहा कि वो जीवनदायिनी मां गंगा के शीतकालीन गद्दी स्थल पर अपने परिवारजनों के बीच पहुंचकर धन्य महसूस कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मां गंगा की कृपा से ही उन्हें दशकों तक उत्तराखंड की सेवा का सौभाग्य मिला। मां गंगा के आशीर्वाद से ही वह काशी पहुंच,



सांसद के रूप में काशी की सेवा कर रहे हैं। इसलिए उन्होंने कहा था कि मां गंगा ने ही उन्हें काशी बुलाया है। उन्होंने दार्शनिक अंदाज में कहा कि उन्हें कुछ महीने पहले अनुभूति हुई कि जैसे मां गंगा ने –शेष पृष्ठ दो पर

## हर विपदा में प्रधानमंत्री हमारे साथ सदैव खड़े रहे: पुष्कर धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड पर जब भी कोई विपदा आई है, चाहे केदारनाथ यात्रा मार्ग पर आई प्राकृतिक आपदा, जोशीमठ में भूधंसाव, सिलक्यारा टनल हो या फिर अभी हाल ही में चमोली में माणा गांव के पास हुई हिमस्खलन की घटना हो।

प्रधानमंत्री हमारे साथ सदैव खड़े रहे हैं। मुख्यमंत्री ने चार हजार 81 करोड़ रुपये की लागत से गौरीकुंड से केदारनाथ और 27 सौ 30 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक रोप-वे निर्माण की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों रोप-वे परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद तीर्थयात्रियों को आवगमन के लिए सुगमता होगी और प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। श्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड की आर्थिकी का एक प्रमुख आधार है। होटल व्यवसायियों से लेकर टैक्सी चालकों, स्थानीय दुकानदारों के साथ ही यात्रा से जुड़े हुए लाखों लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि शीतकाल में उत्तराखंड के चारों धामों के कपाट बंद होने के बाद इन सभी लोगों की आर्थिकी प्रभावित होती थी।

### छठा रोज़ा

## ईमानदारी और अल्लाह की फरमाबरदारी की सीख देता है छठा रोज़ा

कुरआन पाक के पच्चीसवें पारे की सूरह शूरा की तिरालीसवीं आयत में जिक्र है जो सब्र करने वाले हैं और रहम करने वाले हैं वो बुलंद मर्तबे और अज़्मत वाले हैं। यहां यह बात काबिलेगौर है कि सब्र और रहम मर्तबे और अज़्मत बढ़ाने वाले हैं और रहम रास्ता है अज़्मत का। सब्र, सीढ़ी है बुलंदी की, तो इसका सीधा-सा जवाब है कि मुकम्मल ईमानदारी और अल्लाह की फरमाबरदारी के साथ रखा गया रोज़ा और रोज़ेदार इसकी पहचान है। नेकनीयत और पाकीज़गी के साथ रखे गए रोज़े का नूर अलग ही चमकता है। जज्बा-ए-रहम रोज़ेदार की पाकीजा दौलत है और जज्बा-ए-सब्र रोज़ेदार की रूहानी ताकत है। कुरआने-पाक में अल्लाह को सब्र करने वाले का साथ देने वाला बताया गया है अल्लाह सब्र करने वालों के साथ है। रोज़ा इम्तिहान भी है और इंतजाम भी। सब्र और संयम रोज़ेदार की कसौटी है इसलिए रोजा इम्तिहान है। सब्र की कसौटी पर रोजेदार कामयाब यानी खरा साबित हुआ तो इसका मतलब यह कि उसने आखिरत का इंतजाम कर लिया।




## POK वापसी के बिना कश्मीर हल संभव नहीं

### कश्मीर के सवाल पर जयशंकर ने पाकिस्तानी पत्रकार को दिया जवाब

लंदन, वार्ता

**कहा : हमने इस क्षेत्र में अधिकांश मसले को हल करने के लिए अच्छा काम किया**

**विदेश मंत्री डा. एस.** जयशंकर ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर मसले का एकमात्र बाकी हल पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले हिस्से की वापसी है।

डा. जयशंकर ने यहां चैथम हाउस में संवाद कार्यक्रम में एक पाकिस्तानी पत्रकार के जम्मू-कश्मीर के मसले के समाधान के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि हमने इसमें से अधिकांश को हल करने के लिए अच्छा काम किया है। अनुच्छेद 370 को हटाना, विकास और समृद्धि को बहाल करना, चुनाव आयोजित करना, जिसमें अभूतपूर्व मतदान दर्ज किया गया है। विदेश मंत्री ने कहा कि हम जिस चीज़ का इंतजार कर रहे हैं, वह कश्मीर के चोरी हुए हिस्से की वापसी है, जो अवैध पाकिस्तानी कब्जे में है। जब ऐसा किया जाएगा, तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, कश्मीर मसला हल हो जाएगा। पाकिस्तानी पत्रकार ने पूछा था कि अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शांति एवं बातचीत से विवादों के समाधान के पक्षधर हैं, तो क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कश्मीर के मसले के समाधान के लिए बात करेंगे। अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन की नीतियों के भारत पर प्रभाव से संबंधित एक सवाल के जवाब में कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में हमने जो कुछ भी देखा है, वह वैसा ही है जैसी हमें पहले से उम्मीद थी। मुझे तो इस बात का आश्चर्य है, लोग आश्चर्यचकित हो रहे हैं।



### भारत ने की खालिस्तानियों के हंगामे और राष्ट्रध्वज के अपमान की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** भारत ने विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान खालिस्तानी अलगाववादियों एवं आतंकवादियों द्वारा हंगामा और भारत के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किए जाने की कड़ी निंदा की है तथा ब्रिटिश सुरक्षा एजेंसियों की निष्क्रियता पर क्षोभ व्यक्त किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां मीडिया के सवालों पर कहा कि हमने विदेश मंत्री की ब्रिटेन की यात्रा के दौरान सुरक्षा भंग के फुटेज देखे हैं। हम अलगाववादियों और चरमपंथियों के इस छोटे समूह की भड़काऊ गतिविधियों की निंदा करते हैं। हम ऐसे तत्वों द्वारा लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के दुरुपयोग की भर्त्सना करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि ऐसे मामलों में मेजबान सरकार अपने राजनयिक दायित्वों को पूरी तरह से पूरा करेगी। उल्लेखनीय है कि खालिस्तानी आतंकवादियों ने लंदन में डा. जयशंकर का रास्ता रोकने का प्रयास किया, भारत विरोधी नारे लगाए तथा भारतीय ध्वज फाड़ दिया, जबकि वहां मौजूद स्थानीय सुरक्षा अधिकारी हस्तक्षेप करने की बजाय पूरी तरह से निष्क्रिय और उदासीन बने रहे।

## हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार: योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार हर जरूरतमंद के साथ हमेशा खड़ी रहेगी। गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'जनता दर्शन के दौरान उन्होंने करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि चिंता न कीजिए, समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं एक महिला ने परिवारीजन के इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई। इस पर योगी ने कहा कि एस्टिमेट मंगा लीजिए, सरकार मदद करेगी। मुख्यमंत्री जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन पर यूपी सरकार को लगाई कड़ी फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अतीक से जुड़ी संपत्ति मानकर गिरा दिए थे मकान**

**वकील और प्रोफेसर के घरों को अवैध रूप से तोड़ने पर पुनर्निर्माण के दिए आदेश**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज में 2021 में हुए एक बुलडोजर एक्शन को लेकर यूपी सरकार को आड़े हाथों लिया है। कोर्ट ने कहा है कि वह गिराए गए मकानों को सरकार के खर्च पर दोबारा बनवाने का आदेश दे सकता है।

याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि उन्हें नोटिस मिलने के कुछ घंटों के भीतर बुलडोजर चला दिया गया। जवाब देने या कानूनी बचाव का मौका तक नहीं दिया गया। रविवार, 7 मार्च 2021 को हुई इस कार्रवाई में प्रोफेसर अली अहमद और वकील जुल्फिकार हैदर समेत कुल 5 लोगों के मकान गिराए गए थे। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि उन्हें शनिवार, 6 मार्च की रात को नोटिस दिया गया। हालांकि नोटिस पर एक मार्च की तारीख लिखी थी। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि जिस जमीन पर यह मकान बने थे, वह लोग –शेष पृष्ठ दो पर



### उदयनिधि स्टालिन को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सनातन धर्म पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियां करने को लेकर विवादों में घिरे तमिलनाडु के मंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ बिना इस अदालत की अनुमति नए आपराधिक मामले दर्ज नहीं किए जाए। पीठ ने श्री स्टालिन के खिलाफ विभिन्न राज्यों में शुरू की गई सभी आपराधिक कार्यवाहियों को एक साथ करने की उनकी याचिका पर यह अंतरिम निर्देश पारित किया।

## गंगा सफाई गारंटी पर वादा भूल गए मोदी: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 साल पहले मां गंगा की सफाई के लिए 'नमामि गंगे योजना' शुरू कर वादा किया था कि वह गंगा को निर्मल बना देंगे, लेकिन सच यह है कि इस अभियान के लिए आवंटित आधी राशि खर्च ही नहीं हुई और जो पैसा खर्च हुआ उससे गंगा साफ नहीं हुई। श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री की गंगा के उद्गम स्थल गंगोत्री की यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मोदी जी ने कहा था कि उनको 'मां गंगा ने बुलाया है' पर सच ये है कि उन्होंने गंगा सफ़ाई की अपनी गारंटी को 'भुलाया' है।

## पोर्ट स्टेनली से केपटाउन के लिए रवाना हुई तारिणी

**नई दिल्ली।** समुद्र के रास्ते दुनिया का चक्कर लगाने निकली नौसेना की दो महिला अधिकारियों की नौका तारिणी पोर्ट स्टेनली से अगले चरण में केप टाउन के लिए रवाना हो गई है।

## कौशांबी से खालिस्तानी आतंकवादी गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र में कौशांबी जिले के कोखराज क्षेत्र से एसटीएफ और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में गुरुवार तड़के आंतकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल एवं आईएसआई मॉड्यूल के दुर्दांत आतंकवादी लजर मसीह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में असलहा और गोला बारूद बरामद किए गए।

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने यहां पत्रकारों को बताया कि प्रयागराज-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सकाढा मोड़ के पास यूपी एसटीएफ और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल ग्रुप के आतंकी लजर मसीह को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आतंकी के पास से तीन हैंड ग्रेनेड,तीन जिलेटिन रॉड, दो सक्रिय डेटोनेटर, एक रूस निर्मित पिस्टल और 13 जीवित कारतूस के अलावा फर्जी आधार कार्ड बरामद किया गया है।



**एसटीएफ और पंजाब पुलिस ने भारी मात्रा में असलहा और गोला-बारूद बरामद**

## उप्र विस के दोनों सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा का बजट सत्र पूरा हो गया है। बजट सत्र के दौरान विधानसभा की कार्यवाही कुल 72 घंटे 56 मिनट तक चली। जबकि 3 घंटा 36 मिनट के लिए स्थगित हुई। इस दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चार दिन चर्चा हुई। इसमें 147 सदस्यों ने हिस्सा लिया। बजट पर साधारण चर्चा 4 दिन तक हुई। जिसमें कुल 94 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा 3 विधेयक पारित हुए। सत्र के समापन पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुख्यमंत्री नेता सदन योगी आदित्यनाथ, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और समेत सभी दलीय नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा का प्रत्येक सदस्य इस सदन का ब्रांड एम्बेसडर है। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सदन में सदस्य जो भी वायदा अपने क्षेत्र में करें उसे पूरा जरूर करें।

## अहिल्याबाई होल्कर सम्मान से 42 महिलाएं सम्मानित

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली 42 महिलाओं को गुरुवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर महिला पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कमला अंकीबाई घमंडीराम गोवानी ट्रस्ट ने गुरुवार को यहां प्रधानमंत्री संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली इन महिलाओं को 2025 के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर, श्रम, रोजगार युवा मामलों के मंत्री मनसुख मंडाविया, स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन और लोकसभा सदस्य मनोज तिवारी सहित कई अन्य प्रमुख लोग मौजूद थे। श्री गडकरी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज एक ऐसे समाज के निर्माण की जरूरत है, जहां समानता हो और हीनता की भावना नहीं हो।



**विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले नवाजा गया**



## आग लगने से सामान जला, पशु झुलसे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** अज्ञात कारणों से एक गांव में लगी आग से लगभग एक दर्जन पशु झुलसने के साथ साथ लाखों रुपयों का सामान जलकर स्वाहा हो गया।

ग्राम मंघोरा में देर शाम अचानक दिलीप के घेर से लगी आग देखते ही देखते आसपास के बने घेर तक पहुँच गई। बताया जाता है कि घटना के वक्त ग्रामीण खेत पर गए हुए थे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना घेर स्वामियों को दी। सूचना पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुँची और आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक भगवत की दो भैस, विक्की की ट्राली, पमपी, साइकिल, ठेला, बलकरण की दो भैस, दो लहरवे, अर्जुन की दो भैस, एक गाय, दिलीप की एक गाय, एक बैल, एक कटरा, कुट्टी मशीन, ट्राली व अन्य सामान सहित वेदप्रकाश, महिपाल, देवेंद्र आदि का पशुओं के लिए रखा हुआ भूसा, लकड़ी आदि सामान जल गया। सूचना पर राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर पहुँची और आपदा से हुए नुकसान का आंकलन किया।

## वर्धमान कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम

### छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभागिता प्रस्तुत की



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वर्धमान कॉलेज के प्रांगण में भातखंडे संस्कृति विश्व. विद्यालय, लखनऊ द्वारा पोषित मालिनी कल्चरल क्लब के तत्वावधान में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सीएम जैन एवं हमारे मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र चौहान के द्वारा किया गया।

मानव सभ्यता एवं संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए लोक संस्कृति-लोक संगीत की विभिन्न विधाओं जैसे लोकगीत, लोक नृत्य, लोक वादन, आर्ट एंड क्राफ्ट के माध्यम से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभागिता प्रस्तुत की। लोकगीत में दिव्या रानी, शिल्पी, वंश शर्मा, तरुण सैनी, विनीता, रिद्धि अग्रवाल और संयम खन्ना, लोक नृत्य में सीमा थापा, दीपा शिल्पी, आर्ट और क्राफ्ट में वासु भास्कर, इल्मा शरीफ, रिद्धि अग्रवाल, शिवम कुमार, ज्ञानवीर दिव्या रानी, स्नेहा, अलीना नाज, इशिका अग्रवाल, साक्षी, तरुणा ने प्रतिभाग किया। वंश भारद्वाज के द्वारा ढोलक की शानदार प्रस्तुति से प्रांगण को मोहित कर लिया गया। रासलीला कजरी, जैसे लोक नृत्य एवं लोक विधाओं के द्वारा सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। मुख्य अतिथि के पुष्पेंद्र चौहान, जो अठारह वर्षों से संगीत के प्रति समर्पित हैं ने लोकगीत के वास्तविक महत्व पर प्रकाश डालते हुए उसके उन्नयन के लिए होने वाले में महाविद्यालय के मालिनी कल्चर क्लब के प्रयासों की सराहना की। मंत्रमुग्ध भजन प्रस्तुति ने कार्यक्रम के गौरव में श्रीवृद्धि की तथा प्राचार्य ने अपने उद्बोधन से हमारे छात्र छात्राओं को लाभान्वित किया। महाविद्यालय के समस्त संकायों के सदस्यों की उपस्थिति ने आयोजन को सफल बनाने में महत्व भूमिका का निर्वहन किया। संस्कृति क्लब के सभी सदस्य छात्रों की उत्साहपूर्वक सहभागिता रही। मंच का सफल संचालन डॉ. चेतना शाक्य तथा डॉ. अनुराधा द्वारा स्वागतीय उद्बोधन डॉ. अंजू बंसल द्वारा आभार ज्ञापन डॉ. दुर्गा जैन द्वारा संपादित हुआ। क्लब के समस्त सदस्य, डॉ. कविता सिरोही, डॉ. टीना अग्रवाल, डॉ. शिवानी शर्मा, डॉ. अचिंत्य गुप्ता की कार्यक्रम में उत्साही सहभागिता रही।

प्रो. पद्मश्री, प्रो. अलका साहू, प्रो. सुनील जोशी, प्रो. राणा, डॉ. चारू दत्त, डॉ. जयदीप ने कार्यक्रम में शिरकत की तथा डॉ. ओपी सिंह, अंग्रेजी विभाग से डॉ. पारुल, डॉ. विनीता ने संपूर्ण कार्यक्रम में उपस्थित रहकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## एक नजर

### बसपा की नई जिला कमेटी का गठन



**बिजनौर।** बसपा की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी व पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली, जाफर मलिक एवं विजय सिंह के द्वारा नई जिला कमेटी की घोषणा की गई है। जिसमें युवा नेता नाजिम अहमद अलवी व दलीप कुमार उर्फ पिन्टू को नया जिला प्रभारी बनाया गया है। समर सिंह एड. जिला अध्यक्ष बनाए गए है। सुभान अंसारी जिला उपाध्यक्ष व नंदराम प्रजापति जिला महासचिव बनाए गए हैं। अमित चौधरी को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है। मुंशी सद्दीक जिला सचिव बनाए गए है। जबकि देशबंधु उर्फ डैनी, अकील अंसारी जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। श्रीमती सरिता रंजन वामसेफ की जिला संयोजक बनाई गई हैं। तिलकराज बौद्ध को बीवीएफ का जिला संयोजक बनाया गया है।

### रमजान में इबादत करने की अपील

**नजीबाबाद।** रमजान का बरकत महीना शुरू हो गया है। इस महीने के बहुत से फजाईल हदीस की किताबों में मौजूद हैं। हमारे नबी ने फरमाया जो शख्स रमजान के महीने में ईमान और एहतिसाब के साथ रोजा रखेगा। उसके पिछले गुनाह माफ हो जाएंगे और जो शख्स ईमान और एहतिसाब के साथ रमजान के महीने में रात को कयाम करेगा। यानी इबादत करेगा। तरावीह पढ़ेगा। उसके पिछले गुनाह माफ हो जाएंगे। कोल्हू वाली मस्जिद के इमाम मौलाना इम्तियाज ने कहा कि अल्लाह के नबी सल्ल.ने सिर्फ रोजा रखने और रात को इबादत करने पर पिछले गुनाहों के माफी की खुशखबरी सुनाई, लेकिन साथ ही दो बातों की शर्त भी लगा दी। ईमान और एहतिसाब, ईमान का मतलब है अल्लाह के वादों पर यकीन करते हुए रोजा रखना, जो अल्लाह ने फरमाया है। वह बिल्कुल बरहक है। उसमें शक और शुबेह की गुंजाइश नहीं है और एहतिसाब का मतलब इताअ तो फरमाबरदारी के कामों की अंजाम दही के वक्त अल्लाह की रजा का इरादा करना, और उसका सवाब तलब करना, जैसे हम नमाज के लिए खड़े हों, तो पूरी नमाज के अंदर नमाज का ध्यान रहे। हर वक्त यह बात मुस्तहजर रहे कि मैं अल्लाह के सामने खड़ा हुआ हूं, इसी तरह रोजे के अंदर इसतेहजा का मतलब यह है कि हमारा रोजा अल्लाह के हुक्म पर अपनी ख्वाहिशात और जरूरतों को छोड़कर अल्लाह को राजी रखने और आखिरत के अजरो सवाब को हासिल करने के लिए रोजा रख रहे है। रोजा हमारे दिल की सफाई के लिए हमें पाक करने के लिए हमारे कलब की गंदगी को दूर करने के लिए और हमें मुत्तकी और परहेज गार बनाने के लिए फर्ज किया गया है, जैसा के अल्लाह खुद कुराने पाक में इरशाद फरमाते है। ईमान वालों तुम पर रोजे फर्ज किए गए जिस तरह तुम से पहले लोगों पर फर्ज किए गए थे ताकि तुम तकवा इख्तियार करो। उन्होंने रमजान में कसरत से इबादत करने की अपील की।

### सुबहान अंसारी जिला उपाध्यक्ष मनोनीत



**नहटौर।** बसपा की जिला कार्यकारिणी घोषित होने पर नहटौर के मोहल्ला दरबार सादात निवासी सुबहान अंसारी को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। सुबहान अंसारी बसपा पूर्व में भी समर्पित पदाधिकारी रहे है। जिले में बसपा के संस्थापक काशीराम के करीबी रहे है और उन्होंने बसपा में बहुत से पदों पर रहकर कार्य किया है। सुबहान अंसारी ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है। उसका निर्वाह पूरी जिम्मेदारी से करेंगे।


### सुहेलदेव भासपा की मासिक बैठक



**बिजनौर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम क्षेत्र सुजीत बंजारा रहे और विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम क्षेत्र महिला मोर्चा सुमन पूनिया रही। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़ ने की संचालन जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला ने किया। बैठक में जनपद बिजनौर में निवास करने वाले सभी प्रदेश मंडल व जिले के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि सुजीत बंजारा ने जिले में चल रही कार्य प्रणाली का जायजा लिया एवं त्रुटियों पर विशेष दिशा निर्देश दिए। आगामी जिला पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा हुई। पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर तत्काल निवारण करने का आदेश भी दिया। इस दौरान दर्जनों लोगों ने पार्टी की प्राथमिक रसीद कटवाकर सदस्यता भी ली। बैठक में जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़, जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला, जिला मंत्री प्रतिनिधि डॉ. राजेंद्र कश्यप, जिला प्रमुख महासचिव चंद्रवीर डवास, जिला संगठन मंत्री रूपेंद्र सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, अनिल शर्मा, वीरेंद्र ठाकुर, विवेक राठौर, विजयपाल प्रजापति, जुल्फिकार, सुनील शर्मा, बलवंत सिंह पवार, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विनीत चौधरी, प्रभारी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा कविता चौधरी, नगर अध्यक्ष नजीबाबाद पंडित राकेश कौशिक, विधानसभा अध्यक्ष नजीबाबाद महिला मोर्चा निर्देश देवी, ब्लॉक अध्यक्ष नजीबाबाद रेनू शर्मा, शशिबाला, बीना, शोभा देवी, अरविंद ठाकुर, विनीत कुमार, डॉ. साईम अंसारी, जिला अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ भीम सिंह, अंकित राठौर, पवन गोयल, रोहित, राजेंद्र कुमार सहित सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सिटीजन चार्टर जारी होने पर शिक्षकों में खुशी

### यह शिक्षक संघ के संघर्ष का सुखद परिणाम : गय्यूर आसिफ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने बुधवार को पत्र जारी कर माध्यमिक शिक्षा से संबद्ध सभी कार्यालयों में सिटिजन चार्टर (नागरिक घोषणा पत्र) लागू करने के निर्देश जारी किए हैं।

जारी किए गए पत्र में प्रदेश के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों तथा संस्कृत विद्यालयों के अध्यापकों प्रवक्ताओं प्रधान अध्यापकों तथा प्रधानाचार्यों की विभिन्न समस्याओं एवं प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया गया है। पत्र के साथ सिटीजन चार्टर की प्रति संलग्न की गई है और समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों तथा संयुक्त शिक्षा निदेशकों सहित प्रदेश के समस्त शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने कार्यालय की बाहरी दीवार पर उक्त सारणी को पेंट कराया जाए तथा उसी के अनुसार विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण समय सीमा के भीतर किया जाए।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा निदेशक के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे संगठन के संघर्ष का सुखद परिणाम बताया है। संगठन के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि लंबे समय से वे जिला विद्यालय निरीक्षक से मांग कर रहे थे की सिटीजन चार्टर लागू कर शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण हेतु समय सीमा निर्धारित की जाए। उक्त पत्र के जारी होने से जनपद के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के चक्कर नहीं काटने होंगे। जिला अध्यक्ष आसिफ ने कहा कि उन्हें आशा है कि शीघ्र ही जिला विद्यालय निरीक्षक उक्त नागरिक घोषणा पत्र को अपने कार्यालय में पेंट करवाकर अधीनस्थ पटल सहायकों को निर्देशित करेंगे कि वह उक्त सारणी का पूर्ण रूप से पालन करें। जिला मंत्री विनोद कुमार ने कहा कि विगत दोनों कार्यालय में व्याप्त अनेक भ्रष्टाचार की घटनाओं से न केवल कार्यालय बल्कि समस्त शिक्षा विभाग को अपमान का सामना करना पड़ा है। शिक्षा निदेशक द्वारा जारी किए गए सिटीजन चार्टर को लागू करने के उपरांत जहां एक ओर भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी, वहीं दूसरी ओर जनपद के दूरस्थ क्षेत्र के शिक्षकों कर्मचारियों को दफ्तर के अनावश्यक चक्कर नहीं काटने होंगे और सुविधा पूर्वक उनके सभी प्रकरण निस्तारित किए जाएंगे।

दोनों पदाधिकरियों ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, महामंत्री डॉ. नरेंद्र कुमार वर्मा तथा विधान परिषद सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में संगठन शिक्षकों के प्रत्येक मुद्दे का त्वरित संज्ञान लेता है तथा शासन के समक्ष उन समस्याओं को रखकर उनके निस्तारण हेतु निरंतर प्रयासरत रहता है। इसी का परिणाम है कि विगत दिनों में अनेक निर्णय शिक्षकों के हित में हुए हैं और सिटीजन चार्टर लागू करने के निर्देश जारी कर शिक्षा निदेशक ने शिक्षक संगठन की एक और महत्वपूर्ण मांग को पूरा किया है। इसके लिए संगठन प्रदेश सरकार तथा उच्च पदस्थ अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट करता है।

दोनों पदाधिकरियों ने जनपद के सभी शिक्षकों से संगठित होकर अपने हितों के लिए संघर्ष करने की अपील की और कहा कि भविष्य में हम सब मिलकर अपने अधिकारों के लिए इसी प्रकार से संघर्ष करते रहेंगे और अपनी सभी मांगों को पूरा करवाएंगे।

## नबी के बताए रास्ते पर जिंदगी गुजारें : अरसद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला जमा मस्जिद के इमाम हजरत मुफ्ती अरसद ने कहा कि रमजान के पाक महीने में अल्लाह ताला की खुब इबादत करें। रमजान के पाक महीने में अल्लाह ताला अपने बंदों के सभी गुनाहों को माफ कर देता है।

रमजान का महीना बड़ा ही बरकतों का महीना है। इस महीने में जो भी बंदा अल्लाह ताला से मांगता है, अल्लाह ताला उसकी सभी जायज तमन्ना को पूरा कर देता है। इस महीने की बरकत से सभी की जायज तमन्ना को पूरा करता है। हर कोई मुसलमान गरीबों का ख्याल करें। उनकी जितनी भी हो सकें मदद करें, गरीबों की मदद करने से अल्लाह ताला अपने बंदों से खुश होता है। उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में जकात इमदाद से मदरसों की दिल खोलकर मदद करें। उन्होंने मुसलमानों से अपील की है कि ज्यादातर मदरसे आपकी मदद से चलते हैं। इसलिए मदरसों की खूब मदद करें। इन मदरसों से आपके बच्चे हाफिज कुरान पढ़ कर हाफिज बनकर निकलते हैं। रमजान के पाक महीने में अपने आसपास के पड़ोसियों का भी ख्याल रखे, रमजान माह में कुरान पाक की खुब तिलावत करें, उन्होंने कहा कि मुसलमान अपने नबी के बताए हुए रास्ते पर जिंदगी गुजारें। आज मुसलमान अपने दीन से भटकता जा रहा है। इसलिए तो दुनिया में परेशान होता जा रहा है, इसलिए मुसलमानों को अपने ईमान पर जिंदगी गुजारनी चाहिए। रमजान के महीने तरावीहों का एहतेराम करना चाहिए। रमजान के पाक महीने गैर मुस्लिम भाइयों का भी ख्याल रखना चाहिए।

## ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं के कार्य का एस्टीमेट शासन को भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विधायक मनोज पारस द्वारा अपनी विधानसभा क्षेत्र नगीना के अनुसूचित बाहुल्य 27 गांवों में विशेष कंपोनेंट के अंतर्गत मूलभूत सुविधाओं सीसी, नाली खड़ंजा आदि बनवाने की मांग की गई थी। जिसमें दो गांवों रामपुर बिशना व ग्राम भरैकी के लिए स्टीमेट बनवाकर शासन को प्रेषित कर दिया गया है। जिसका कार्य शासन से स्वीकृति मिलने के उपरांत ही शुरू होगा।

विधायक नगीना मनोज पारस द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि 18 जनवरी 2023 को उत्तर प्रदेश विधान मंडल दल की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जनजातियों की संयुक्त समिति की बैठक में अपनी विधानसभा क्षेत्र नगीना के अनुसूचित बाहुल्य 27 गांवों में विशेष कंपोनेंट के अंतर्गत मूलभूत सुविधाओं सीसी, नाली खड़ंजा आदि बनवाने की मांग की गई थी। जिसमें विधायक मनोज पारस की संस्तुति पर अनुसूचित बाहुल्य दो गांवों में सीसी, नाली खड़ंजा आदि मूल सुविधा हेतु प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग द्वारा एस्टीमेट बनवाने के लिए आदेश पारित किया था। इसी संबंध में आज विधायक नगीना मनोज पारस ने समाज कल्याण विभाग के मंत्री से मुलाकात कर अपनी विधानसभा क्षेत्र नगीना के विशेष कॉम्पोनेंट योजना के अंतर्गत अनुसूचित बाहुल्य दो गांव ग्राम रामपुर बिशना व ग्राम भरैकी में मूलभूत सुविधा जैसे सी.सी. रोड, नाली व खड़ंजा आदि मूलभूत सुविधाएं देने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा दोनों गांवों का स्टीमेट बनवाकर शासन को प्रेषित किया। जिस पर समाज कल्याण विभाग मंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही स्वीकृति मिलने के उपरांत कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## राष्ट्रीय लोकदल की जम्बो जिला कार्यकारिणी घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष नागेन्द्र पंवार ने रालोद की जम्बो कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिला कार्यकारिणी में आठ जिला उपाध्यक्ष, 14 जिला महामंत्री तथा 22 जिला सचिव बनाए गए है।

रालोद के जिला मीडिया प्रभारी लवकुश फौजी ने बताया कि मास्टर विजयपाल सिंह, प्रीतम सिंह, विजयपाल सेठ, राजीव कुमार वॉबी, सुरेन्द्र कुमार पूर्व चेयरमैन, अतीक मिर्जा, प्रीतम सिंह व राजेन्द्र सिंह को जिला उपाध्यक्ष, मुफीज आलम गुड्डू, ब्रजवीर आर्य, डॉ. विपिन तोमर, प्रीतम सिंह जाटव, शेर सिंह सैनी, सुभाष काकरान, तेग बहादुर शास्त्री, सुरेन्द्र सिंह, लवकुमार, विजयपाल सिंह राठी, ज्ञानेन्द्र चिकारा, सुधीर चौधरी, विजय चौहान व विनय चौहान को जिला महामंत्री, जगवीर सिंह, कुंवर सिंह, शिथुल कुमार, ब्रह्मपाल सिंह, राकेश पूर्व चेयरमैन, सरदार साधू सिंह, दिनेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार, जबरपाल, कपिल कुमार, राजेश पंवार, योगेन्द्र प्रधान, विकास गहलौत, कुशलपाल सिंह, हकीम मुकसित खां, महेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह कश्यप, राजवीर सिंह, प्रधान सोमपाल को सचिव मनोनीत किया गया है। जिला अध्यक्ष नागेंद्र पंवार ने सुरेश राणा को नजीबाबाद विधानसभा, कल्लू सिंह सारंग को नगीना, कुलदीप चिकारा को बिजनौर, महाशय पूरन सिंह को नहटौर, छतरपाल सिंह को नूरपुर, आनन्द प्रधान को चांदपुर, महेन्द्र सिंह को धामपुर तथा डॉ. निर्दोष गुर्जर को बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष बनाया गया है। इनके साथ ही 22 विशेष आमंत्रित सदस्य, 65 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए है। जिलाध्यक्ष ने इमरान कुरैशी को रालोद युवा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, लवकुश कुमार फौजी को पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ, राजेन्द्र सिंह को किसान प्रकोष्ठ, रेणुका चौधरी को महिला प्रकोष्ठ, हसनैन जैदी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, कृष्णपाल सिंह को एससी एसटी प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नामित किया है।

## मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार के दोपहर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मानसिक रोगों के लक्षण के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता अवनीश निर्वाल व चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रमोद देशवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिला अस्पताल बिजनौर के मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नितिन कुमार ने बताया कि जिस किसी व्यक्ति को मानसिक रोग की समस्या है वह झोलाछाप डॉक्टर, नीम हकीम और झाड़ फूंक करने वालों के चक्कर में ना पड़े। मर्ज की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अल्जाइमर डिजीज 65 साल के ऊपर के व्यक्ति में देखने को मिलती है जिनकी याददाश्त कमजोर पड़ जाती है। इसके इलाज के लिए कोई दवाई फिलहाल नहीं है। मरीज को चाहिए कि चिकित्सक के संपर्क में रहकर नियमित इलाज में जांच करवाएं ताकि और बीमारी बढ़ ना पाए। उन्होंने यह भी बताया कि नींद ना आना या देर से आना, चिंता होना, घबराहट आदि मान. सिक रोग के लक्षण हो सकते हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता समाजसेवी अवनीश निर्वाल ने बताया कि मोबाइल के कारण और एकल परिवार के कारण लोग डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने लगातार मोबाइल न चलने की नसीहत दी। डॉ. प्रमोद देशवाल ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में बताया और मानसिक बीमारियों के लक्षण नजर आने पर जिला अस्पताल बिजनौर कमरा नंबर 6 में सोमवार बुधवार शुक्रवार के दिन निशुल्क इलाज के लिए बताया। कार्यक्रम में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट आयुषी, साईकियाट्रिक सोशल वर्कर साक्षी सिंह, साइट्रिक नर्स राहुल कुमार भार्गवआदि मौजूद रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड में अब...** उन्हें गोद ले लिया है, अब अपने बच्चे के प्रति मां गंगा का दुलार ही है कि वो आज खुद मुखवा गांव पहुंच पाए हैं। उन्होंने कहा कि वो हर्षिल की धरती पर आकर, अपनी दीदी भुलियों को भी याद कर रहे हैं, क्योंकि वो उन्हें हर्षिल की राजमा और अन्य लोकल प्रॉडक्ट भी भेजती रहती हैं। श्री मोदी ने कहा कि कुछ साल पहले जब वो बाबा केदार के दर्शन के लिए आए थे, तो बाबा के दर्शन के बाद उनके मुंह से अचानक ही भाव प्रकट हुआ कि ये दशक उत्तराखंड का होने जा रहा है। ये भाव भले ही उनके थे, लेकिन इसके पीछे सामर्थ्य देने की शक्ति बाबा केदार की थी। अब बाबा के आशीर्वाद से ये शब्द धीरे-धीरे सच्चाई में बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये दशक अब उत्तराखंड का बन रहा है। उत्तराखंड की प्रगति के लिए, नए-नए रास्ते खुल रहे हैं, जिन आकांक्षाओं को लेकर उत्तराखंड का जन्म हुआ था, उत्तराखंड नित नए लक्ष्य और संकल्प लेते हुए, उन्हें पूरा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने शीतकालीन तीर्थाटन-पर्यटन पर जोर देते हुए कहा कि इसके माध्यम से उत्तराखंड की आर्थिक सामर्थ्य को साकार करने में बहुत बड़ी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने इस अभिनव पहल के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड के लिए अपने टूरिज्म सेक्टर को बहुआयामी या बारामासी बनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में 365 दिन का पर्यटन जरूरी है। वो चाहते हैं कि उत्तराखंड में कोई भी पर्यटन सीजन ऑफ नहीं रहे, बल्कि हर सीजन में टूरिज्म ऑन रहे। श्री मोदी ने कहा कि अभी पहाड़ों पर मार्च से जून के बीच ही ज्यादातर पर्यटन आते हैं, जबकि इसके बाद पर्यटकों की संख्या बहुत कम हो जाती है। अभी सर्दियों के सीजन में होटल, रिजॉर्ट, होम स्टे खाली पड़े रहते हैं। ये असंतुलन साल के बड़े हिस्से में उत्तराखंड की आर्थिकी को सुस्त कर देता हैं। जबकि सच्चाई यह कि अगर देश- विदेश के लोग, सर्दियों में यहां आएं ,तो उन्हें सच्चे अर्थ में देवभूमि की आभा के दर्शन होंगे। उन्होंने कहा कि विंटर टूरिज्म में यहां लोगों को ट्रैकिंग, स्कीइंग जैसी एक्टिविटी का रोमांच मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि धार्मिक यात्रा के लिए भी उत्तराखंड में सर्दियों का समय बेहद खास होता है। यहां इस समय कई तीर्थ स्थलों पर विशेष अनुष्ठान होते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट...** उसके लीज होल्डर थे। प्रशासन ने उस जगह को माफिया और राजनेता अतीक अहमद से जोड़ते हुए यह कार्रवाई की थी। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के इस बयान को रिकॉर्ड पर लिया था कि वह भूमि नजूल लैंड थी। उसे सार्वजनिक कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जाना था। 1906 से जारी लीज 1996 में खत्म हो चुका था। याचिकाकर्ताओं ने लीज होल्ड को फ्री-होल्ड करने का आवे. दन दिया था। उन आवेदनों को 2015 और 2019 में खारिज किया जा चुका है। ऐसे में बुलडोजर कार्रवाई के जरिये अवैध कब्जे को हटाया गया था। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय एस. ओका और एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच आनन-फानन में मकान गिरा दिए जाने को गलत कहा। जस्टिस ओका ने कहा कि क्या आपको पता है कि संविधान में अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) जैसा भी कुछ है? जिस तरह का यह मामला है, उसका एक समाधान यह हो सकता है कि हम सरकार के खर्च पर इन मकानों को दोबारा बनवाएं। 2 जजों की बेंच ने हाल ही में बुलडोजर एक्शन पर आए सुप्रीम कोर्ट के दूसरी बेंच के फैसले का हवाला दिया। उस फैसले में कहा गया था कि लोगों को पर्याप्त समय और कानूनी बचाव का मौका देने के बाद ही विध्वंस की कार्रवाई हो सकती है। यूपी सरकार के लिए पेश अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने मामले को नए सिरे से विचार के लिए हाईकोर्ट भेजने का सुझाव दिया। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इससे मना करते हुए 21 मार्च को अगली सुनवाई की बात कही।

## उप्र में 50 किमी की रफ्तार से चलीं पछुआ हवाओं से गिरा पारा

**लखनऊ।** यूपी में पिछले तीन दिन से चल रही पछुआ की रफ्तार बुधवार को 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार को भी पार कर गई। हवा के असर से प्रदेशभर में बीते 24 घंटों में तापमान में 4 से 6 डिग्री की गिरावट आई है। साथ ही एक बार फिर से सुबह-शाम का मौसम सुहाना हो गया है। गुरुवार को भी प्रदेश में तेज हवा का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार से पछुआ की रफ्तार थमेगी, इसके बाद तापमान में बढ़त देखने को मिलेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उप्र में पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद पीछे खाली जगह भरने को चली पछुआ हवा की रफ्तार बुधवार को 51 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई। इसके असर से दिन के पारे में 4 से 6 डिग्री की गिरावट देखने को मिली। शुक्रवार के बाद हवा की रफ्तार थमेगी और अगले तीन से चार दिनों में पारा जितना गिरा है, उतना चढ़ेगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
- HEALTH WITH CARE -
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद



छठा रोजा वक्त इफ्तार 7 मार्च शाम 6:23

सातवां रोजा वक्त सहरी 8 मार्च सुबह 5:11

### रमजान माह की बधाई
**मूलचन्द चौहान**
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**मौहम्मद गाजी**
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़
विधानसभा क्षेत्र



### मुकद्दस रमजान की बधाई
**डॉ. मनोज वर्मा**
वर्मा मैटरनिटी एवं
नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद



**मौहम्मद जैद रशीद**
युवा समाजसेवी, नहटौर
**अनस इकरार**
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**नजीबुल हसन**
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**अब्दुल गफ्फार**
जिला प्रचार मंत्री
भाकियू टिकैत
जनपद-बिजनौर
कोतवाली देहात



### रमजान माह की बधाई
**शेख जाकिर हुसैन**
जिला अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जिला-बिजनौर



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**राशिद हुसैन**
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**मौ. साईम राजा**
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली
जौहर हायर एजुकेशन
इंस्टीट्यूट, किरतपुर



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**शमीम अख्तर**
उपाध्यक्ष-अल्पसंख्यक
वेलफेयर सोसायटी
कोतवाली देहात



### रमजान की हार्दिक बधाई
**अरूण कुमार वर्मा**
प्रदेश उपाध्यक्ष
उद्योग व्यापार मण्डल
भाजपा नेता, स्योहारा



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**जावेद रहमान शम्सी**
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/
प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग
व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व
स्पोर्ट्स, धामपुर



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**अजमल उमर एड.**
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी
चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत
मण्डावर



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**शेख शाहनवाज खलील**
युवा समाजसेवी, नगीना
जिलाध्यक्ष- स्थानीय
निकाय अध्यक्ष संघ
जनपद-बिजनौर



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**रागिब हुसैन शहजादा**
वरिष्ठ समाजसेवी
नगर पंचायत, झालू



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**वहाब कुरैशी**
उत्तरी सहकारी समिति
के वाइस चेयरमैन
नहटौर



### रमजान माह की शुभकामनाएं
**रामअवतार सैनी**
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर



समाजवादी पार्टी जिंदाबाद



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद



**मनोज पारस**
विधायक नगीना
व पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार

**काजी सुहैल इकबाल**
नगराध्यक्ष सपा नगीना
जनपद-बिजनौर



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**मौ. खुर्शीद मंसूरी**
चेयरमैन
**अनूप कुमार रावत**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत, साहनपुर



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**हाजी अब्दुल कादिर**
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर



### मुकद्दस रमजान की बधाई
**विवेक सेन**
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20






### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**मौ. आसिफ शान**
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**मौ. इमरान समी कुरैशी**
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**जावेद अली**
संभावित प्रत्याशी
आजाद समाज पार्टी
धामपुर विधानसभा क्षेत्र



### रमजान माह की शुभकामनाएं
**चौधरी रवि कुमार सिंह**
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर



### रमजान माह की बधाई
**राजेन्द्र कुमार**
पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा
वरिष्ठ नेता
आजाद समाज पार्टी
जनपद-बिजनौर



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**हाजी मौहम्मद असलम कुरैशी**
पूर्व प्रधान-कोतवाली देहात
एमएच इलेक्ट्रानिक्स एवं
फर्नीचर, कोतवाली देहात



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**हाजी मौ. इलियास**
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बहुजन समाज पार्टी
मुरादाबाद



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**एम.आर पाशा**
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय
विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**अब्दुल मन्नान**
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर



### मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**इमरान कुरैशी**
जिला पंचायत सदस्य
जनपद-बिजनौर
जिला अध्यक्ष
युवा रालोद
जनपद-बिजनौर



# दम्पति से लूट का आरोपी मुठभेड़ में दबोचा

## जवाबी कार्रवाई में टांग में लगी गोली, एक तमंचा व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रायपुर सादात।** बीस दिन पूर्व थाना नगीना देहात क्षेत्र में दंपति को दिनदहाड़े लूट की घटना को अंजाम देने वाले लुटेरे को पुलिस ने देर रात्रि मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश ने पुलिस को देखकर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्यवाही में बदमाश के पांव में गोली लगी। एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। बदमाश के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम अवधिपुर की नहर पर तीन मोटर साइकिल सवार बदमाशों ने हथियारों के बल पर थाना नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम किशनपुर कला निवासी सचिन कुमार व उसकी पत्नी की मोटरसाइकिल रोक कर लूट पाट की थी। घटना 9 फरवरी की बताई जाती है। दंपति से लुटेरों ने सोने चांदी के आभूषण व दोनों से चार हजार रुपये नकद लूट लिए थे और मोटरसाइकिल से फरार हो गए थे। पुलिस ने इस संबंध में सचिन कुमार की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करके बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी। एक सप्ताह पूर्व नगीना देहात पुलिस ने रोहित पुत्र धनीराम निवासी शाहपुर उर्फ खैरुल्लापुर थाना क्षेत्र नजीबाबाद को गिरफ्तार कर लिया था। दूसरा बदमाश मनोज उर्फ नेवला पुत्र ज्ञान सिंह निवासी ग्राम अकबरपुर अंगा खेड़ी थाना मंडावर को पुलिस ने मंडावर क्षेत्र में एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। दोनों ही लुटेरे लूटपाट की घटना में जेल जा चुके थे। दोनों के बताने पर प्रकाश में आए एक बदमाश विनोद उर्फ काना पुत्र बलराम निवासी ग्राम रानी कोटा थाना नगीना देहात की पुलिस तलाश में जुटी थी। पुलिस को सूचना मिली विनोद उर्फ काना किसी घटना को अंजाम देने के लिए अपनी बाइक से नहर की पटरी से आएगा। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ टांडा माई दास पुलिस चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर त्रिवेंद्र कुमार, सब इंस्पेक्टर ललित कुमार, सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार तथा कांस्टेबल आशीष धामा, दीवान रविंद्र तथा सुभाष और कांस्टेबल सोहनवीर के साथ टांडा माईदास और परमवाला ग्राम के बीच नीले डैम के पास बदमाश की तलाश में घात लगाकर चेकिंग करने लगे। पुलिस को एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी जिस पर पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार को रुकने के लिए ललकारा लेकिन बदमाश ने पुलिस को देखकर पुलिस पार्टी पर फायर झोंक दिया, जिससे कांस्टेबल सोहन वीर को गोली छूती हुई निकल गई और सिपाही घायल हो गया। जवाबी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बदमाश पर गोली चला दी, जिससे बदमाश विनोद उर्फ काना के दाहिने पांव में गोली लगने से वह घायल हो गया और वहीं गिर गया। पुलिस ने आनन फानन में दोनों घायलों को नगीना सीएचसी भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बिजनौर रेफर कर दिया।

बदमाश के पास से पुलिस को एक तीन सौ पंद्रह बोर का तमंचा, एक कारतूस और तमंचे में फंसा हुआ एक कारतूस बरामद हुआ। विनोद काने की अपराधिक जिंदगी की शुरुआत कच्ची शराब के कारोबार करने से शुरू हुई और वह लूटमार करने लगा। मनोज उर्फ नेवला भी शातिर किस्म का बदमाश था। उसके विरुद्ध भी कई आपराधिक मामले दर्ज थे।

# चयनित छात्रों को 12 हजार रू. छात्रवृत्ति प्रति वर्ष मिलेगी

### विद्यार्थियों को नवाचार व विज्ञान की ओर प्रोत्साहित करें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 में पास होने वाले प्रत्येक छात्र-छात्राओं को भारत सरकार द्वारा 12 हजार रुपए प्रति वर्ष की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

जानकारी के अनुसार विकासखंड क्षेत्र में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 में पास होने वाले छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली प्रत्येक वर्ष 12 हजार रुपए की धनरा. शि में चयनित छात्र-छात्राओं में आंकू के उच्च प्राथमिक विद्यालय पाड़ला से कुमारी सानिया, नैना शर्मा और आदर्श का चयन बाल वैज्ञानिक के रूप में हुआ है। इन तीनों छात्रों को नवाचार प्रतिष्ठित योजना के तहत चुना गया

इसी क्रम मे उच्च प्राथमिक विद्यालय रायपुर लकड़ा से भी दो विद्यार्थियों, पूजा कुमारी और कृष्ण का चयन इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत हुआ है। इसी क्रम में ग्राम सीकरी बुजुर्ग की जिया और आयुषी जो कक्षा 8 की छात्रा है उन्होंने भी इस परीक्षा को पास किया है। खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने सभी चयनित विद्यार्थियों, शिक्षकों और विज्ञान शिक्षकों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि अन्य शिक्षक एवं विद्यालय इस सफलता से प्रेरणा लेकर विद्यार्थियों को नवाचार व विज्ञान की ओर प्रोत्साहित करें, जिससे आने वाले वर्षों में और अधिक छात्र इस योजना में चयनित होकर क्षेत्र और जनपद का नाम रोशन करें।

## एक नजर

### रेप में मददगार दीपू अरेस्ट

**बिजनौर।** नजीबाबाद थाने में वादी ने 27 जनवरी को तहरीर दी थी कि ग्राम ताहरपुर इश्हाक उर्फ गाजीपुर निवासी रजत कुमार पुत्र विरेन्द्र कुमार ने उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जा कर उसके साथ बलात्कार किया। जिसमें अभियुक्त अमन पुत्र अजय कुमार एवं दीपू पुत्र चमन निवासी ग्राम गाजीपुर ने रजत का सहयोग किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने मुख्य अभियुक्त रजत को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने अब उसके सहयोगी दीपू को गिरफ्तार किया है।

### तेजवीर वंशीलाल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत



**शिवाला कलां।** भारतीय किसान यूनियन कल्याणकारी संगठन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित प्रवीण शर्मा ने नूरपुर क्षेत्र के ग्राम झीरन निवासी तेजवीर वंशीलाल को संगठन का राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत करते हुए अपनी पूर्व ईमानदारी कर्तव्य निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा की है।

### गुलदार दिखाई देने से दहशत

**शिवाला कलां।** क्षेत्र में गुलदार दिखाई देने से किसानों में भय का माहौल बना हुआ है। गुलदार के कारण किसान अपने खेत पर काम करने जाने से भी घबरा रहे हैं। नूरपुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम झीरन निवासी किसान गौरव कुमार, महावीर सिंह, बलबीर सिंह, तेजवीर सिंह, मनोज कुमार बुधवार की शाम अपने खेत में गन्ने की बुआई करा रहे थे। अचानक खेत में गुलदार दिखाई दिया। गुलदार को देख किसानों के होश उड़ गए। किसानों ने गुलदार को देख अपने ट्रैक्टर की स्पीड बढ़ा दी, लेकिन गुलदार ट्रैक्टर की स्पीड बढ़ाने से भी नहीं भागा। ट्रैक्टर की लाइट की रोशनी से भी गुलदार नहीं भागा, तो किसान ने ट्रैक्टर को भगा कर अपनी जान बचाई। किसानों ने फोन कर ग्रामवासियों को गुलदार होने की जानकारी दी। ग्रामवासियों के आने से पूर्व ही गुलदार गन्ने के खेत में घुस गया। किसानों ने बताया कि गुलदार का जोड़ा है। उसने दो गुलदार देखे हैं। गुलदार देखे जाने से भयभीत किसान जंगल से अपने पशुओं के लिए चारा लाने व खेतों में काम करने को लेकर दहशत में हैं।

### देवेंद्र कुमार को पीएचडी की उपाधि मिली



**धामपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से प्रोफेसर सुनील कुमार जोशी वर्धमान कॉलेज बिजनौर के निर्देशन में देवेंद्र कुमार ने शिक्षाशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि मिली है। पहले भी वनस्पति विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है।

### भाकियू एसडीएम को आज देगी मांग पत्र

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी कार्यकर्ता युवा जिलाध्यक्ष रो. हित चौधरी के नेतृत्व में अधिशाशी अभियंता लोक निर्माण विभाग के नाम सम्बोधित एक मांग पत्र एसडीएम चांदपुर को देंगे। मांग पत्र में कहा गया है कि चांदपुर से धनौरा मंडी मार्ग चौड़ीकरण के संबंध में उक्त मार्ग का चौड़ीकरण लगभग 18 महीनों से कछुआ चाल से हो रहा है। सड़क को एक साथ दोनों तरफ से उखाड़ कर गड्ढा बना दिया है, जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। गड्ढों में गिरने के कारण बड़ी दुर्घटना हो रही है, कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। ठेकदार दोनों तरफ की मिट्टी को बेच रहा है जिससे आर्थिक लाभ भी वो कमा रहे है जिसका हम विरोध करते है। यदि सड़क को चौड़ीकरण करना है तो पहले एक तरफ को कंप्लीट करे, फिर दूसरी तरफ से बनाए और जो सड़क के किनारे गढ्ढे मिट्टी बेच कर बना दिए हैं उनको तत्काल भरे ताकि होने वाली दुर्घटनाएं बंद हो। इसके लिए भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी कार्यकर्ता आगामी तीन दिन का समय उक्त गढ्ढों को भरवाने की मांग करती है। तत्पश्चात ठेकेदार और संबंधित के विरुद्ध अनिश्चित कालीन आंदोलन छेड़ दिया जायेगा।

# स्योहारा के व्यक्ति की सऊदी अरब में मौत

### परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सऊदी अरब में एसी मैकेनिक का कार्य कर रहे नगर निवासी युवक की करीब 50 फिट ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई।

इस्तेखार पारवा ने बताया कि उनका छोटा भाई मौहल्ला इस्लामनगर निवासी 40 वर्षीय सरफराज उर्फ इसरार अहमद पुत्र जमील अहमद 17 वर्ष पूर्व एसी मैकेनिक के काम में सऊदी अरब गया था और काफी समय से वहीं काम कर रहा था। इसरार बुधवार की देर शाम साइट पर एसी चैक करते हुए बिल्डिंग से नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। इसरार के गिरने और मृत्यु की सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। इसरार की शादी 10 वर्ष पूर्व हुई थी और उसके दो बच्चें भी हैं। पूर्व विधायक हाजी नईमुल हसन, वरिष्ठ डा. नसीम हाशमी, डा.मनोज कुमार वर्मा, डॉ. जानिब हाशमी, चौधरी फहीमुर्रहमान, पूर्व चेयरमैन हाजी अख्तर जलील, असजद चौधरी, आदिल चौधरी, मुकेश रस्तौगी, डा. मारुफ जैदी, मनोज भटनागर, इमरान अख्तर उर्फ सनी, आसिफ चौधरी, रकीब चौधरी, शहजाद चौधरी, फैसल चौधरी, हाजी इल्यास चौधरी, युवा नेता नजीबुलहसन, नगर के शाह टाइम्स प्रतिनिधि इकबाल अंसारी, चौधरी शाहबाद जमाल, नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता महफूज चौधरी, आरिफ गांधी, महफूज सागर, आदिल उर्फ नासिर चौधरी आदि ने शोक प्रकट किया है।

# किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक

### समस्याओं का समाधान करने की मांग उठाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** बजाज हिन्दुस्तान शुगर मिल बिलाई मिल गन्ना भुगतान, ऊमरी से मुकरपुर सत्ती तक नहर पर सड़क निर्माण आदि मामलों को लेकर आज किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की एक बैठक ग्राम बधावा में जिलाध्यक्ष विकास नूरी के निवास पर संपन्न हुई।

बैठक का संबोधित करते हुए संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि बजाज हिन्दुस्तान शुगर मिल बिलाई मिल द्वारा पिछले कई वर्षों से किसानों का गन्ना भुगतान बहुत देरी से किया जा रहा है। जिसके कारण किसानों को घरेलू खर्च, बच्चों की शिक्षा व शादी विवाह में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार आंदोलन करने पर भी शासन प्रशासन बिलाई मिल के गन्ना भुगतान पर मौन बनाए हुए हैं। विकास चौधरी ने कहा कि बजाज हिंदुस्तान बिलाई मिल गन्ना भुगतान की पॉलिसी से तंग आकर बाटपुरा के किसान क्रय केंद्र परिवर्तन को लेकर पिछले कई महीने से धरने पर बैठे हुए हैं और बाटपुरा के किसानों ने बजाज हिंदुस्तान बिलाई मिल को गन्ना आपूर्ति नहीं की है। इसके बावजूद भी शासन प्रशासन द्वारा बाटपुरा के किसानों करके केंद्र परिवर्तन नहीं किया गया है। जिससे प्रतीत होता है कि शासन प्रशासन जबरदस्ती बिलाई मिल को गन्ना आपूर्ति कराकर किसानों का शोषण करा रहे हैं। विकास चौधरी ने कहा कि ग्राम ऊमरी से मुकरपुर सत्ती तक नहर पर सड़क निर्माण कराने को लेकर संगठन द्वारा कई बार मांग की जा चुकी है लेकिन विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। पानीपत-खटीमा मार्ग पर शादीपुर के निकट प्रस्तावित टोल प्लाजा को लेकर विकास चौधरी ने कहा कि शादीपुर के निकट प्रस्तावित टोल प्लाजा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की गाइडलाइन के अनुसार 60 किलोमीटर से कम दूरी पर प्रस्तावित किया गया है।

विकास चौधरी ने कहा कि किसी भी कीमत पर टोल प्लाजा स्थापित नहीं होने दिया जाएगा। बैठक के दौरान विकास चौधरी ने शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इन मुद्दों का शासन प्रशासन द्वारा शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा एक बड़ा आंदोलन शुरू करेगा।

इस मौके पर राकेश कुमार, मुनेंद्र सिंह, भारत सिंह, संजय सिंह, सचिन कुमार, हरफूल सिंह, देवेंद्र सिंह, पीतम सिंह, नितिन कुमार, सचिन कुमार आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सांसद चन्द्रशेखर पर जारी हमले मनुवादी सोच का नतीजा : खुर्शीद

### आसपा के बढ़ते जनाधार से सामंतवादी व मनुवादी परेशान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद के भावी विधायक माने जा रहे साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के मंडल अध्यक्ष मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर पर पिछले दिनों हुए हमलों की निंदा करते हुए कहा कि यह मनुवादी सोच का नतीजा है। उन्होंने कहा कि आसपा की बढ़ती ताकत व जनाधार से मनुवादी एवं सामंतवादी सोच रखने वाले परेशान है।

उन्होंने कहा कि सांसद चन्द्रशेखर आजाद दबे कुचले समाज की लड़ाई लड़ रहे हैं। वह निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा कर रहे हैं। पूरे देश में जहां भी दबे-कुचले समाज पर अत्याचार होता है, तो सांसद चन्द्रशेखर आजाद वहां पर पहुंच कर मजबूती के साथ विरोध करते हुए आवाज उठाते हैं। उन्होंने दबे कुचले समाज को न्याय दिलाने एवं उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया है। वह ड्राइंग रूम की राजनीति नहीं करते हैं। उनकी पहचान सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने की रही है। जो मनुवादियों एवं सामंतवादियों को पसंद नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई को अब ज्यादा मजबूती के साथ लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के हमलों से न तो सांसद चन्द्रशेखर आजाद घबराने वाले है और न ही पार्टी का कोई कार्यकर्ता डरने वाला है। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अच्छी सोच रखता है। वह पार्टी के लिए पूरी तरह से समर्पित है। उन्होंने कहा कि जहां भी दबे कुचले समाज पर अत्याचार होगा, वहां पर आजाद समाज पार्टी की टीम दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि आज देश व प्रदेश के हालात बद से बदत्तर हो गए है। सिर्फ आजाद समाज पार्टी ही इसके विरोध में आवाज उठा रही है। उन्होंने कहा कि नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में भी किसी के ऊपर अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता सब कुछ देख व समझ रही है। उन्होंने कहा कि अगले विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में आसपा के नेतृत्व में सरकार बनेगी और जनपद के आठों विधायक आसपा के ही होंगे। उन्होंने कहा कि आसपा से आम जनता को काफी उम्मीदें हैं। आसपा इन उम्मीदों को पूरा करने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि हम झूठी घोषणाएं करने पर विश्वास नहीं रखते है और न ही अपने काले कारोबारों को बचाने के लिए सरकार के डर से घरों में कैद होते हैं। उन्होंने कहा कि आसपा से आम जनता तेजी के साथ जुड़ रही है। खासतौर पर युवा वर्ग आसपा में ही अपना भविष्य देख रहा है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**नहटौर।** नहटौर कोतवाली मार्ग पर ग्राम नारायणपुर राम जी उर्फ तेलीपुरा थाना नगीना देहात निवासी जितेंद्र पुत्र सीताराम सिंह उम्र 26 वर्ष अपनी बाइक से कोतवाली मार्ग से सुबह 5:30 बजे आ रहा था। फुलसन्दा के अड्डे पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी तथा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथ ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसकी शिनाख्त कराकर उसके परिजनों को सूचना देकर शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। इस मामले में मृतक युवक के पिता सीताराम पुत्र शादी सिंह ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराकर करवाई किए जाने की मांग की है।

# चरस बरामद होने पर सोनू को तीन साल की सजा

### 2000 रुपये का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** पुलिस एवं अभियोजन विभाग द्वारा की गई प्रभावी पैरवी से न्यायालय द्वारा धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के आरोपी अभियुक्त को 03 वर्ष के कारावास व 2,000/- रूपये के अर्थदण्ड से किया दण्डित किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 जनवरी 2021 को थाना नगीना पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सोनू पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम जलालपुर हसना थाना हीमपुर दीपा जनपद बिजनौर को इसके साथी अभियुक्त वकील के साथ कुल 01 किलोग्राम (प्रत्येक से 500 ग्राम) चरस सहित गिरफ्तार किया गया था।

इस संबंध में थाना नगीना पर मु.अ.सं. 26/21 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया था। विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया था।

इस अभियोग में स्थानीय पुलिस एवं मॉनिटरिंग सैल द्वारा माननीय न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी की गयी एवं अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई, जिसके परिणामस्वरुप बृहस्पतिवार को माननीय न्यायालय ए.डी.जे.-03 / एनडीपीएस एक्ट, जनपद बिजनौर द्वारा मु.अ.सं. 26/21 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के आरोपी अभियुक्त सोनू पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम जलालपुर हसना थाना हीमपुर दीपा जनपद बिजनौर को 03 वर्ष के कारावास व 2000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 15 के सम्पत्ति संख्या 32 जो पालिका के गृहकर / जलकर अभिलेखों में भोले सिंह पुत्र कन्हैया सिंह के नाम दर्ज है। अत: भोले सिंह पुत्र कन्हैया सिंह का नाम निरस्त कर महेश कुमार पुत्र मुन्ने सिंह का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तत्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 13 के सम्पत्ति संख्या 11 जो पालिका के गृहकर / जलकर अभिलेखों में मसूद अहमद पुत्र सदरुद्दीन के नाम दर्ज है। अत: मसूद अहमद पुत्र सदरुद्दीन का नाम निरस्त कर श्रीमति सय्यदा फर्रुख पुत्री मसूद अहमद का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तत्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 13 के सम्पत्ति संख्या 16 जो पालिका के गृहकर / जलकर अभिलेखों में साजिद पुत्र मो. सद्दीक के नाम दर्ज है। अत: मो. साजिद पुत्र मो. सद्दीक का नाम निरस्त कर इनाम अली पुत्र रफीउद्दीन व श्रीमती शगुफ्ता परवीन का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तपश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**न्यायालय-सिविल जज ( जू.डि. ) स्थान-नगीना जिला-बिजनौर**
वाद संख्या-1019/2023
**कामेन्द्र सिंह बनाम शीशपाल सिंह आदि**

1- शीशपाल सिंह पुत्र श्री रणवीर सिंह 2- भूरी पत्नी शीशपाल सिंह निवासीगण-ग्राम इस्लामनगर, कस्बा व परगना -स्योहारा, तहसील धामपुर (बिजनौर)

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत निषेधाज्ञा के दायर की है। लिहाज़ा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 11.03.2025 ई. को प्रतिवादपत्र हेतु बवक्त 10:00 बजे दिन के असालतन या मार्फत के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुछ उमूर अहम मुतालिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिस के पास और कोई शख्स हो जो सवालात की दे सके, हाज़िर हो और जवाबदेही दावा करे कि आपको लाज़िम है। उसी रोज़ जुमला दस्तावेज़ पेश करे जिनपर बताईये अपना जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते है।

आपको इत्तला दी जाती कि अगर बरोज़ मजकूर आप हाज़िर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिर आपका समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक:-11.03.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज ( जू.डि. )**
**नगीना ( बिजनौर )**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मसीत, विकास खण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक मीमो / पंचायत मनरेगा 2024 -2025

**अल्पकालिन निविदा**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत मसीत में असलम के घर से आलम के घर तक मनरेगा/योजना की धनराशि से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2024-2025 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदाएं दिनांक 15/03/2025 को समय पूर्वान्ह 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3 बजे पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 12/03/2025 तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुढाल, विकास खण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक मीमो / पंचायत मनरेगा 2024 -2025

**अल्पकालिन निविदा**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत मुढाल में 1. अर्जुन के घर से नैपाल के घर तक 2. मुनीश अहमद के घर से सुरेन्द्र के घर तक 3. गदनपुरा मार्ग से भोले के घर तक 4. मनोज के घर से सलीम के घर तक तथा 5. गजराम के घर से धर्मपाल के घर तक मनरेगा/योजना की धनराशि से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2024- 2025 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदाएं दिनांक 15/03/2025 को समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायं 3 बजे पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी । निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 12/03/2025 तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

# डा. नृपेंद्र वर्मा को पुण्यतिथि पर किया याद

### शिक्षा को अहम मानते थे डॉक्टर साहब



**शााह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र के जाने-माने चिकित्सक स्व. डा. नृपेंद्र वर्मा को पुण्यतिथि पर याद किया गया।

डॉ. नृपेंद्र वर्मा के पुत्र वरिष्ठ समाजसेवी चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि आज उनके पिता नृपेंद्र वर्मा की पुण्यतिथि है। डाक्टर साहब की लौकिक समाप्ति को 6 वर्ष हो गए हैं पर आज भी समाज और चिकित्सा के लिए दिये गये योगदान के लिए वह दिनकर की भांति प्रकाशमान हो रहे हैं। उनका जन्म गांव लाम्बाखेडा के चौधरी रघुवंश सिह के घर हुआ। डाक्टर साहब शुरू से ही मेधावी रहे और अपनी चिकित्सा की पढाई पूरी कर वह महज 25 वर्ष की उम्र में स्योहारा आकर बस गये। डाक्टर साहब आयुर्वेदाचार्यों चिकित्सक के रूप में जाने जाते थे। आज के चिकित्सक डाक्टर साहब को अपना आदर्श मानते हैं। वह साइकिल पर सवार होकर घर घर रोगियों को उपचार देने जाते थे। डाक्टर साहब की खासियत तो यह थी कि जिससे वह एक बार मिल लेते थे उसे कभी नहीं भुलते थे। डाक्टर साहब का चिकित्सा के क्षेत्र में जब कद बढ़ा तो 1988 में इनकी चिकित्सा और समाजसेवा को देखते हुए तत्कालीन राज्यपाल सुरजभान सिंह ने सम्मानित किया। डा. नृपेन्द वर्मा मेधावियों से हमेशा खुश रहे और अपनी पत्नी स्वर्गीय धर्मवति के नाम से छात्रवृत्ति मेधावियों को देते रहे। साथ ही अपने पिता चौधरी रघुवंश सिह के नाम से वादविवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराते रहे। डाक्टर साहब हमेशा शिक्षा को अहम मानते थे।

उनका कद इतना बढ़ गया कि जनपद भर में नामी गिरामी शिक्षा संस्थान आरएसपी इंटर कालेज नें आजीवन अध्यक्ष रहे और डीआर दानी महिला महाविद्यालय की प्रबंधक कमेटी में सदस्य रहे। समाज सेवा में विश्वविख्यात संस्था रोटरी के कई बार अध्यक्ष भी रहे। डाक्टर सहाब को वेयरफैल सोसायटी, रामलीला कमेटी, जाट सभा, रोटरी क्लब आदि अनेकों संस्थाओं ने सम्मानित किया। जिला निमा ऐसोसिएशन द्वारा समय समय पर अनेकों बार सम्मानित किया गया। डाक्टर साहब से मिलकर ऐसा लगता था मानों सूखी रेत को पानी की ठंठक मिल गयी हो। सदैव आपसी सौहार्द बनाने की बाते करते और हिन्दु मुस्लिम को एकजुट रखते थे। डाक्टर नृपेंद्र वर्मा का जब स्वास्थ्य खराब हुआ तो वह अपने विस्तर पर लेटकर ही रोगियों को उपचार देते थे। वह कहते थे कि मैं इन रोगियों को रोगी नहीं समझता यह तो मेरी दवाई है। डाक्टर साहब अपनी बिमारी से लड़ते लड़ते हार गये और हमेशा सभी को हंसाने वाले 6 मार्च 2019 को हम सभी से हमेशा हमेशा के लिए विदाई ले गये है।

# लापता हो गई भाजपा नेता की भूमि

## सीएम दरबार में हुई शिकायत के बाद भूमि की तलाश शुरू, एसडीएम व तहसीलदार जांच को पहुंचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा सांसद एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के दितनपुर स्थित आवास वाली कॉलोनी में पिछले 13 वर्ष से लापता भाजपा नेता की जमीन तलाशने को तहसील प्रशासन गंभीर हो गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय पर हुई शिकायत के बाद धामपुर तहसील प्रशासन ने कॉलोनी पहुंच निरीक्षण किया। कॉलोनी में अचानक से प्रशासन की गतिविधियां देख दो दर्जन से अधिक मकान एवं भू स्वामियों में हड़कंप मचा है।





धामपुर के गांव सरकड़ा निवासी भाजपा नेता दयाशंकर राणा ने वर्ष 2012 में अपनी पत्नी रेनू चौहान के नाम दितनपुर में 2550 वर्ग मीटर जमीन का बैनामा 19 नवंबर 2012 को कराया था। समाजवादी पार्टी की अखिलेश सरकार में भाजपा नेता के द्वारा खरीदी गई जमीन का दाखिल खारिज ना होने का आरोप भाजपा नेता खुद लगाते हैं। 2024 में जब जमीन की बाबत याद आई तो भाजपा नेता ने धामपुर तहसील प्रशासन से मिलकर समाजवादी पार्टी सरकार में खरीदी गई जमीन पर कब्जा दिलाने की गुहार लगा दी। भाजपा नेता के द्वारा अपनी ही सरकार में खरीदी गई जमीन दिलाने के लिए प्रशासन ढाई कदम चलने के बाद फिर से शांत बैठ जाता। भाजपा नेता ने अपनी सरकार में अधिकारियों की सुस्त कार्यशैली देखी तो भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से अधिकारियों को फटकार लगवा दी। इसका नतीजा यह हुआ कि धामपुर तहसील प्रशासन के द्वारा करीब 6 महीने पहले दो दर्जन से अधिक भू एवं मकान स्वामियों को नोटिस जारी कर दिए गए। बताते हैं नोटिस जारी होने के बाद भी जमीन मिलने का कोई रास्ता नहीं मिला तो भाजपा नेता दयाशंकर राणा ने मुख्यमंत्री दरबार तक अप्रोच लगाई, जिसके बाद अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

गुरुवार को एसडीएम कुंवर बहादुर सिंह, तहसीलदार पवन कुमार, हल्का लेखपाल राकेश कुमार आदि को लेकर मौके पर पहुंच गए। प्रशासनिक अधिकारियों का अमला देख कॉलोनीवासियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने कॉलोनी में बने दो दर्जन से अधिक मकान का निरीक्षण किया। राजस्व विभाग का नक्शा चेक किया। काफी समय निरीक्षण में गुजारने के बाद उपजिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि दयाशंकर राणा की शिकायत पर भूमि की जांच के लिए आए हैं। फिलहाल भूमि का निरीक्षण किया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर कॉलोनी के निवासियों ने भाजपा नेता के दबाव में प्रशासन पर जानबूझ कर परेशान करने का आरोप लगाया। एडवोकेट धीरज चौधरी ने बताया की कॉलोनी के 58 नंबर भूमि का दो बार बैनामा हुआ है। भाजपा नेता के बाद दोबारा जमीन खरीदी गई है। भाजपा नेता के बैनामे में चौहद्दी खुली हुई नहीं है तथा वह जानबूझकर परेशान कर रहे है। कॉलोनी वासियों ने प्रशासन से पूरे मामले की जांच कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। उधर भाजपा नेता दयाशंकर राणा का कहना है कि कॉलोनी में बने मकान बिना अनुमति के बनाए गए हैं। वह अपनी जमीन बचाने के लिए प्रयास कर रहे हैं, किसी को परेशान करने की उनकी मंशा नहीं है। वह तो केवल अपनी भूमि तलाशने के लिए प्रयासरत हैं।

# सरकार की किसान विरोधी नीतियों से किसान परेशान

## भाकियू महात्मा टिकैत ने पैदल मार्च निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** गन्ना मूल्य वृद्धि सहित अनेक मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत ने पैदल मार्च निकाला।

किसानों ने गन्ना मूल्य वृद्धि, महंगाई और भ्रष्टाचार के प्रति उदासीन होने पर रोष व्यक्त किया। किसानों ने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों से किसान परेशान हैं। लगातार महंगाई बढ़ने के बाद भी किसानों की फसलों के दाम नहीं बढ़ाए जा रहे। जिससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है। किसानों ने गंगा एक्सप्रेसवे को बिजनौर से निकालने की मांग को भी उठाया।

एसडीएम कार्यालय में दिए गए ज्ञापन में किसानों ने जिले में हाईवे निर्माण मानकों के अनुरूप बनाने, नदियों में चल रहे अवैध खनन को रोकने, विद्युत निगम द्वारा किसानों का उत्पीड़न बंद कराने, गुलदार के आतंक से किसानों को राहत दिलाने सहित कई मांगें शामिल हैं। ज्ञापन देने के बाद भाकियू टिकैत के किसान नगीना, धामपुर, चांदपुर में पैदल मार्च के लिए रवाना हुए। पैदल मार्च में जिला उपाध्यक्ष कुलदीप मोर, जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा कफील अंसारी, जिला प्रभारी राजवीर चौधरी, जिला संगठन मंत्री जगवीर सिंह, जिला महासचिव विकास चौधरी, सतपाल शर्मा, सज्जाउद्दीन, कृष्णा पाल सहित कई किसान और कार्यकर्ता शामिल रहे। डीएम ने ग्राम रामपुर चाठा के ग्रामीणों को मुख्य मार्ग, बिजली, पानी की समस्याएं दूर कराने सहित ग्राम का विकास कराने का आश्वासन दिया। प्रशासन को पेयजल टंकी निर्माण स्थल का जल्द चिह्नित करने के निर्देश दिए। राजगढ़ वन क्षेत्र से लगे विकास से उपेक्षित गांव रामपुर चाठा का डीएम ने सीडीओ पूर्ण बोरा और जिले के अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

## स्वास्थ्य कर्मचारियों की बैठक



**कोतवाली देहात।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य कर्मचारियों की बैठक में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलाने का आह्वान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी विशाल दिवाकर ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र को मिलना चाहिए। 100 डे टीबी कैंपेन एक महत्वपूर्ण योजना है। टीबी के मरीजों को नियमित दवाई देना तथा देखभाल करने का लक्ष्य है। कुष्ठ खोजी अभियान, नियमित टीकाकरण का सर्वे, गैर संचारी रोग कार्यक्रम, आभा आईडी जननी सुरक्षा योजना, परिवार नियोजन कार्यक्रम सहित सभी योजनाओं का लाभ पात्रों को मिलना चाहिए। इस संबंध में आशा कार्यकत्रियों, एएनएम,सी एच ओ को निर्देश दिए। बैठक में अमन बंसल, हर्षित बिश्नोई, खुर्शीद आलम, सौरभ आर्य, सीमा, राजेश कुमार, बिजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# पालिका के सुंदर लैम्पों का शुभारंभ

## चौधरी फहीमुर्रहमान ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा लगातार विकास कार्यों को गति देते हुए चेयरमैन फैसल वारसी के द्वारा नगर के सभी मुख्य चौराहे एवं सभी धार्मिक स्थान पर लगे सुंदर लैंम्पों का चौधरी फहीमुर्रहमान ने बटन दबाकर उद्घाटन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को नगर पालिका चेयरमेन फैसल वारसी के निवास के पास मिनी पार्क में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के मुख्य चौराहे एवं धार्मिक स्थान के गेटों पर लगे नगर पालिका द्वारा सुंदर लैम्पों का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर ज्यादा जानकारी देते हुए नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी ने बताया कि नगर के तमाम मुख्य मार्गों पर यह सुंदर लैम्प लगाए जा चुके हैं और धार्मिक स्थानों पर भी लग चुके हैं। यह लैम्प नगर के सभी मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा के द्वारों पर लगाए जाएंगे। कुछ जगह अभी बाकी है, उन पर काम चल रहा है।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष चौधरी फहीमुर्रहमान ने नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी व अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल और सभी सभासदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिका द्वारा यह सुंदर लैम्प जो लगाई जा रहे हैं, यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। इससे हमारे नगर के सभी मुख्य चौराहे एवं सभी धार्मिक स्थानों की सुंदरता बढ़ेगी। चेयरमैन फैसल वारसी के द्वारा पहले भी आई लव स्योहारा के बोर्ड लगाए गए और नगर के मुख्य मार्गों पर रंग बिरंगी चमचमाती हुई लाइटों से सजाया गया जो रात के समय में बहुत ही सुंदर नजर आती है। इस मौके पर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी के द्वारा मुख्य अतिथि चौधरी फहीमुर्रहमान, हाजी गफ्फार उर्फ हजरत जी का फूलमालाओं से स्वागत किया गया।

इस मौके पर नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता महफूज चौधरी, आरिफ गांधी, शुएेब अंसारी, वली उर रहमान, वारिस चौधरी, अजीम चौधरी, जुनैद मालिक, इफ्तेखार अंसारी, अरशद चौधरी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सभासद ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

**नजीबाबाद।** नगर पालिका परिषद के सभासद एवं जिला योजना समिति बिजनौर के सदस्य सरफराज अहमद ने अपने वार्ड का भ्रमण कर अपने वार्ड में हो रहे सड़क निर्माण स्थल पर पहुंचकर निर्माण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वहां उपस्थित ठेकेदार से उपरोक्त ठेकेदार से उपरोक्त सड़क निर्माण में मानक के अनुरूप सामग्री लगाए जाने के लिए कहा। श्री अहमद ने कहा कि वह अपने वार्ड में जरूरत के मुताबिक निर्माण कार्य करा रहे है। जरूरत के सभी निर्माण कार्य करा रहे है। जरूरत के सभी निर्माण कार्य एवं अन्य कार्य कराये जाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वार्ड वासियों को दिक्कत नहीं होने दी जाएगा। वार्ड में जिस काम की भी जरूरत होगी उसे नगर पालिका से कराया जाएगा। साथ ही सभी निर्माण कार्य मानक के अनुरूप कराये जाएंगे।

### स्वर्ण रथ यात्रा धूमधाम से निकाली



**धामपुर।** 140 वां स्वर्ण रथ यात्रा महोत्सव बड़ा जैन मंदिर से प्रारंभ हुई। जो परंपरागत नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई धूमधाम से निकल गई। जिसका कई स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा एवं आरती कर स्वागत किया गया। स्वर्ण रथ यात्रा का बड़ी मंडी में निखिल जैन के प्रतिष्ठान पर स्वागत एवं भगवान महावीर की स्वर्ण प्रतिमा का अभिषेक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के लोग शामिल रहे। बड़ा जैन मंदिर में आरती की बोली लगाई गई, जिसमें ख्वासी की बोली निखिल जैन, सारथी की आयुष जैन, इंद्र की प्रवीण जैन, दीपक जैन, आरती की राखी जैन, सारांश जैन, मंगल कलश की विशाल जैन की बोली रही। स्वर्ण रथ यात्रा में भगवान महावीर का मस्तक अभिषेक की झांकी, पार्श्व नाथ उपसर्ग की झांकी, चंद्रप्रभा का निर्माण की झांकी, अष्ट कन्या नृत्य एवं स्वर्ण रथ यात्रा की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। बड़ी मंडी में महावीर का अभिषेक करने वालों में अभिषेक जैन, निखिल जैन, आयुष जैन, गीता जैन, ऋचा जैन आदि शामिल रहे। रथ यात्रा बड़ा जैन मंदिर से शुरू होकर मोहल्ला बड़वान, मछली बाजार, फल चौक, ऊंची मस्जिद से होते हुए स्टेशन रोड होते हुए आर्य समाज, बड़ी मंडी, भगत सिंह चौक, खांरी कुआं, पहाड़ी दरवाजा होते हुए बड़ा जैन मंदिर में आकर संपन्न हुई। स्वर्ण रथ यात्रा में संजीव जैन, दिवाकर जैन, निखिल जैन, अभिषेक जैन, सारांश जैन, सार्थक जैन, आलोक जैन, अवधेश जैन, प्रदीप जैन, दीपक जैन, मनोज जैन, विजय जैन, सीमा जैन, ममता जैन, गीता जैन, राखी जैन आदि शामिल रहीं।

### महिलाओं के लिए रोजगार मेला आज

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि आज 7 मार्च को प्रात: 10:00 बजे से राजकीय आईटीआई, बिजनौर में उत्तराखंड की हीरो मोटर कॉर्प द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा जिसमें किसी भी आईटीआई से वर्ष 2022, 2023 अथवा 2024 में किसी भी टेक्निकल ट्रेड से आईटीआई कर चुकी केवल महिला अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों के साथ सम्मिलित हो सकती हैं। कंपनी में चयनित महिलाओं को रुपए 23,626 प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी राजकीय आईटीआई, बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश शर्मा से उनके मोबाइल नंबर 9897638638 पर की जा सकती है।

### नए बढ़े टैक्स को न लगाने की मांग



**चांदपुर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी चांदपुर यूनिट ने अधिशासी अधिकारी के नाम लिखे पत्र में नई टैक्स नीति को न लागू करने तथा पुरानी टैक्स नीतिनुसार ही जनता से कर वसूली करने की अपील की है। कामरेड बदरूल इस्लाम ने कहा कि नई टैक्स नीति आमजन के लिये बेतहाशा अधिक है जो कि गरीब व आम आदमी के लिये न देने योग्य होगी और अकारण ही गरीब व आम आदमी पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। साथ ही अनावश्यक बोझ से गरीब टैक्स अदा न कर पायेगा। भाकपा के नेता कामरेड ए.एस. सैनी ने कहा कि यदि पालिका ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी नगर पालिका का घेराव करेगी और आन्दोलनात्मक कदम उठाने से नहीं चूकेगी। उधर पत्र में कामरेड बदरूल इस्लाम ने कहा कि टैक्स नीति गरीब ही नहीं बल्कि हर आम आदमी के लिये बहुत अधिक है, इसे न लगाया जाये। उन्होंने नई टैक्स नीति को फिलहाल न लागू करने की मांग की है। अधिशासी अधिकारी के नाम लिखे पत्र पर कामरेड परवीन सिंह, कामरेड बदरूल इस्लाम, कामरेड रिषीपाल सिंह, का. अरविंद चौधरी, का. दयाराम सिंह, जय सिंह, ब्रजलीस, छोटे सिंह सैनी, जसराम सिंह आदि के नाम व हस्ताक्षर है। इससे पहले भाकपा कार्यकर्ताओं ने चांदपुर क्षेत्र की अनेक समस्याओं के समाधान हेतु एक मांग पत्र एसडीएम चांदपुर को भी दिया।

# भाईचारे के साथ मनाएं होली: सोनकर

## दूसरों की भावनाओं का रखें ख्याल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रायपुर सादात।** थाना नगीना देहात में आयोजित शांति समिति की बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत कुमार सोनकर ने कहा होली का पर्व भाईचारा और सांप्रदायिक सौहार्द का पर्व है। इसे भाईचारे से मना कर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल कायम करें।



उन्होंने कहा कि रंग खेलते समय एक-दूसरे समुदाय की भावनाओं का आदर करें और होली पर कोई नई परंपरा न शुरू की जाए। यदि इस दौरान कोई शरारती तत्व माहौल को बिगाड़ने की कोशिश करेगा, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक को उप जिला अधिकारी नगीना ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए नगीना पुलिस क्षेत्राधिकार भरत कुमार सोनकर ने धर्म गुरुओं, होली जुलूस के आयोजकों, समाजसेवियों और ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा इस देश में मनाए जाने वाले धार्मिक पर्व हमारी गंगा जमुनी तहजीब का हिस्सा है। हमारे धार्मिक पर्वों में हमेशा भाईचारा देखने को मिलता है। एक दूसरे की भावना का हमेशा ख्याल रखा जाता है। एक-दूसरे के धर्म पर मिष्ठान का भी वितरण किया जाता है। हमारे देश में अनेक जाति धर्म के लोग अपनी-अपनी परंपरा के अनुसार अपना पर्व मनाते हैं। लेकिन इन पर्व के मौके पर हमेशा ख्याल रहे कि कोई नई परंपरा ना डाली जाए। होली का जुलूस शांति और अमन के साथ निकालकर भाईचारे का पैगाम दे और जुलूस के जिन रास्तों पर और जिन गांवों में अन्य धर्म के धर्म स्थल पड़ते हैं, उनका आदर सम्मान किया जाए। रंग खेलते समय विशेष सावधानी बरती जाए। उन्होंने कहा होली के दिन जुमे का दिन है। उसी दिन लोग नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में जाते हैं। इस दौरान विशेष सावधानी रखी जाए। पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत कुमार सोनकर ने कहा यदि इस दौरान किसी शरारती तत्व ने अमन को पलीता लगाने की कोशिश की, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। किसी भी शरारती तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक को नगीना उप जिला अधिकारी आशुतोष राम प्यारे जायसवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि वह चाहते हैं क्षेत्र में अमन और भाईचारे के साथ होली का त्यौहार मनाया जाए और एक दूसरे की भावनाओं का आदर रखें। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने भी अपने संबोधन में कहा कि वह अपने थाना क्षेत्र में किसी भी तरह की गलत हरकत को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस दौरान कोई नई परंपरा ना डाली जाए ताकि धार्मिक सौहार्द बना रहे। सौहार्दपूर्ण माहौल में होली का पर्व मना कर भाईचारे का पैगाम दे। बैठक को ग्राम प्रधान राहुल हुड्डा, पूर्व ब्लाक प्रमुख चौधरी कुलबीर सिंह, प्रधान महेंद्र सिंह फौजी, मौहम्मद अशरफ अंसारी, संदीप चौहान, जिला पंचायत सदस्य मौहम्मद रफी अंसारी आदि गणमान्य लोगों ने संबोधित किया।

# चेयरमैन फैसल वारसी को हार्टअटैक

## मुरादाबाद अस्पताल में भर्ती हालत में सुधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी को हार्ट अटैक आया। तबियत बिगड़ने पर उन्हें मुरादाबाद अस्पताल में भर्ती कराया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम नगर पालिका द्वारा लगाए गए लैंम्पों के उद्घाटन के बाद रात्रि करीब 2 बजे चेयरमैन फैसल वारसी को सांस लेने में अचानक परेशानी होने लगी। इसके बाद तुरंत उनके समर्थक जुनैद मलिक, शुऐब अंसारी, वारिस चौधरी, अजीम चौधरी व उनके परिजनों द्वारा उनको मुरादाबाद के एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार के लिए ले गए। जहां पर डॉक्टरों द्वारा चेकअप करके बताया गया कि इनको बहुत तगड़ा हार्ट अटैक आया है तुरंत उनको आईसीयू में रखा गया। जुनैद मलिक ने बताया कि रात से ही चेयरमैन फैसल वारसी की हालत नाजुक बनी हुई है। चेयरमैन फैसल वारसी को हार्ट अटैक की जानकारी नगर में फैलते ही उनके शुभचिंतकों में गम फैल गया और उनके निवास पर एकत्र होना शुरू हो गए। नगर के तमाम घरों में गरीबों के मसीहा चेयरमैन फैसल वारसी के लिए दुआएं शुरू हो गई ताकि ईश्वर उनको जल्दी सही करके उनके बीच फिर लाये। चेयरमैन फैसल वारसी के परिवार ने नगर के सभी लोगों से फैसल वारसी की सलामती के लिए दुआओं की दरखास्त की है। समाचार लिखे जाने तक फैसल वारसी की हालत में कुछ सुधार की जानकारी मिल रही थी।

# वार्षिकोत्सव उमंग में विद्यार्थियों ने पेश किए मनोहारी कार्यक्रम

## उमंग उत्सव अत्यंत सफल और कभी न भूलने वाला अनुभव : राजा भारतेन्द्र सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मुख्य अतिथि राजा भारतेंद्र सिंह, पूर्व सांसद द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ उमंग सांस्कृतिक समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। जिसकी प्रस्तुति दीक्षा, पलक, राखी, सगुन, आयुषी और लता द्वारा की गई। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत साल और पुष्प गुच्छ के साथ किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राम अवतार सिंह, भूतपूर्व न्यायाधीश इंजीनियर मौअज्जम चेयरमैन नगर पालिका नजीबाबाद, अमरजीत सिंह मंडल उपनिदेशक अलीगढ़, शोभित शर्मा निदेशक आकाशवाणी नजीबाबाद, अरुण कुमार प्रबंधक साहू जैन कॉलेज रहे। इस कार्यक्रम में स्वागत गीत साधना, अंजलि, निष्ठा, दिव्यम, उदित, जयदेव और देवाशीष ने प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर मनीष कुमार गुप्ता ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में साहू जैन कॉलेज द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'क्षितिज' का विमोचन किया गया। इसके पश्चात रिपोर्ट कार्ड वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर परमिल द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम की महत्वपूर्ण गतिविधियों में सांस्कृतिक गतिविधियां रही। जिसमें गरबा नृत्य प्राची, अनु, दिवस, साक्षी और शगुन द्वारा प्रस्तुत किया गया। म्यूजिकल नृत्य सलोनी, नेहा, मरियम, निशा, सलोनी राजपूत और मुस्कान द्वारा प्रस्तुत किया गया। गीत 'अभी मुझ में कहीं' पलक, राखी और नंदिनी द्वारा प्रस्तुत किया गया। देश भक्ति नृत्य सोनू, उदित, जयदेव, आकाश, कनक और कमलप्रीत कौर द्वारा प्रस्तुत किया गया। आरंभ नृत्य रोशनी, उजाला, निशु मानसी, नेहा और कल्पना द्वारा प्रस्तुत किया गया । कविता की प्रस्तुति श्रुति ने किया। गीत 'अय गिरी' नंदिनी, दिव्यम, कुलवीर और साधना द्वारा प्रस्तुत किया गया । राजस्थानी नृत्य मानसी, संजना, इति काशआ, उमा, कशिश, सोनी और पल्लवी द्वारा प्रस्तुत किया गया। राधा कृष्ण नृत्य की प्रस्तुतियां शहजादी, खुशबू, काजल, सदफ, आकांक्षी, तराना, मोनिका और शालू ने प्रस्तुत किया। गीत 'अल बेला सजन आयो रे' संगीत विभाग डॉ. दीपक त्रिपाठी के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया। ताल से ताल मिला नृत्य विशाखा ने प्रस्तुत किया। हरियाणवी नृत्य रिया, गंगा, नैना, जीविका, तनीषा, निशु, प्राणिया और निशा ने प्रस्तुत किया। भांगड़ा देवाशीष, दिव्यम, यशवीर, साक्षी, अदीब और नैना द्वारा प्रस्तुत किया गया। गीत रहे ना रहे शिफा, नंदिनी, पलक, राखी, साधना, निष्ठा, अंजलि, इसीका द्वारा प्रस्तुत किया गया। ग्रैंड फिनाले नृत्य में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से प्रस्तुत किया।

विशिष्ट अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में और अधिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि के रूप में राजा भारतेन्द्र सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को उजागर करना और उन्हें एक मंच प्रदान प्रदान करने का बहुत ही सुगम माध्यम है। उन्होंने छात्रों के द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की जम कर सराहना की। उमंग उत्सव अत्यंत सफल और कभी न भूलने वाला अनुभव बताया। मुख्य अतिथि, महाविद्यालय के प्रबंधक अरुण कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। प्रेरणादायक भाषण में उन्होंने छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने, लक्ष्य निर्धारित करने और अपने करियर में सफलता प्राप्त करने के लिए परिश्रम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, समर्पण और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में अशोक स्तम्भ प्रदान किया गया। अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बी एस तोमर ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए विशेष अवसर है। साहू जैन कॉलेज के उमंग वार्षिक समारोह का यह आयोजन पूरे उत्साह, उमंग और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। यह सब केवल आपके सहयोग और समर्थन से ही संभव हो पाया है। प्राचार्य ने सबसे पहले उमंग उत्सव में पधारे मुख्य अतिथि राजा भारतेन्द्र सिंह पूर्व विधायक एवं सांसद को दिल से धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने अपने बहुमूल्य समय में से समय निकालकर हमारे समारोह की गरिमा बढ़ाई और विद्यार्थियों को अपने प्रेरणादायक विचारों से प्रोत्साहित किया। आपके शब्द हमारे छात्रों के लिए मार्गदर्शक बनकर उनके भविष्य को संवारने में सहायक होंगे। इसके पश्चात प्राचार्य ने हमारे विशिष्ट अतिथियों का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी की विशेष उपस्थिति ने इस आयोजन को और अधिक भव्य और प्रेरणादायक बना दिया। शिक्षकगण इस संस्थान की आधारशिला हैं। उनके समर्पण, मार्गदर्शन और मेहनत से ही हमारे छात्र सफलता की ओर बढ़ा रहे हैं। जो न केवल शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों से भी परिचित कराते हैं।

उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं ने आज जिस उत्साह, अनुशासन और प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वह सराहनीय है। यह देखकर हमें गर्व होता है कि हमारा युवा वर्ग इतना सक्षम, रचनात्मक और ऊर्जावान है। आप सभी को इस शानदार प्रस्तुति और उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई। इसके साथ ही मैं इस आयोजन को सफल बनाने के लिए हमारी आयोजन समिति, कॉलेज प्रशासन, तकनीकी टीम और सभी कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त करता हूं। आपके प्रयासों से ही यह कार्यक्रम इतनी सुचारू रूप से संपन्न हो पाया है। अभिभावकों का भी विशेष धन्यवाद देना चाहता हूं, जो हमारे संस्थान के अभिन्न अंग हैं। आपकी भागीदारी, सहयोग और विश्वास के बिना हम अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते थे। इस शानदार आयोजन की सुखद स्मृतियां हमारे साथ रहेंगी। हम अगले वर्ष इससे भी बेहतर आयोजन करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में संचालन डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ.अनिंदिता, डॉ. जसवंत, रूमान के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के सभी सदस्यों के सक्रिय सहयोग के द्वारा ही यह कार्यक्रम संभव हो सका। महाविद्यालय के द्वारा 16 समितियों के माध्यम से वार्षिक उत्सव उमंग को सफल बनाया गया।

# रात से गायब युवक की धारदार हथियार से गर्दन रेतकर हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** सरसों के खेत में शव मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पाकर आनन-फानन में पहुंची पुलिस ने लाश को कब्ज़े में लेकर पहचान करायी जबकि जानकारी मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक ने फोरेंसिक टीम के साथ निरीक्षण किया और जानकारी की। जबकि फारेंसिंक टीम ने आसपास मिले कुछ सामान और नमूने एकत्र किए।

असमोली थाना क्षेत्रान्तर्गत असमोली से लोदीपुर को जाने वाले मार्ग पर धामपुर बायो आर्गेनिक (शुगर मिल)असमोली से 500 मीटर दूर सरसो के खेत किनारे एक शव दिखाई दिया। जिसकी पहचान विजय सिंह पुत्र मुंशी राम (30) के रूप में हुई। शव मिलने की सूचना पुलिस को दी गई। आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्ज़े में ले लिया। जानकारी मिलते ही क्षेत्रधिकारी असमोली व फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और मौका मुआयना किया।

### ○सरसों के खेत में मिला शव पुलिस ने पीएम को भेजा

फॉरेंसिक टीम ने मौके से कुछ जरूरी सैंपल इकटठे किए जिनको जांच के लिए भेजा जाएगा। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा था जिसकी शादी 7 साल पहले ग्राम सैदपुर निबोला निवासी सोनम से हुई थी। जिसके पास दो छोटे बच्चे भी हैं। मृतक मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण किया करता था। बीती सांय 6:00 बजे से घर से गायब था। परिजनों द्वारा रात भर काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला तथा सुबह होने पर परिजनों को जानकारी मिली कि प्रेम सिंह के सरसों के खेत के किनारे एक शव मिला है जिसकी पहचान विजय सिंह के रूप में की गई। मृतक की गर्दन पर किसी धारदार हथियार से वार किया गया था। घटनास्थल पर काफी खून बह जाने से मृत्यु होने की आशंका जताई गयी है। हत्या की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की हत्या क्यों की गई इसके कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है परिजन की और से भी कोई जवाब नहीं दिया गया है,लेकिन जिस खेत में लाश मिली है उसके आसपास में एक एक पानी की बोतल पड़ी मिली जबकि एक शराब की बोतल भी मिली। जिससे माना जा रहा है कि हत्या करने से पूर्व हत्यारों ने शराब का सेवन किया होगा।



सम्भल। मुख्य कार्यकारी अधिकारी परती भूमि निरीक्षण के दौरान जानकारी करते डा. हीरालाल।

चेतावनी के साथ कुछ के वेतन रोकने का निर्णय

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में लापरवाहों पर डीएम नाराज़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में लापरवाहों को चेतावनी दी जबकि कुछ पर वेतन रोकने की गाज गिरी।

कलक्ट्रैट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बहजोई, पंवासा और रजपुरा के ब्लॉक लेखा प्रबंधकों को सुधार के निर्देश देते हुए अंतिम चेतावनी दी गई। जबकि आशा कार्यकर्ताओं को हिदायत दी गई कि वे अपने कार्यक्षेत्र में मौजूद रहें और गांव से बाहर न जाएं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए। जिलाधिकारी ने सभी योजनाओं के लाभार्थियों को समय से शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। टीकाकरण से मना करने वाले परिवारों की सूची संबंधित एसडीएम को सौंपने के आदेश दिए। निष्क्रिय आंगनबाड़ियों पर सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें हटाने की चेतावनी दी गई। इसके अलावा, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि टीकाकरण और डिलीवरी के बाद सभी आवश्यक प्रविष्टियां यू-विन पोर्टल पर समय से की जाएं।डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सभी जिम्मेदार अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इससे योजनाओं की प्रभावी निगरानी और सुधार की संभावनाओं पर कार्य किया जा सकेगा।इस मौके पर सीएमओ डा. तरुण पाठक, एसीएमओ डा. पंकज बिश्नोई, बीएसए, डीपीओ, संजीव राठौर, डा. संतोष कुमार, अरबाब मेहंदी, प्रवीन कुमार, अरशद रसूल, मनु तेवतिया, निसार खान समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रयागराज से आई भगवा 120 त्रिशूल यात्रा पहुंची

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर में प्रयागराज से आ रही भगवा त्रिशूल यात्रा स्वागत पुष्प वर्षा व पूजा अर्चना करके किया गया।

### ○पुष्प वर्षा व पूजन अर्चन कर किया गया भव्य स्वागत

यात्र में 12 ज्योतिर्लिंग 4 धाम 12 शक्तिपीठों की यात्रा के बाद 120 त्रिशूलों की भव्य शोभायात्रा बदायूँ जिला संयोजक राजेश यादव की अगुवाई में गुन्नौर उसके बाद बबराला पहुँची। प्रयागराज से दिल्ली का सफर तय कर रही यात्रा ने बदायूँ जिले से गुन्नौर में प्रवेश किया। यात्रा के स्वागत को गुन्नौर के निर्धारित स्थान ग्राम जगन्नाथपुर, गुन्नौर जुलेहपुरा पुलिया व बबराला इंद्रा चौक पर स्वागत कार्यक्रम हुआ। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय, विनय वार्ष्णेय, उमाकांत शर्मा, इंदीवर सिंह, जूलियस सीजर, डिम्पल वार्ष्णेय, नितिन, प्रशान्त अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, पोशाकी आदि रहे।

## एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान कर मनाएं पर्व

**सम्भल।** थाना हयात नगर में पीस कमेटी की बैठक में सभी से एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने पर ज़ोर दिया और किसी पर जबरदस्ती रंग न लगाने के साथ केमिकल के रंग का इस्तेमाल न करने का भी आहवान किया। वक्ताओं ने कहा कि जिस जगह रंग हो रहा है वहां पर मुस्लिम भाई नहीं जाएं. और आपसी सदभाव के साथ अपने त्यौहार को प्रेम पूर्वक मनाएं. बैठक में उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी कोतवाली प्रभारी व संजय वार्ष्णेय, नीरज बजाज, जयप्रकाश गुप्ता, कल्लू भाई, अतुल गुप्ता, अरविन्द शर्मा, विपिन गुप्ता, जीशार्न, आरिर्फ, ताहिर्फ, शुभम आर्य आदि मौजूद रहे।

# मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सौंपी चाबी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी ,परती भूमि विकास उत्तर प्रदेश डा.हीरालाल ने परियोजना डब्लू डी सी पवांसा के अंतर्गत विकास खंड पवांसा के ग्राम भवानीपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत क्लस्टर बनाते हुए महिलाओं की ट्रेनिंग और उत्पादों की बिक्री के साथ ही मूर्ति देवी फार्मर प्रोडयूसर कम्पनी के लाभार्थी रोहित को ट्रैक्टर की चाबी सौंप कर प्रतीकात्मक रूप से वितरण किया। इसके साथ ही लोगों को जल संरक्षण, पेड़ लगाओ पेड़ जियाओ और प्लास्टिक से मुक्ति के साथ ही जल के दोहन को कैसे कम किया जाए जिससे जल स्तर सामान्य रहे इस मौके पर उपकृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी माइक्रो वाटरशेड कोड के अध्यक्ष विष्णु कुमार भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह सी ल एफ की अध्यक्ष अनुपमा अवर अभियंता सौरव पाल, लेखाकार अमित एवं अन्य ग्राम वासी उपस्थित रहे। तत्पश्चात मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा से वार्ता की।

शलभ दीप गोयल के दिल्ली न्यायिक सेवा में चयन होने पर किया स्वागत व सम्मान

# विद्वान बनने में शिक्षकों ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नगर के होनहार युवक का दिल्ली न्यायिक सेवा में चयन होने पर विद्यालय परिवार ने स्वागत व सम्मान किया,जबकि विद्यालश के छात्र रहे शलभ ने शिक्षकों का आभार प्रकट किया।

नगर के मौहल्ला कोट पूर्वी निवासी अधिवक्ता विनेश गोयल के पुत्र शलभदीप गोयल ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा नगर के बाल विद्या मंदिर, में हासिल की थी। होनहार छात्र शलभ दीप गोयल ने दिल्ली न्यायिक सेवा परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने अंतिम मेरिट सूची में 19वीं रैंक प्राप्त कर अपने परिवार, स्कूल और शिक्षकों का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य मनीष पंवार ने बताया कि शलभ हमेशा से ही पढ़ाई में उत्कृष्ट रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2012 में कक्षा 10वीं में 9.8 सीजीपीए और वर्ष 2014 में विज्ञान संकाय में 12वीं की परीक्षा में 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। शलभ की इस उपलब्धि से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। उनके पिता, वीनेश कुमार गोयल, अपने पुत्र की इस उपलब्धि से अत्यंत प्रसन्न हैं और उन्होंने बाल विद्या मंदिर के शिक्षकों का आभार प्रकट किया, जिन्होंने शलभ के शैक्षिक मार्ग को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिल्ली न्यायिक सेवा में चयन होने पर शलभ दीप गोयल ने बाल विद्या मंदिर का दौरा किया और अपने प्रिय शिक्षकों, सुनील कुमार सिंह, नितिन वर्मा और विनीत सिंह से मुलाकात कर अपनी उपलब्धि को साझा किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकोंको दिया और कहा कि शुरुआती वर्षों में मिली शिक्षा ने ही उन्हें एक बेहतर विद्वान बनने में मदद की।

## आतम रक्षा की ट्रैनिंग दी

**सम्भल।** जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण में पीएम श्री विद्यालय बबराला में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें, सुरेश कुमार व रेखा ने फ्रंट किक, साइड किक, फेस पटैनिंग दी।

होली पर्व के मददेनजर डीएम के आदेश पर चला अभियान

# खाद्य सुरक्षा टीम ने भरे नमूने

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** होली पर्व पर मिलावटी खाद्यय पदार्थ की बिक्री पर अंकुश लगाने खाद्य सुरक्षा विभाग सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी की आदेश पर छापामार कर विभागीय अधिकारी ने मिष्ठान और खाद्यय तेल के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे।

होली का पर्व नजदीक है। होली पर मिष्ठान कि अलावा अन्य खाद्य पदार्थ बनाये जाते है। जिसमें मिलावटी खोया और अन्य सामान की बिक्री चरम पर होती है। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के आदेश पर खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन की टीम ने गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गढ़ी बिचोला स्थित फैसल खान स्वीट्स से रंगीन रसगुल्ला का नमूना तथा नगर पंचायत गुन्नौर स्थित माया स्वीट्स से खोया का नमूना तथा गवां नगर पंचायत में स्थित प्रदीप अग्रवाल के स्पेलर से सरसों का तेल तथा मोहनलाल एंड संस के प्रतिष्ठान से नमकीन का नमूना संग्रहित किया। सभी संग्रहित नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही अगली कार्यवाही की जायेगी। विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# ईद की तरह गले मिलकर सदभाव के साथ मनाएं होली

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** रमज़ान के पवित्र माह और जुम के दिन होली पर्व शांति पूर्वक व सदभाव के साथ सम्पन्न कराने को पुलिस-प्रशासन की कवायद तेज हो गयी है। एसडीएम व सीओ ने संयुक्त रूप से बैठक का आयोजन कर रंगों से परहेज करने वालों से घरों से बाहर नहीं निकलने और सभी गिले शिकवों को दूर कर गले मिलकर ईद की तरह होली का पर्व मनाने की अपील की।

गुरुवार को कोतवाली में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा और सीओ अनुज चौधरी ने गणमान्य लोगों बैठक ली। बैठक में होली और रमजान माह सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। सीओ अनुज चौधरी ने कहा कि होली का पर्व साल भर में एक बार आता है, जबकि जुम्मा 52 बार आता है। जैसे ईद एक बार आती है वैसे ही होली भी आती है। दोनों त्यौहार हर समुदाय के लिए विशेष हैं, इसलिए इन्हे मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होने कहा कि जिन लोगों को रंगों से परहेज हो वे उस दिन घर से बाहर न निकलें, और अगर निकलें तो उनका दिल इतना बड़ा होना चाहिए कि वे सबको एक जैसा समझें तथा होली को रंग डालकर, मिठाई खाकर मनाना चाहिए,। उन्होने उदाहरण देते हुए कहा कि ईद में लोग एक-दूसरे से गले मिलते हैं, ठीक वैसे ही होली का पर्व भी मनायें। उन्होने कहा कि कोई व्यक्ति रंग से बच रहा हो तो उस पर अनावश्यक रूप से डाले जाएं। इस दौरान उन्होने बताया कि प्रशासन किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि कोई भी शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होने बताया कि तीन माह पूर्व जो शांति भंग हुई थी, उसके दृष्टिगत और भी सतर्कता बरती जा रही है। होली और रमजान के समय में अधिक सतर्कता बरती जाएगी, जिससे कि दोनों समुदायों के लोग मिलजुल कर त्यौहार मनाएं और कोई भी अशांति का माहौल न बनने दें।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक गम्भीर घायल

**बबराला।** दो बाइकों की भिड़ंत में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

आगरा मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुन्नौर- बबराला के बीच स्थित पेट्रोल पंप के सामने दूधा की केन ले जा रहे बाइक सवार ने दूसरे बाइक सवार अजीव वार्ष्णेय निवासी मौहल्ला सराय, गुन्नौर को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। घटना की सूचना पर उसके परिजन मौके पर पहुंच गए और उन्होंने घायल अजीव को बबराला निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा था।

# बाबा के भजनों पर जमकर झूमे भक्त

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर के रामलीला मैदान में श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम का भव्य संकीर्तन आयोजित हुआ। यहां सबसे पहले भक्तों ने खाटू श्याम बाबा का अंलौकिक श्रृंगार कर भव्य दरबार सजाया। उसके बाद बाबा को भोग लगाया। अखंड ज्योति को प्रज्ज्वलित की गई। सबसे पहले गुरु वंदना की गई। गायक बुलन्दशहर के बिपिन बृजवासी नोएडा के देबू श्याम दीवाना,मून कैलाश, रिया, साक्षी के द्वारा श्री श्याम बाबा का गुणगान किया गया। श्रीश्याम बाबा के गीतों की धुनों पर श्रृद्वालु जमकर झूमते रहे। फाल्गुन उत्सव के तहत गुलाल की होली, फूलों की होली, इत्र वर्षा, होली के रसिया आदि भी हुए। देर रात श्रीश्याम बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर उमेश कौशल विनय वार्ष्णेय, अंकित वर्मा, आशीष गुप्ता, विशाल गुप्ता, राहुल सर्वे, शिव कौशल, दिनेश कौशल, सोनू वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## इग्नू पाठयक्रमों के प्रवेश की तिथि 15 मार्च तक बढ़ी

**सम्भल।** इर्गनू पाठयक्रमों के प्रवेश की तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। विभिन्न पाठयक्रमों में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्रायें सर्म्पक कर सकते हैं।

जानकारी देते हुए एमजीएम महाविद्यालय में इग्नू केन्द्र के समन्वयक डा. दिलदार ने बताया कि महाविद्यालय में स्थापित इग्नू केन्द्र केन्द्र पर संचालित बीए. बीकॉम, बीबीए व एमए डिप्लोमा और प्रमाण पत्र पाठयक्रमों में प्रवेश की तिथि को बढ़ाकर 15 मार्च कर दिया गया है। जो छात्र-छात्रायें महाविद्यालय में स्थित इग्नू केन्द्र पर प्रवेश लेना चाहते है। वह उनसे सर्म्पक कर सकते हैं।

# खेत की रखवाली को गए किसान की करंट से मौत

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** खेत की रखवाली को गए किसान खेत पर टूटे पड़े हाईटेंशन लाइन के तार की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। गुरुवार को जब बराबर खेत वाले पहुंचे तो उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी।पुलिस ने मौके पर पहुँचकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव बागऊ की मढ़ईया निवासी कुंवरपाल (36) पुत्र नत्थू बीती रात घर से गेहूं की फसल की रखवाली करने साइकिल पर सवार गांव गुन्नौर हीरापुर में खेत के नजदीक पहुंचा। तभी जमीन पर टूटे पड़े बिजली के हाईटेंशन

### ○हाईटेंशन लाइन का टूटा पड़ा था तार, शव पी एम को भेजा

तार के करंट की चपेट में आ गया। उसकी मौत हो गई। सूचना पर घटनास्थल पर सीओ गुन्नौर दीपक तिवारी व गुन्नौर कोतवाल अखिलेश प्रधान ने पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी की। मृतक कुंवरपाल दो भाई थे। वह बड़े भाई मुकेश से छोटा था। गुन्नौर कोतवाल अखिलेश प्रधान ने बताया कि कुँवरपाल उर्फ कुबेर पुत्र नत्थू निवासी गांव बाघऊ की मढईया बीती रात गेहूं की खेत रखवाली करने गया था। वहाँ से 33 हजार हाइटेंशन लाइन जा रही है। जिसका तार जमींन पर गिरा पड़ा। खेतों में लगी तारकसी की तार में करंट आ गया जहां वह तारकसी के तार की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस न शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कोतवाल को किया श्याम बाबा का चित्र भेंट

**बबराला।** नगर में श्याम मित्र मंडल द्वारा श्रीश्याम बाबा के संकीर्तन के दौरान पहुंचे गुन्नौर कोतवाल अखिलेश प्रधान को श्रीश्याम बाबा का चित्र भेंट किया गया। इस दौरान उमेश कौशल, दिनेश कौशल, विनय कुमार, सोनू, आशीष, अंकित, विशाल, राहुल, शिव कौशल आदि मौजूद है।

# जितेन्द्र सिंह बने बसपा के जिलाध्यक्ष

शाह टाइम्स,ब्यूरो



**सम्भल।** बहुजन समाज पार्टी की मंडलीय व जिला कार्यकारिणी की घोषणा हो गयी हें जिसमें जनपद का जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह एडवोकेट को ही सौंपी गयी है।

बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के निर्देश पर मण्डल स्तरीय मीटिंग में बाबू मुनकाद अली (पूर्व राज्य सभा सांसद) जाफर मलिक, विजय सिंह एवं डा. रणविजय सिंह एडवोकेट, मुख्य मंडल प्रभारी मुरादाबाद मंडल के आदेश पर जिला कमेटी सम्भल की घोषणा की गई। जिसमें जिला प्रभारी हरद्वारी लाल, अजब सिंह गौतम व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह एड. को बनाया गया है। जबकि फिरोज मलिक को जिला उपाध्यक्ष, राम बहुदर को जिला महासचिव एवं चेतन बॉबी जिला कोषाध्यक्ष, अंकुर चौधरी जिला सचिव, बनाया गया। मदनपाल, फिरोज आलम कार्यकारिणी सदस्य एवं वंदना आज़ाद जिला संयोजक वपामसेफ, रविशंकर धामा जिला संयोजक बीवीएफ बनाये गए। इसके अलावा पूर्व राज्यसभा सांसद बाबू मुनकाद अली, जाफर मलिक, विजय सिंह, डा. रणविजय सिंह को मुख्य मंडल प्रभारी मुरादाबाद मंडल का दायित्व दिया गया है।

# बाल कल्याण से जुड़ी योजनाओं की हो समीक्षा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में बालकों को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और सरक्षंण जैसे विषय पर चर्चा की गयी।

विकास खंड गुन्नौर के सभागार में प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी, लक्ष्मीना देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी, मालती यादव ने किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं को विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा को कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपाल यादव ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। बाल विकास परियोजना आधिकारी ने सभी सचिवों को ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता करने के निर्देश दिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं करने की चेतावनी दी। बैठक म उमेश कुमार, सुमित चौहान, अंकित कुमार, विजय सिंह, अरूण कुमार आदि मौजूद रहे।



**बबराला**-छात्र-छात्राओं के कौशल अभिव्यक्ति के प्रदर्शन कार्यक्रम में बच्चों को प्रोत्साहित करते एसपी।

# फर्जी बीमा गिरोह का एक और सदस्य चढ़ा हत्थे

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** फर्जी बीमा पॉलिसी कर चूना लगा रहे बीमा माफियों में एक और को पुलिस ने धर दबौच लिया।

गुरूवार को अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने फर्जी बीमा पॉलिसी को लेकर खुलासा किया। विनोद पुत्र पंचम सिंह नि भागनगर थाना धनारी मरणासन्न व्यक्तियों के नाम पर वाहन खरीदवाकर, उस वाहन को अनाधिकृत रुप से बेच देता था। मृतक दिनेश पुत्र चन्द्रसेन नि. बहरौली ताहरपुर थाना बहजोई जनपद सम्भल दो वर्ष पूर्व टी.बी की गम्भीर बीमारी से ग्रसित था। इस व्यक्ति से मदद के नाम पर अभिलेख बनवाते हुये। आरोपी विनोद उपरोक्त व उसके अन्य साथियों ने धोखाधडी से उसके नाम पर एक सोनालिका ट्रैक्टर व मोटर साईकिल निकाली। ट्रैक्टर के सम्बन्धमें गुन्नौर स्थित एजेन्सी पर जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि इस ट्रैक्टर का 1.5 लाख डाउन पेमेन्ट विनोद व उसके अन्य साथियों द्वारा किया गया। इस वाहन की बकाया राशि का एल.एन.टी इन्श्योरेन्स कम्पनी का 4.0 लाख रुपये का लोन कराया गया। ट्रैक्टर की कुल लागत 5.5 लाख रुपये थी। मृतक दिनेश की वाहन खरीदने के एक ही महीने बाद मृत्यु हो गयी। उसकी मृत्यु के उपरान्त किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, जिसको वाहन आरोपियों द्वारा बेचा गया था, मृत्यु प्रमाण पत्र एल. एन. टी कम्पनी में प्रेषित कर पूरा लोन माफ कराया गया। पुलिस ने विनोद द्वारा शिकार हुए और भी कई लोगों के फर्जी वाड़े किए जाने के नाम और घटना क्रम की जानकारी दी। पकड गए आरोपी के कब्जे से एक अदद मोबाइल फोन सैमसंग कम्पनी, 11 अदद आई.डी एक बैंक ऑफ बडौदा की पासबुक, तीन आधार कार्ड, दो कार्ड इण्डियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक, एक पंचम सिंह का मृत्यु प्रमाण पत्र, एक ऐक्सिस बैंक का पत्र, दो पैन कार्ड, एक सैन्ट्रल बैक की पासबुक बरामद हुये। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्र.नि. विनोद कुमार मिश्रा, उ.नि. आकाश यादव, हे.का. सुनील कुमार, का. विष्णु चौधरी आदि रहे।

# हज यात्रियों के प्रस्थान की जल्द घोषित की जाए तिथि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** ऑल इण्डिया हज वेलफेयर सोसायटी ने भारतीय हज समिति से चयनित हज यात्रियों के प्रस्थान की तिथियाँ जल्द घोषित करने की मांग की है।

ऑल इंडिया हज वेल्फेयर सोसायटी के जिला चैयरमेन डा. इफ्तेखार अहमद कुरैशी ने कहा कि भारत से हज यात्रियों का पहला जत्था सम्भवतः 29 अप्रैल को मदीना (सऊदी अरब) के लिए रवाना होगा, अलग-अलग राज्यों के हज यात्री अपने नजदीकी हज इम्बारकेशन प्वाइंट से हज के लिए प्रस्थान करते हैं। उन्हें हज हाऊस में रिपोर्टिंग व दीगर खानापूर्ति के लिए फ्लाइट रवाना होने के दो दिन पहले पहुँचना होता है, चूँकि हज पर अधिकतर लोग पहली बार जाते हैं इसलिए उन्हें हज हाऊस, एयरपोर्ट तक छोड़ने जाने वाले पारिवारिक सदस्यों की संख्या भी अधिक होती है, देश के अधिकांश हज इम्बारकेशन प्वाइंट तक पहुँचने के लिए ट्रेन ही बेहतर माध्यम होता है और देश भर से जितने लोग हज यात्रा पर जाते हैं उनमें अधिकतर हज यात्री उन्हें इम्बारकेशन प्वाइंट तक छोड़ने जाने वाले ट्रेन के माध्यम से ही यात्रा करते हैं, हज पर जाने की जल्द तिथि मिल जाने पर रेल के आरक्षण में सुविधा होती है अन्यथा लम्बी प्रतीक्षा सूची में बड़ी कठिनाइयों भरी यात्रा होती है। भारतीय हज कमेटी जल्द हज यात्रा के लिए प्रस्थान की तिथि घोषित कर ट्रेन से हज इम्बारकेशन पहुँचने वाले हज यात्रियों को सुविधा प्रदान की जाये।

# बच्चों ने बच्चों के लिए किया मेले का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बेसिक शिक्षा विभाग एवं छात्र-छात्राओं के कौशल अभिव्यक्ति के प्रर्दशन और प्रोत्साहित करने के उददेश्य से इन्वाल्व फाउंडेशन के तत्वावधान में निपुण चैंम्पियन के नेतृत्व में मेला का आयोजन का आयोजन किया गया।

हवचासि खंड गुन्नौर के संविलियन विद्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी विनोद मेहरा के निर्देशन में आयोजित निपुण चैंपियन मेला में 20 विद्यालय के शिक्षक और निपुण चौंपियन ने अपने गतिविधि के साथ प्रतिभाग कर विज्ञान गैलरी, प्रोजेक्ट का प्रदर्शन, सोलर प्रोजेक्ट और कई प्रकार के गतिविधि को प्रदर्शित किया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ख्रकृष्ण कुमार विश्नोई, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी ने प्रतिभाग किया और मेले का अवलोकन करके गतविधियों की

### ○एसपी ने कहा इन आयोजनों से बढ़ता है आत्म विश्वास

खूबियों को निपुण चैम्पियन से समझा और शाबाशी दी। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने सभी निपुण चैम्पियन और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा इस तरह के बाल केंद्रित मेले का आयोजन सरकारी स्कूल में पहली बार देख रहा हूँ। जहां पर प्रत्येक कार्यक्रम को निपुण चैम्पियन के द्वारा नेतृत्व किया जा रहा है। एसपी ने खुद अपने अध्यापन के दौरान निपुण चैम्पियन होने का जिक्र किया और कहा कि निपुण चैपियन से आत्मविश्वास आता है उसी का प्रतिफल है कि हम आपके बीच मुख्य अतिथि बनकर आए है। जिससे छात्रें में कई प्रकार के कौशल में वृद्धि होगी जो इनको भविष्य में बढ़ने में बहुत सहायक होगा। उन्होने इस तरह का आयोजन होते रहने पर ज़ोर देते हुए कहा कि इससे छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ेगा। इसी के साथ पीयर लार्निंग के महत्त्व पर जोर दिया। मेले में पूरी व्यवस्था जैसे मुख्यातिथि का स्वागत करना, टी. एल. एम. पर भी विस्तार से चर्चा और एंकरिंग आदि सब निपुण चैम्पियन के ही नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में संदीप कुमार सोनी, ब्लॉक के एस. आर. जी., ए. आर. पी., शिक्षकगण और इंवॉल्व की टीम उपस्थिति रही।

# टीएमयू के फॉरेंसिक स्टुडेंट्स अब करेंगे यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस का भ्रमण

■ तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस के बीच एमओयू साइन, एमओयू के वक्त टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन के संग-संग यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस के कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंसेज की डीन डॉ. मां. टेरेसा जी. डी गुजमान, एसोसिएट डीन डॉ. जय टी. डालेट की रही गरिमामयी मौजूदगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद नित नई वैश्विक बुलंदियों की ओर अपने कदम बढ़ा रहा है। टीएमयू के स्टुडेंट्स को एक और बड़ी सौगात मिली है। अब टीएमयू के स्टुडेंट्स और फैकल्टीज यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस का भ्रमण कर सकेंगे। साथ ही यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस के स्टुडेंट्स और फैकल्टीज टीएमयू का दौरा करेंगे। इसके लिए तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस के बीच एक ऐतिहासिक एमओयू साइन हुआ है। एमओयू के तहत कोलाबोरेटिव रिसर्च, ट्रेनिंग, फॉरेंसिक इंवेसटिगेशन, नॉलेज स्किलिंग, स्टुडेंट्स एंड फैकल्टीज इंटरचेंज, ज्वाइंट प्रोजेक्ट आदि की सहमति बनी है। एमओयू पर टीएमयू की ओर से डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, जबकि यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस की ओर से यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस के कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंसेज की डीन डॉ. मां. टेरेसा जीडी गुजमान ने हस्ताक्षर किए हैं। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके बोले, एमओयू के बाद फॉरेंसिक स्टुडेंट्स फॉरेंसिक इन्नोवेशन से अपडेट होंगे। साथ ही टीएमयू की फैकल्टीज यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस के कॉलेज ऑफ आर्ट एंड साइंस में मास्टर इन फॉरेंसिक बिहेवियरल साइंस को डवलप करने में मदद करेगी। यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस के कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंसेज की डीन डॉ. मां. टेरेसा जीडी गुजमान ने उम्मीद जताई, यह एमओयू हमारे स्टुडेंट्स और फैकल्टीज के लिए मील का पत्थर साबित होगा। एमओयू साइन के मौके पर कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंसेज के एसोसिएट डीन डॉ. जय टी. डालेट, टीएमयू के एसोसिएट डीन डॉ. अमित कंसल, पैरामेडिकल के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, शेरलॉक इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, दिल्ली के सीईओ डॉ. रंजीत कुमार सिंह, फॉरेंसिक साइंस के एचओडी श्री रवि कुमार, श्री योगेश कुमार, श्री आकाश चौहान आदि की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस एमओयू के बाद टीएमयू के स्टुडेंट्स कम्युनिटी फॉरेंसिक, हेरिटेज फॉरेंसिक और क्राइम सीन इन्वेसटिगेशन के बारे में ज्ञान का आदान-प्रदान करेंगे। इसके अलावा



ऑनलाइन और ऑफलाइन कॉन्फ्रेंस, सेमिनार, व्याख्यान और गेस्ट लेक्चर्स का भी प्रावधान किया गया है। साथ ही साझा प्रोजेक्ट पर काम कर सकेंगे। उल्लेखनीय है, टीएमयू में कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के फॉरेंसिक साइंस विभाग में यूजी, पीजी के संग-संग पीएचडी सरीखे प्रोग्राम भी चल रहे हैं। इन कोर्सेज में यूपी के अलावा दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, आन्ध्रप्रदेश, तमिलनाडु, जम्मू-कश्मीर आदि के स्टुडेंट्स भी अध्ययनरत हैं।

### प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मुरादाबाद के जिला मंत्री शिक्षक नेता

## हाजी शमशाद हुसैन को मुस्लिम वेलफेयर एसो. का पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बनाया

**कुंदरकी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मुरादाबाद के जिला मंत्री शिक्षक नेता हाजी शमशाद हुसैन को मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन का पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया यह मनोनयन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहिबुल्लाह खान द्वारा किया गया यह एसोसिएशन मुस्लिम समाज के सर्वांगीण विकास न्याय समानता और कल्याण के उद्देश्य पूरे देश में काम कर रहा है मनोनयन के उपरांत राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए हाजी शमशाद हुसैन ने कहा पश्चिम उत्तर प्रदेश के 6 मंडलों एवं जनपदों में संगठन का विस्तार किया जाएगा शिक्षा स्वास्थ्य सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए समुदाय को साथ लेकर काम किया जाएगा जो मुझे जिम्मेदारी मिली है उसे पूरी लगन और मेहनत से राष्ट्रीय नेतृत्व के भरोसे को बुलंदी पर कायम रखूंगा राष्ट्रीय अध्यक्ष सलीम सारंग जी ने कहा मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी अपनी जिम्मेदारियां को निष्ठा समर्पण और कर्तव्य परायणता के साथ निभाएंगे तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहिबुल्लाह खान ने कहा है समाज की प्रगति में अपने सर्वोत्तम योगदान देंगे हाजी शमशाद हुसैन शिक्षक नेता के मनोनयन पर जे एल एम इंटर कॉलेज कॉलेज मे स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से मास्टर तस्लीम साहब मास्टर इदरीस अहमद फिरोज खान इमरान अली रिजवान खानआदि क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों मौजूद रहे और मुबारकबाद दी है।

## एक नजर

### लंबे समय से चल रहा युवक-युक्ति का प्रेम प्रसंग, दोनों शादी की जिद पर अड़े

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक ही बिरादरी के युवक युवती का लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। चोरी चुपके एक दूसरे से मिलते रहते थे, रोज फोन पर भी बातचीत होती रहती थी, बृहस्पतिवार को दोनों प्रेमी युगल ने घर से निकलने का मन बना लिया, प्रेम इतना प्रभान चढ़ गया, की दोनों ने एक साथ जी ने करने की कसम खा ली, दोनों प्रेमी थाने पहुंचे और शादी की जिद करने लगे, दोनों के परिवार को बुलाया गया देर शाम तक समझौते का दौर चलता रहा, लेकिन प्रेमी जोड़ा शादी की जीत पर ही अडा रहा।

### बच्चों के विवाद में युवक को किया मारपीट कर घायल

**डिलारी।** क्षेत्र के गांव अदलपुर में दोनों सगे भाइयों के बच्चों में वाद विवाद हो गया, देखते ही देखते दोनों लाठी डंडे लेकर एक दूसरे पर टूट पड़े, अदलपुर निवासी समसुद्दीन पुत्र मकसूद अहमद पशुओं के लिए चारा लेने गया था। इस समय निजामुद्दीन एवं शमसुद्दीन के बच्चों में चारा काटने को लेकर झगड़ा हो रहा था। इस बीच समसुद्दीन ने दोनों बच्चों को बीच बचाव कर दिया। पीछे से निजामुद्दीन अपने परिवार के साथ मिलकर लाठी डंडे लेकर शमसुद्दीन पर टूट पड़े, और वह लाठी डंडों से घायल कर दिया। शोर शराबा सुन आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया ,घायल ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने बड़े भाई निजामुद्दीन को गिरफ्तार कर, पुलिस जांच में जुटी है।

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** नागरिक सुरक्षा कार्यालय में सिविल डिफेंस फाउंडेशन कोर्स के अंतर्गत 5 दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स के चतुर्थ दिवस उपनियंत्रक नीरज चक ने स्वयं सेवकों को लेडर रस्सियां, रस्से एवं उनकी गांठों के प्रकार की जानकारी के बारे में विस्तार से बताया। वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार ने वार्डेनों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं पर



स्टेचर लैंडिंग एवं लोडिंग एवं किस प्रकार एम्बुलेंस पर पहुंचना पर विस्तार से बताया।इस अवसर पर प्रभारी डिविजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता, डिविजनल वार्डन मोहम्मद खालिद स्टाफ अधिकारी डॉ शफीक अहमद,वसीम अंसारी, रामौतार वर्मा,पोस्ट वार्डन डॉ0 पूनम बंसल,सूरज प्रकाश,अहमद हुसैन,निमित जायसवाल,कमल किशोर गोला,एहसान उल हक कुरेशी, जसवंत कौर,इसरार हुसैन,संदीप जैन,नरेश कुमार शर्मा, कविता पांडेय, शबरेज आलम,नीतू सक्सेना,विनोद कुमार गुप्ता,दीप अग्रवाल,भव्य बंसल, उत्कृष्ट कुमार शकील अहमद आदि उपस्थित रहे।

### आईएफटीएम में आयोजित 'पराक्रम- अंतर विद्यालय टेक्नो-मैनेजमेंट सांस्कृतिक उत्सव' हुआ सफलतापूर्वक संपन्न

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स डेवलपमेंट सेल की ओर से आयोजित दो दिवसीय ''पराक्रम- अंतर विद्यालय टेक्नो-मैनेजमेंट सांस्कृतिक उत्सव'' सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अवसर पर समापन समारोह के मुख्य अतिथि व विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने सभी विजेता विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया। कुल सचिव प्रो. अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखरती है। उपस्थित



अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्रा ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षा एवं स्कूल की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल ने सभी अतिथियों को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. आरती गर्ग ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि दो दिनों तक चले कार्यक्रम 'पराक्रम' में नुक्कड़ नाटक, सोलो सिंगिंग, हेयर स्टाइलिंग, सोलो डांसिंग, स्टैंडअप कॉमेडी, शॉर्ट फिल्म, आर्टिस्ट्री दैट शाइन ऑन एवरी फेस, नेल आर्ट, लोगो डिजाइनिंग, एडवरटाइजिंग कैंपेन, सुडोकू/स्पेलिंग बी, स्टोरी टेलिंग, बेस्ट ऑफ वेस्ट, टी शर्ट डेकोरेशन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की टीम को 7 पदक, स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज को 04, फार्मेसी संकाय की टीम को 04, स्कूल ऑफ साइंसेज की टीम को 04, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग की टीम को 02, स्कूल ऑफ लॉ की टीम को 01, स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस को 01 तथा यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक की टीम को 01 पदक प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आर.के. यादव समेत आयोजन समिति के सभी सदस्यों डॉ. निधि चौधरी, मिस ज्योति, डॉ. अर्चना एवं श्री अक्षय शर्मा आदि की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान के विभाग के शिक्षक प्रो. मेघा भाटिया, प्रो. हिमांशु गुप्ता, डॉ. आशीष कुमार सक्सेना के अलावा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक व भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सरल-सजग, कर्तव्यनिष्ठ और हर दिल अजीज हैं बिलारी के एसडीएम विनय कुमार सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** बिलारी तहसील में तैनात एसडीएम विनय कुमार सिंह की जब से यहां आमद हुई है उन्होंने अपनी कुशल कार्य शैली से आम जनता को बड़ा प्रभावित किया है। आपने आमतौर पर कहावत सुनी होगी- सादा जीवन उच्च विचार,,,परंतु व्यवहार में इस कहावत को बहुत कम ही लोग उतार पाते हैं परंतु एसडीएम साहब ने पूरी ईमानदारी के साथ इस कहावत को अपने व्यवहार में उतारा हुआ है। संक.ोच के चलते आम जनता और प्रशासन के बीच जो दूरियां होती थीं उसको काफी हद तक मिटाने का काम किया है जब कार्यालय में बैठते हैं तो निष्पक्षता के साथ सभी की बात को धैर्य पूर्वक अत्यंत ध्यान से सुनते हैं और इतने हर दिल अजीज हैं कि कुछ ही देर में उसे अपना मित्र बना लेते हैं उनसे पारिवारिक जीवन के बारे में भी चर्चा करते हैं तो सामने वाला व्यक्ति समझ लेता है कि यह जनता के सच्चे हमदर्द हैं क्योंकि प्रशासनिक अधिकारियों में ऐसी भावना कम ही देखने को मिलती है। वह कभी-कभार साधारण नागरिक की तरह बिना किसी ताम झाम के बाजार में निकल पड़ते हैं और एक आम नागरिक की तरह खरीदारी और व्यवहार करते देखे जा सकते हैं। इसको लेकर नगर और क्षेत्र की जनता उनसे अत्यंत प्रभावित है कि वह बिना भेदभाव के सभी वर्गों की बात सुनते समझते हैं। निष्पक्ष रूप से समाधान करते हैं। शाम के समय बाजार में आम ग्राहक की तरह भ्रमण करने की सूचना पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन अपनी टीम के साथ उनके पास पहुंचे और इस पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनका गर्म जोशी से बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने कहा कि आपने हमारे नगर के बाजार को इतना महत्व दिया इससे सभी व्यापारी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। जिस समस्या को लेकर क्षेत्र के किसान सालों से तहसील के चक्कर काट रहे थे जिसमें उनका अनावश्यक समय, धन और ऊर्जा बर्बाद होने के साथ ही मानसिक कष्ट भी झेल रहे थे और प्रशासन की छवि धूल हो रही थी आम जनता की पीड़ा को आपने समझा और तहसील में शि.विर लगाकर एक अभियान के रूप में खतौनियों की त्रुटियों को दुरुस्त कराया ऐसा ही नहीं कि आदेश देकर किसी दूसरे काम में लग गए हों उन्होंने स्वयं भी पूरा ध्यान शिविर में मौजूद रहकर रखा ताकि किसी स्तर पर कोई लाप.रवाही नहीं हो जाए, इससे आम जनता ने बहुत राहत महसूस की और सब उनको कोटि-कोटि धन्यवाद दे रहे हैं। इसी प्रकार आपने भूमि बंटवारे संबंधी जो मुकदमे हैं उनका मौके पर सहमति के आधार पर निस्तारण कराने का अभियान भी शुरू कर दिया है जिसका सफल प्रयोग जिगनियां गांव में दो भाइयों के बीच चल रहे विवाद का सहमति से निपटारा किया जाना है उसकी सभी वकीलों और क्षेत्रवासियों ने बड़ी सराहना की है। रमजान की व्यवस्था हो, आने वाली होली हो, ईद हो इन सब पर भी वह पूरे तहसील क्षेत्र में नजर रखे हुए हैं इस संदर्भ में थानों से आने वाली पुलिस रिपोर्ट को भी गंभीरता से ले रहे हैं जिसके पीछे उनका एक ही मकसद है कि हमारे सभी त्योहार पारंपरिक तौर पर शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हों क्षेत्र में कोई व्यक्ति अपने किसी उत्सव में प्रशास.निक भागीदारी के लिए अपना मान



सम्मान बढ़ाने के लिए यदि उन्हें आमंत्रित करता है तो बेझिझक सादगी के साथ उस कार्यक्रम में भी अवश्य भागीदारी करते हैं। जनता बोलती है कि ऐसे एसडीएम बिलारी तहसील में पहली बार आए हैं। स्टाफ को भी जनता की सेवा करने को प्रेरित करते रहते हैं। कार्यशाली देखकर लोग बाग इनके माता-पिता और और गुरु जनों की भी प्रशंसा करते हैं कि वे धन्य हैं जिन्होंने इन्हें ऐसे संस्कार दिए कि दूध में मिश्री की तरह घुल जाते हैं। क्षेत्र वासियों की ओर से इन्हें प्रतिदिन अने.कानेक शुभकामनाएं मिल रही हैं।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सांसद को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के जिलाध्यक्ष सय्यद अफजल अली एवं जिला मंत्री हेमंत चौधरी के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर लोकसभा सांसद कुंवरानी रुचि वीरा को एक ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सन्दीप बडोला ने कहा कि 1 जनवरी 2004 को केंद्र सरकार द्वारा पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर शेयर बाजार पर आधारित नई पेंशन व्यवस्था को लागू कर देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की भविष्य की सुरक्षा पूंजीपतियों के हवाले किया गया जो पूर्णत: असंवैधानिक है। जिलाअध्यक्ष अफजल अली ने कहा कि नई पेंशन व्यवस्था के अंतर्गत सेवानिवृत होने वाले शिक्षक कर्मचारी आज आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं,पुरानी पेंशन में देश के कार्मिकों एवं देश की अर्थव्यवस्था का हित निहित है। जिला महामंत्री हेमंत चौधरी ने पुरानी पेंशन बाली के मुद्दे को सदन में उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन कार्मिकों का संवैधानिक



अधिकार जो उसे लंबी विभागीय सेवा की ऐवज में दिया जाता है। लोकसभा सांसद कुंवरानी रूचि वीरा ने कहा कि हमारी पार्टी पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे को लेकर गंभीर है विगत संसद सत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा सदन में उठाया गया। आगामी सत्र मेरे द्वारा भी उठाया जायेगा। उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण के प्रदेश महामंत्री वृंदावन दोहरे, मनोज तिवारी, आदिल बेग, चंद्रशेखर शर्मा,राजकीय नर्सस संघ की जिला अध्यक्ष पूनम मैसी मंत्री प्रतिमा शर्मा, सीमा भारती,स्नेहा ज्योति, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष निश्चल भटनागर, हरीश चौहान, दीपक चौहान, सुशील, शेखर, नासिर हुसैन, माधुरी, आदि रहे।

### संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग

**बिलारी।** थाना बिलारी की उप निरीक्षक छाया बालियान की टीम ने बैंक चेकिंग अभियान चलाकर उसके आसपास वाहनों की भी चेकिंग की गई। मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा बैंक चेकिंग अभियान चलाकर बैंक,एटीएम तथा बैंकों के आस-पास संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गयी। छाया बालियान एवं कांस्टेबल प्रीति ने बैंकों में लगे सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धित उपकरणों को चेक कर शाखा प्रबंधक एवं बैंक सुरक्षा ड्यूटी पर लगे सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये।

### खोया-पाया सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मेरी पत्नी अनवर जहां के नाम का मूल बैनामा जिसका बही संव -1, जिल्द संव 11904, पृष्ठ 137 से 160, क्रमांक 597 दिनांक 17. 1. 2019 है, वास्तव में कही खो गया है। उक्त संपत्ति बड़ा शाह सफा लाल मस्जिद मुरादाबाद में स्थित है, जिसका प्रयोग अवैध होगा।

**सोहराब अली पुत्र अब्दुल वहीद निवासी बाड़ा शाह सफा लाल मस्जिद थाना, कोतवाली जिला मुरादाबाद।**

मोबाइल नंबर-7895735989

### नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम SUHAIL KHAN S/o FAROOKH KHAN से बदलकर MOHAMMAD SUHAIL S/o MOHAMMAD FAROOKH KHAN रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाये।

**MOHAMMAD SUHAIL S/o MOHAMMAD FAROOKH KHAN मौहल्ला-जैनुल आबेदीन अफजलगढ़ ( बिजनौर )।**

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का रिजल्ट किया घोषित

**कुंदरकी।** इण्डियन पब्लिक जूनियर हाईस्कूल ग्राम ढकिया जुम्मा में सोमवार को आयोजित हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का रिजल्ट घोषित किया गया जिसमें कक्षा 8 की छात्रा अल्फराह ने प्रथम,साबिया ने द्वितीय,इकरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा सोफिया,अक्सा,आलशिफा, अहद, सिमरन, फरीन, अलीशा एवं मोहम्मद रजा को अपनी अपनी कक्षा में प्रथम आने पर सात्वना पुरस्कार दिया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद तय्यब अली ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता कराने से छात्र छात्राओं में मानसिक विकास होता है इसके साथ साथ ग्रामीण आंचल में छिपी प्रतिभाओं को निखारना है।इस तरह की प्रतियोगिता प्रत्येक साल विद्यालय में आयोजित की जाती हैं। इस अवसर पर मैनेजर मोहम्मद इकराम, अध्यक्ष हसमत अली, सुरेंद्र सिंह, अरविन्द कुमार, विपिन कुमार शिवम् ,प्रिंस कुमार गौतम, शादमा, मासूम फात्मा, तहरीद, पूजा, महक काजमी, मिस्बाह खान आदि लोगो ने भी अपने विचार रखे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत अलीपुरा खालसा विकास खण्ड-छजलैट ( मुरादाबाद )।

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2024-25 दिनांक: 06.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत अलीपुरा विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त-मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 13.03.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 13.03.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दलवीर के घर से राजेन्द्र के घर तक सीसी टाईल्स एवं नाली निर्माण कार्य। | - | 539794.63 | 2% | 150/- | 3 माह |
| 2 | कालोनी के पास पीपल की ग्राम समाज की भूमि की बाउण्ड्रीबाल निर्माण कार्य। | - | 165000.00 | 2% | 150/- | 3 माह |

**शर्तें-**

1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अलीपुरा खालसा**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी छजलैट ( मुरादाबाद )

पत्रांक: 3029/-आंकिक/क्षे0पं0/नि0का0/निविदा/2024-25 दिनांक: 05.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

क्षेत्र पंचायत छजलैट (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 09.02.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष क्षेत्र पंचायत पन्द्रहवां वित्त आयोग योजना टाईड वित्त मद में निम्न कार्य वर्ष 2024-25 में इस विकास खण्ड द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्ति कर्ता/ठेकेदार दिनांक 12.03.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदायें आधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों एवं अर्नेस्टगनी तथा नियमानुसार जमानत राशि 2 प्रतिशत के साथ/एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदाये विकास खण्ड मुख्यालय पर दिनांक 12.03.2025 की अपराना 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | अनुमानित लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | अर्नेस्टमनी | अर्नेस्टमनी | कार्य पूर्ण करने की अवधि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम दाढी महमूदपुर में सोभाराम के मकान से मैन रोड तक नाला निर्माण कार्य। | 9.90 | 19780.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | 15वां वित्त आयोग (टाईड) |
| 2 | ग्राम मल्लीबाला में राजू के मकान से नदी की तरफ नाला निर्माण कार्य। | 8.03 | 16060.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | 15वां वित्त आयोग (टाईड) |
| 3 | ग्राम कुरी में पुलिया से गांव की तरफ नाला निर्माण कार्य। | 9.09 | 18180.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | 15वां वित्त आयोग (टाईड) |
| 4 | ग्राम भीकनपुर में सुरेन्द्र की दुकान से धर्मपाल सिंह के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 9.16 | 18320.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | 15वां वित्त आयोग (टाईड) |
| 5 | ग्राम सन्दलीपुर में अर्पित के मकान से मन्दिर तक नाला निर्माण कार्य। | 9.06 | 18120.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | 15वां वित्त आयोग (टाईड) |
| 6 | ग्राम सीमला में समरपाल सिंह के मकान से नाग देवता की मणि तक नाला निर्माण कार्य। | 8.49 | 16980.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | 15वां वित्त आयोग (टाईड) |
| 7 | ग्राम अकबरपुर चेंदरी में फूल सिंह के मकान से इस्लाम के मकान तक सी०सी०टाइल्स व नाली निर्माण कार्य। | 9.96 | 19920.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पंचम राज्य वित्त |
| 8 | ग्राम एदलपुर जोगिया सिहाली में जहाबीर बाबा के मैदान पर दीवार एवं नरेन्द्र के मकान से हरपाल सिंह के मकान तक सी०सी०टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य। | 6.76 | 13520.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पंचम राज्य वित्त |
| 9 | ग्राम विचपुरी मझरा में भारत सिंह के मकान से असरफ के खेत तक सी०सी०टाइल्स निर्माण कार्य। | 9.97 | 19940.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पंचम राज्य वित्त |
| 10 | ग्राम कुई में सतपाल सिंह के मकान से सुरेश सिंह के मकान तक सी० सी० टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य। | 9.90 | 19800.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पंचम राज्य वित्त |
| 11 | ग्राम खूटखेड़ा में सतपाल सिंह के मकान से सतीश कुमार के मकान तक सी०सी०टाइल्स एंव नाली निर्माण कार्य। | 7.57 | 15140.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पंचम राज्य वित्त |
| 12 | ग्राम कुरी रवाना में अनवार के मकान से हाई स्कूल तक सी०सी०टाइल्स निर्माण कार्य। | 9.98 | 19960.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पंचम राज्य वित्त |
| 13 | ग्राम कोकरपुर में रमेश सिंह के मकान से राजेन्द्र सिंह के मकान तक सी० सी० टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य। | 9.96 | 19920.00 | 1200.00 | 2% | 3 माह | पंचम राज्य वित्त |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**छजलैट ( मुरादाबाद )**

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**चन्दौसी।** जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्र भूषण ने बताया कि जिलाधिकारी के दिशा-निर्देशों के क्रम में बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत गुरुवार को पीएमश्री विद्यालय बबराला में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें। जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार व महिला ताइक्वांडो खिलाड़ी रेखा ने फ्रंट किक, साइड किक, फेस पंच, लेग राइस, सिंगल हैंड सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी, छात्राएं आत्मरक्षा सीखने में काफी उत्साहित दिखाई दीं। बालिकाओं के साथ-साथ विद्यालय के अध्यापकों ने भी आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लिया। प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रत्येक बेटी अपनी सुरक्षा करने में सक्षम हो इसके लिए लगातार विद्यालयों में मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आत्मरक्षा के नजरिए से मार्शल आर्ट बहुत ही घातक है, छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ यथा



मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, घरेलू हिंसा, छात्रवृति आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# स्कार्पियो की मांग पूरी नहीं होने पर लौटी बारात

## युवती के पिता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** विवाह मंडप में दहेज में स्कार्पियो कार की मांग को लेकर वर पक्ष और वधू पक्ष में भिड़ंत हो गई। गालीगलौज के बाद बारात वापस लौट गई। दूसरे दिन भी वर पक्ष की महिलाओं ने वधू पक्ष के घर पर पहुंचकर धमकी दी। युवती के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नगर निवासी सत्यप्रकाश गुप्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसने अपनी पुत्री का विवाह मोहल्ले के ही कारोबारी के साथ तय किया था। रिश्ते की रस्म दोनों पक्षों और रिश्तेदारों की उपस्थिति में 13 दिसंबर को काशीपुर स्थित होटल में संपन्न हुई थी। इसमें लड़के को दो लाख रुपये नगद और डायमंड की अंगूठी समेत छह लाख रुपये खर्च किया था। विवाह 4 मार्च को होना तय हुआ था। उत्तराखंड के काशीपुर स्थित मंडप में 4 मार्च को लगन के कार्यक्रम में 25 लाख रुपये नगद, डायमंड की अंगूठी, सोने की चेन, घड़ी, कपड़े, चांदी के सिक्के समेत करीब चार लाख रुपये का सामान दिया था। लगन के बाद लड़का पक्ष की तरफ से स्कार्पियो कार की मांग की गई। उसके असमर्थता जताने पर दूल्हा, उसके बड़े भाई, भाभी भाई मेरे पुत्र शगुन के साथ मारपीट और खींचतान की। इसके बाद जयमाला कार्यक्रम से पूर्व गालीगलौज कर बारात वापस लेकर आ गए। गुरुवार को सुबह दूल्हे की भाभियों ने जबरन उसके घर में घुसकर धमकी दी और कानूनी कार्रवाई करने पर दूल्हे को जहर देकर झूठे मुकदमे में फंसाने की चेतावनी दी। कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार शर्मा के अनुसार युवती पक्ष की तरफ से तहरीर आई है। जांच के बाद मुक. दमा दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## उमरा कराने के नाम पर अरब में भीख मंगवाने का प्रयास करने वालों के खिलाफ शिकायत

**ठाकुरद्वारा।** उमरा कराने के नाम पर चार विकलांग लोगों से भीख मंगवाने और धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। पीडिघ्त ने धोखाधड़ी करने वाले एंजेट के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। नगर के वार्ड नं 21 निवासी गुलेशर पुत्र जमील सलीम पुत्र वसीर अली, उस्मान पुत्र सुल्तान व क्षेत्र के गांव नन्हूवाला निवासी मौ0 आरिफ पुत्र शमीम, ने बृहस्पतिवार को कोतवाली पुलिस को शिकायत करते हुए कहा है कि वह विकलांग व्यक्ति है। आरोप है कि लगभग 6 माह पहले उसके पड़ोस में रहने वाले दो सगे भाई उसके पास आये और उससे कहा कि हमारे पाकबड़ा निवासी बहनोई गरीब लोगों को अमीर लोगो की मदद से बिल्कुल मुफ्त में हज व उमराह के लिए भेजते हैं। इस बात पर भरोसा करते हुए उसने अपना पासपोर्ट दोनो भाइयों को दे दिया तब उक्त लोग उसे व उसके दो विकलांग साथी गुलशेर व आरिफ को भी मदीना ले गए जंहा जाते ही उक्त लोगो ने उनके पासपोर्ट व मोबाइल फोन छीन लिए और एक कमरे में बंद कर दिया। आरोप है कि उक्त लोगो ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए कहा कि तुमसे यंहा भीख मंगवानी है और अगर कुछ कहा तो तुम्हारी आंख फोड़कर भीख मंगवाएंगे। इनके चंगुल से निकल कर भारत आ गया लेकिन बाकी दोनों विकलांग अभी भी इन्ही लोगों के कब्जे में हैं और अब आरोपी उसे जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं।

## डायल 5903 गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में पलटी, दो पुलिस कर्मी घायल

**ठाकुरद्वारा।** डिलारी इस्लामनगर मुरदाबाद मार्ग पर तेज रफ्तार डायल 112 गाड़ी अनिंयत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। जिसमें सवार दो पुलिस कर्मी मामूली रूप से घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों ने घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। ठाकुरद्वारा क्षेत्र में चल रही डायल 112 नम्बर 5903 पर तैनात संजय कुमार व अरूण कुमार का कहना है कि बृहस्पतिवार को गाड़ी की सर्विस कराने के लिए मुरादाबाद गए थे। वापस आते समय मुरादाबाद डिलारी मार्ग पर गक्खरपुर और मझोली के बीच मोड़ पर गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें दोनो पुलिस कर्मी पलटी गाड़ी से काफी मशक्कत के बाद घायल अवस्था में बाहर निकले। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस कर्मियो ने अपने उच्चाधिकारियो दी। कोतवाली प्रभारी विवेक शर्मा से जानक. ारी की तो उन्होने डायल 112 पलट की कोई जानकारी न होने की बात कही है।

**IIFL FINANCE**

**CIN: L67100MH1995PLC093797**
**Regd. Office:** IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित ऋण खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **10.03.2025** को **सुबह 10 बजे** से निम्नलिखित ज़िला केंद्र **मुरादाबाद-दिल्ली रोड जीएल - 3बी - 303 बुद्धि विहार, प्रथम तल, चरण सिंह चौक चौराहा, इंडियन बैंक के ऊपर, मोरादाबाद, उत्तर प्रदेश 244001** पर संचालित की जायेगी। स्थान या दिनांक में किसी भी बदलाव (यदि कोई हो) नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से नीलामी यहाँ दी गयी तिथि पर संपन्न न की जा सके या एक ही दिन में पूरी न हो, तो आईआईएफएल को कथित नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ आगे की किसी तारीख़ पर संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL23704734, GL23741074, GL31051825, GL31070511, GL31611996, GL31625432, GL31766038, GL31789649, GL31857264, GL31876296, GL32913653, GL32925417, GL33755183, GL33765941, GL33879374, GL31553373, GL31554164, GL31793167, GL31798189, GL31873246, GL31946088, GL31961854, GL25578634, GL33227703, GL33237503, GL33632537, GL33714073.

नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

स्थान: मुरादाबाद
दिनांक: 07.03.2025

# आईएफटीएम में 'नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे' का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ फार्मेसी की ओर से "नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे 2025" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में फार्मेसी शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व मुरादाबाद जनपद की ड्रग इंस्पेक्टर श्रीमती उर्मिला वर्मा ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में फार्मासिस्टों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। ड्रग इंस्पेक्टर श्रीमती वर्मा ने छात्र छात्राओं को फार्मेसी में करियर के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि फार्मेसी का कोर्स करने के बाद बहुत सी संभावनाएं हैं। फार्मेसी का विद्यार्थी सफलता पूर्वक कोर्स करने के बाद ड्रग इंस्पेक्टर, फार्मेसिस्ट, एम. आर. सहित कई मल्टीनेशनल कंपनियों में अनेक पदों पर कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जितने भी सरकारी एवं गैरसरकारी हॉस्पिटल हैं सभी में फार्मेसिस्ट की भर्ती होती है। साथ ही वे अपना खुद का व्यवसाय भी शुरू कर सकते हैं।

फार्मेसी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने श्रीमती वर्मा को बुके और प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। प्रो. वर्मा ने बताया कि प्रोफेसर एम. एल. शर्राफ के जन्म-जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 6 मार्च को पूरे देश में नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर शर्राफ द्वारा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय बनारस में बी. फार्मा. कोर्स को शुरू करने का प्रयास किया गया था और वहाँ इस कोर्स को शुरू भी किया उन्होंने कहा कि प्रोफेसर शर्राफ के फार्मेसी के योगदान को पूरा देश याद करता है और उन्हें नमन करता है। कार्यक्रम के आयोजन सचिव प्रो. अरुण कुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आईएफटीएम विश्व. विद्यालय पिछले तीन दशक से फार्मेसी शिक्षा के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान दे रहा है। प्रो. मिश्रा ने कहा कि भारत में फार्मेसी के प्रोफेसर महादेव लाल शर्राफ पूरे देश में फार्मासिस्टों के लिए प्रेरणा का एक निरंतर स्रोत हैं। उन्होंने भारत में फार्मास्युटिकल शिक्षा और इसके वैज्ञानिक और तकनीकी पहलुओं की उन्नति के लिए जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुशील कुमार ने सभी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. शाहबाज खान, डॉ. अलंकार श्रीवास्तव का सहयोग रहा।



इस अवसर पर फार्मेसी संकाय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बन्द पड़े मधुमक्खी फार्म में चल रही अवैध शराब की फैक्ट्री पर पुलिस ने मारा छापा, भारी मात्रा में शराब बरामद

**कांठ( शाह टाइम्स )** कावड़ पथ पर बंद पडे मधुमक्खी पालन फार्म में चल रही अवैध शराब बनाने की फैक्ट्री पर पुलिस ने छापा मार दिया जिसमे भारी मात्रा में शराब बरामद होने की खबर है। मुखबिर से मिली सूचना पर



पुलिस मौके पर पहुंची और फैक्ट्री को घेर लिया बताया गया कि एक व्यक्ति को पुलिस ने मौके से हिरासत में लिया है जिसके मुताबिक वहां पर खाली बोतलों में शराब भरकर किसी दूसरी कंपनी का मार्का लगाई जा रही थी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सहित जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए और देर रात तक कानूनी कार्रवाई चलती रही समाचार लिखे जाने तक शराब की मात्रा कितनी थी इस कारोबार में कौन-कौन लिप्त थे यह किस तरह से बनाई जा रही थी और इसको कहां सप्लाई करना था पुलिस की और से विधिवत जानकारी नही मिल सकी है।

### भगवा त्रिशूल यात्रा का भव्यता के साथ हुआ स्वागत

**चन्दौसी।** प्रयागराज से शुरू हुई भगवा त्रिशूल यात्रा गुरुवार को संभल जनपद पहुंची जहां यात्रा का स्वागत ढोल-नगाड़ों के साथ किया गया। शहर और देहात इलाके के हजारों हिंदूवादी लोगों ने इसमें भाग लिया। बता दें कि यात्रा में 120 त्रिशूल शामिल हैं। पदाधिकारियों के अनुसार, इन त्रिशूलों की सुबह-शाम आराधना की जाती है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण है। साथ ही मंदिरों का संरक्षण और आधुनिकीकरण भी इसका लक्ष्य है। युवा जागरण, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना, पर्यावरण और जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना भी इसके उद्देश्यों में शामिल है। गुरुवार को भगवा त्रिशूल यात्रा चन्दौसी पहुंची जहां नगरवासियों ने जोरदार स्वागत किया। नगरवासियों द्वारा त्रिशूल भगवा यात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया। इसी तरह बबराला में भी लोगों द्वारा भगवा त्रिशूल यात्रा का भव्यता के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्षा लता वार्ष्णेय, अंकित जैन, सतीश अरोड़ा, मनोज कठेरिया, डॉ टी.एस. पाल, अभिनव शर्मा, राजकुमार ठाकरे, चंद्रसेन दिवाकर, अखिलेश खिलाड़ी, शुभम अग्रवाल, यश मदान, डॉ अमित वार्ष्णेय, आकाश आहूजा, सभासद तरुण नीरज, हरीश अरोरा, अमन कोरी, नवकान्त देव, मनोज दिवाकर, हरेंद्र कोहली, शीनू गुप्ता, कुमुद अग्रवाल, सीमा शर्मा, गीता देवी, मनोज दिवाकर, देवेंद्र गुप्ता, युवराज गुप्ता, रोहित दिवाकर, अमित मित्तल, अनुराग मित्तल, संजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

### फर्जी बीमा पॉलिसी कराने वाले गिरोह का एक अन्य सदस्य गिरफ्तार

**चन्दौसी।** फर्जी बीमा पॉलिसी कराने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के एक सदस्य को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। बता दें कि पूर्व में भी पुलिस द्वारा फर्जी बीमा पॉलिसी कराने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के कई सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा द्वारा खुलासा करते हुए बताया कि विनोद पुत्र पंचम सिंह नि0 ग्राम भागनगर थाना धनारी जिला संभल सम्बन्धित मु0अ0सं0 67/2025 को एक मोबाइल फोन, 11 अदद आईडी, मृत्यु प्रमाणपत्र आदि के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि फर्जी बीमा कराने वाले गिरोह द्वारा मरणासन्न व्यक्तियों के नाम पर वाहन खरीदकर उस वाहन को अनाधिकृत रुप से बेच देना, मरणासन्न व्यक्तियों की उम्र कम कराकर उनके नाम पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत बीमा कराकर अपराध को अंजाम दिया जाता है जिससे बीमा पॉलिसी का गैर कूननी रुप से लाभ ले सकें। अभियुक्त को प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा, उ0नि0 आकाश यादव, हे0का0 सुनील कुमार, सिपाही विष्णु चौधरी द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने की मुलाकात

**मूढ़ापांडे।** कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा से उनके लखनऊ आवास पर भेंट कर कुंदरकी विधानसभा के अनेक ग्रामों में आबादी में मध्य से 4000 केवीए की लाइन को शिफ्ट कराने एवं नगर



पंचायत कुंदरकी में सड़को के निर्माण की मांग की। रामबीर सिंह ने मंत्री अरविंद शर्मा से मांग करते हुए बताया की कुंदरकी विधानसभा के भायपुर, गिलपुरा, हसनगंज, टाहनायक, भेसिया, मिलक भैंसिया, सक्टू नगला, मौहम्मदपुर, सिहोराबाजे, घोसीपुरा, अक्कापाण्डे भोजपुर, ईलर रसूलाबाद, लाडपुर, बिकनपुर, अहमदपुर, जाटवोवाला मजरा, गोवर्धनपुर, लोधीपुर बासु, बरवारा खास, रतनपुर कलां, इमरतपुर उधो, फरेदी, मधोपुरी, फतेहपुर खास, ढकिया जुम्मा, कमालपुर, फतेहाबाद, अहमदनगर जैतवाड़ा, मोहनपुर, बाहपुर मजरा आदि ग्रामों में आबादी के बीच मकानों के ऊपर से 4000 के0वी0ए0 की विद्युत लाईन निकल रही है जिससे इन ग्रामों में सैकड़ों लोगों की विद्युत करंट लगने, तार टूटने से मृत्यु हो चुकी है तथा कई बार लोगों के घरों में आग लगकर काफी नुकसान भी हो चुका है। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित थानाक्षेत्र में मुकदमें भी पंजीकृत कराये गये है। 4000 केवीए की विद्युत लाईन से हर समय हजारों नागरिकों के जीवन पर संकट बना हुआ है। इस विद्युत लाईन को शिफ्ट किये जाने हेतु पर्याप्त मात्रा में समुचित स्थान बराबर में ही उपलब्ध है। जनहित में उक्त 4000 केवीए विद्युत लाईन को उक्त ग्रामों की आबादी से हटाकर अन्य समुचित स्थान पर शिफ्ट कराया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही विधायक रामवीर सिंह ने कुंदरकी नगर पंचायत में मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलीन बस्ती योजना के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर इंटरलोकिंग एवं नाली निर्माण कराए जाने की मांग की। मंत्री अरविंद शर्मा ने सभी कार्यो को प्राथमिकता से कराने का आश्वासन दिया। भेंट के दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, मयंक अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## संभल के शलभ दिल्ली में बने जज

**चन्दौसी।** दिल्ली न्यायिक सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर संभल के मौहल्ला कोटपूर्वी नि0 शलभ गोयल जज बने हैं। एक दिन पूर्व जब वह घर लौटे तो लोगों ने सरथल चौकी से घर तक ढोल-नगाढ़े बजाकर जोरदार स्वागत किया। बता दें कि संभल के मौहल्ला कोटपूर्वी नि0 विनेश कुमार गोयल के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा चन्दौसी में अधिवक्ता है और वह खुद भी अधिवक्ता हैं। परिवार में छोटा बेटा शलभ गोयल शुरु से पढ़ाई में मेधावी रहे। शलभ ने अब दिल्ली न्यायिक सेवा परीक्षा को उत्तीर्ण कर जज बने हैं। शलभ गोयल ने बताया कि इंटरमीडिएट की पढ़ाई सीबीएसई बोर्ड से संभल से ही की है। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक किया और फिर एलएलबी करने के लिए काशी हिंदू विश्वविद्यालय गए। यहीं से एलएलएम भी किया और वर्तमान में के.जी.के. कॉलेज मुरादाबाद के लॉ विभाग में प्रोफेसर डा0 राशिद के निर्देशन में वह पीएचडी कर रह हैं। शलभ ने बताया कि चाचा मुकेश गोयल जो हापुड़ में अभियोजन अधिकारी हैं। उन्होंने इसके लिए प्रेरणा दी और तैयारी की। परिवार व मित्रों के सहयोग मिला तो यह कामयाबी हासिल हुई।

**IIFL FINANCE**

**CIN: L67100MH1995PLC093797**
**Regd. Office:** IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित ऋण खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **10.03.2025** को **सुबह 10 बजे** से निम्नलिखित ज़िला केंद्र **रामपुर-सौकत अली रोड जीएल - ग्राउंड फ्लोर, एचडीएफसी बैंक के पास रामपुर, शौकत अली रोड रामपुर -244901** पर संचालित की जायेगी। स्थान या दिनांक में किसी भी बदलाव (यदि कोई हो) नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से नीलामी यहाँ दी गयी तिथि पर संपन्न न की जा सके या एक ही दिन में पूरी न हो, तो आईआईएफएल को कथित नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ आगे की किसी तारीख़ पर संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL27697957, GL28878552, GL28900182, GL31281796, GL31314767, GL32159813, GL34065609, GL23870193, GL31059603, GL31073203, GL31115274, GL31118163, GL31218463, GL31222761, GL31388036, GL31388979, GL31506591, GL31512103, GL31633113, GL31649202, GL31786289, GL31796811, GL31843695, GL31976540, GL32028323, GL32035623, GL33005903, GL33024367, GL33070518, GL33084575, GL33102932, GL33143013, GL33218302, GL33235626, GL33279286, GL33293219, GL33359050, GL33368266, GL33389342, GL33441042, GL33502069, GL33510572, GL33549196, GL33566367, GL33609891, GL33622431, GL33641609, GL33752597, GL33928834, GL33979433, GL34165712.

नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

स्थान: रामपुर
दिनांक: 07.03.2025

## क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान चन्दौसी के 100 वर्ष हुए पूर्ण

**चन्दौसी।** नगर में 87 एकड़ में फैला क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के 100 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ए.के. वर्मा शामिल हुए। बता दें कि 1925 में ईस्ट इंडिया कंपनी के अधीन 'रेलवे स्कूल ऑफ ट्रांसपोर्टेशन' के नाम से स्थापित यह संस्थान आज जोनल रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के नाम से जाना जाता है। यह संस्थान एक सदी से सुरक्षित रेल संचालन के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर रहा है जहां लोको पायलट, गार्ड, स्टेशन मास्टर समेत सुपरवाइजर स्तर के कर्मचारियों को यहीं प्रशिक्षित किया जाता है। साथ ही ड्राईवर और गार्ड इसी नर्सरी में सीखते हैं। संस्थान के प्राचार्य मोनू लाथरा के अनुसार कर्मचारियों को शारीरिक रुप से स्वस्थ रखने के लिए खेलकूद गतिविधियों के साथ योगी की कक्षाएं भी संचालित होती हैं। तनाव प्रबंधन एवं स्वास्थ्य संबंधी अन्य मामलों के लिए विशेषज्ञों को आमंत्रित कर विशेष कक्षाएं आयोजित की जाती हैं।

**M.V.C. No. 279 /2021**
**IN THE COURT OF THE HON'BLE VITH ADDL DISTRICT & SESSION JUDGE & MACT BELAGAVI AT: BELAGAVI**
**BETWEEN:**
1] Shri Vishwanath S/o Shashikantayya Hiremath ... **Petitioner**
**AND**
1] Shri Prabhat S/o Dharamaveer Singh and others. .. **Respondents.**
**APPLICATION U/O : 5 RULE 20 (A) R/W SEC:151 OF C.P.C.**
Whereas the above named Petitioner have filed this petition for Compensation due to Motor Accident. The Petitioner have sustained the Grievous Injury in the said Accident and the Petitioner have filed the Claim Petition against the Respondents the Respondent No.: 1
SHRI. PRABHAT S/O DHARMVEER SIGH, Age: 39 Years, Occ: Business., R/O: HOUSE NO: 1080 FATEHPUR UTTARI, POST: KHAS DISTRICT:MORADABAD. STATE:UTTAR PRADESH- 999999, Owner of Toyato Etios Car Bearing No. UP-32/EU-2191. No.9012352354.
Therefore the Respondent No : 1 or anybody at large is having any right objections if any may appear in person or through advocate duly instructed on this day of 3/4/ 2025 at sharp 10.30 A.M. failing which the matter will be decided Place on Ex-Parte or merits.
Given under my hand and seal of the court on this 01/03/2025.
**Sd/-C.A.O**
Chief Administrative officer
District Court, Belagavi..
**Sd/-Bench Clerk**
**Sd/-G. A. Hiremath,** Advocate for Petitioner.

**M.V.C. No. 250 /2021**
**IN THE COURT OF THE HON'BLE VITH ADDL DISTRICT & SESSION JUDGE & MACT BELAGAVI AT: BELAGAVI**
**BETWEEN:**
1] Shri Prakesh S/o Vishwanath Hiremath ... **Petitioner**
**AND**
1] Shri Prabhat S/o Dharamaveer Singh and others. .. **Respondents.**
**APPLICATION U/O : 5 RULE 20 (A) R/W SEC:151 OF C.P.C.**
Whereas the above named Petitioner have filed this petition for Compensation due to Motor Accident. The Petitioner have sustained the Grievous Injury in the said Accident and the Petitioner have filed the Claim Petition against the Respondents the Respondent No.: 1
SHRI. PRABHAT S/O DHARMVEER SIGH, Age: 39 Years, Occ: Business., R/O: HOUSE NO: 1080 FATEHPUR UTTARI, POST: KHAS DISTRICT:MORADABAD. STATE:UTTAR PRADESH- 999999, Owner of Toyato Etios Car Bearing No. UP-32/EU-2191. No.9012352354.
Therefore the Respondent No : 1 or anybody at large is having any right objections if any may appear in person or through advocate duly instructed on this day of 3/4/2025 at sharp 10.30 A.M. failing which the matter will be decided Place on Ex-Parte or merits.
Given under my hand and seal of the court on this 01/03/2025.
**Sd/-C.A.O**
Chief Administrative officer
District Court, Belagavi..
**Sd/-Bench Clerk**
**Sd/-G. A. Hiremath,** Advocate for Petitioner.

**M.V.C. No. 787 /2021**
**IN THE COURT OF THE HON'BLE VITH ADDL DISTRICT & SESSION JUDGE & MACT BELAGAVI AT: BELAGAVI**
**BETWEEN:**
1] Smt. Preema W/o Vishwanath Hiremath ... **Petitioner**
**AND**
1] Shri Prabhat S/o Dharamaveer Singh and others. .. **Respondents.**
**APPLICATION U/O : 5 RULE 20 (A) R/W SEC:151 OF C.P.C.**
Whereas the above named Petitioner have filed this petition for Compensation due to Motor Accident. The Petitioner have sustained the Grievous Injury in the said Accident and the Petitioner have filed the Claim Petition against the Respondents the Respondent No.: 1
SHRI. PRABHAT S/O DHARMVEER SIGH, Age: 39 Years, Occ: Business., R/O: HOUSE NO: 1080 FATEHPUR UTTARI, POST: KHAS DISTRICT:MORADABAD. STATE:UTTAR PRADESH- 999999, Owner of Toyato Etios Car Bearing No. UP-32/EU-2191. No.9012352354.
Therefore the Respondent No : 1 or anybody at large is having any right objections if any may appear in person or through advocate duly instructed on this day of 3/4/ 2025 at sharp 10.30 A.M. failing which the matter will be decided Place on Ex-Parte or merits.
Given under my hand and seal of the court on this 01/03/2025.
**Sd/-C.A.O**
Chief Administrative officer
District Court, Belagavi..
**Sd/-Bench Clerk**
**Sd/-G. A. Hiremath,** Advocate for Petitioner.

## कार्यालय ग्राम पंचायत बालापुर

### विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो/मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांक: 06.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत बालापुर में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 13.03.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जसवंत सिंह के घर से तालाब तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, बारीक रेत, रेता, रोड़ी, ईंट, बजरी आदि। | 137351/- | 2748/- | 250/- | 2 माह |
| 2 | मौजा मंडैया मीरपुर में परवीन सिंह के घर से राजू के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, बारीक रेत, रेता, रोड़ी, ईंट, सीसी रोड आदि। | 133065/- | 2621/- | 250/- | 2 माह |
| 3 | मौजा बिठुआढेर में पीडब्लूडी रोड से अकबरपुरियां के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, बारीक रेत, रेता, रोड़ी, ईंट, सीसी रोड आदि। | 285450 /- | 5709 | 250/- | 2 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-बालापुर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# भारत-न्यूजीलैंड 25 साल बाद होंगे आमने-सामने

**● चैंपियंस ट्रॉफीः एक बार फिर दोनों टीमें आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के लिए खिताबी जंग लड़ेंगी**

**दुबई, वार्ता।** आलीशान इमारतों के शहर दुबई में भारत और न्यूजीलैंड के बीच नौ मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को मात देकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया।

25 साल बाद एक बार फिर यह दोनों टीमें आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। भारत और न्यूजीलैंड चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप ए में शामिल थीं। भारत ने ग्रुप चरण के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को हराया था और अब आठ दिन के अंतर दोनों टीमें एक बार फिर आमने-सामने होंगी। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें दो बार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में भिड़ी हैं। आखिरी बार दोनों टीमों के बीच 2021 में विश्व टेस्ट चौंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला खेला गया था। बारिश के कारण छह दिनों तक चले इस खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम भारत पर भारी पड़ी थी और कीवियों ने भारतीय टीम को आठ विकेट से हराया था। दिलचस्प बात यह है कि आईसीसी के सीमित ओवर के प्रारूप में आखिरी बार दोनों टीमें फाइनल में 2000 में आईसीसी नाकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस ट्रॉफी) में खेली थीं। उस समय न्यूजीलैंड ने भारत को चार विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था। उस मैच में सौरव गांगुली की अगुआई वाली भारतीय टीम ने गांग.ुली के 117 रन और सचिन तेंदुलकर के 69 रनों की बदौलत 50 ओवर में छह विकेट पर 264 रन बनाए थे। जवाब में स्टीफन फ्लेमिंग की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड टीम ने लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया था। कीवी टीम के लिए क्रिस कार्न्स ने 113 गेंदों पर नाबाद 102 रन बनाए थे और भारत के मुंह से जीत छीन ली थी। इसके बाद से न्यूजीलैंड ने कभी आईसीसी के सफेद गेंद प्रारूप का टूर्नामेंट नहीं जीता है। न्यूजीलैंड की टीम 2015 और 2019 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची, लेकिन दोनों ही बार उसे हार का सामना करना पड़ा। अब उसका सामना एक और फाइनल में रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम से होगा जो टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए खिताबी मुकाबले में पहुंची है। गत दो मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के बीच इसी दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर मुकाबला हुआ था जिसमें भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 250 रनों का लक्ष्य रखा था। इस मैच में वरुण चक्रवर्ती की अगुआई में भारतीय स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन से टीम इंडिया लक्ष्य का बचाव करने में सफल रही थी। चैंपियंस ट्रॉफी का अपना पहला ही मैच खेलते हुए वरुण ने पांच विकेट झटके थे।






# शमी का लार के नियम पर दोबारा विचार करने का आग्रह

कोविड-19 के दौरान आईसीसी ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी, दो नई गेंद नियम के आने से बिगड़ी स्थिति

दुबई, वार्ता। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आईसीसी से गेंद पर लार का इस्तेमाल करने की मंजूरी देने का आग्रह किया है। कोविड-19 के दौरान आईसीसी ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। इससे तेज गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग कराने में मदद मिलती है, लेकिन अब गेंदबाज इसका इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। गेंद पर लार का इस्तेमाल नहीं करने से गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग कराने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वनडे क्रिकेट में दो नई गेंद का नियम आने से स्थिति और बिगड़ गई है। शमी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई गेंदबाजों ने आईसीसी से लार पर प्रतिबंध पर दोबारा विचार करने का आग्रह किया है। इन गेंदबाजों का तर्क है कि इससे मुकाबले के दौरान बल्लेबाज और गेंदबाजों के बीच सही संतुलन बना रहेगा। शमी ने कहा, हम रिवर्स स्विंग करने का प्रयास करते हैं, लेकिन आप गेंद पर लार का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। हम लगातार लार का इस्तेमाल करने की मंजूरी मांग रहे हैं और रिवर्स स्विंग होने से खेल दिलचस्प हो जाएगा। मैं लय वापस हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं और टीम के लिए अतिरिक्त योगदान देना चाहता हूं। दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाज टीम में नहीं है और मेरे ऊपर ज्यादा जिम्मेदारी है।

## रोजा न रख कर शमी ने किया बड़ा गुनाहः बरेलवी

**बरेली, वार्ता।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष और इस्लामिक रिसर्च सेंटर के संस्थापक और ऑल इंडिया तंजीम उलमा ए इस्लाम के राष्ट्रीय महासचिव मौलाना शहाबुद्दीन रज़्वी बरेलवी ने कहा है कि क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने रमजान के मौके पर रोजा न रखकर बड़ा गुनाह किया है और वह शरीय कठघरे में खड़े हैं। शमी इन दिनो दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मौलाना शहाबुद्दीन ने क्रिकेटर के रोजा न रखने पर एक वीडियो जारी कर कहा कि इस्लाम ने रोजे को फर्ज करार दिया है।

# मुशफिकुर ने वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा



**● जब भी मैं अपने देश के लिए खेलने मैदान पर उतरा, पूरी लगन और ईमानदारी से अपना शत-प्रतिशत से अधिक दियाः रहीम**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने बुधवार देर रात अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। खराब फॉर्म में जूझ रहे मुशफिकुर ने अपने फेसबुक पेज पर अपने संन्यास की जानकारी दी। वह वर्ष 2022 में टी-20 से संन्यास ले चुके है।

मुशफिकुर ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा कि मैं आज एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं। सभी चीजों के लिए अलहमदुलिल्लाह। विश्व स्तर पर मेरी उपलब्धि सीमित रही। जब भी मैं अपने देश के लिए खेलने मैदान पर उतरा तो मैंने पूरी लगन और इमानदारी से अपना शतप्रतिशत से अधिक दिया। पिछले कुछ सप्ताह मेरे लिए चुनौतीपूर्ण रहे और मैंने महसूस किया कि यही मेरी किस्मत है। उन्होंने कहा कि मैं अपने परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों को धन्यवाद करता हूं जिनके लिए मैं पिछले 19 साल तक क्रिकेट खेला। मुशफिकुर चैंपियंस ट्रॉफी में भी संघर्ष करते हुए देखे गए। वह भारत के खिलाफ शून्य और न्यूजीलैंड के खिलाफ मात्र दो रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने आखिरी एकदिवसीय अर्द्धशतक पिछले वर्ष मार्च में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था। इसके बाद वह चोटिल होने की वजह से नवंबर में अफगानिस्तान के खिलाफ दो एकदिवसीय और नवंबर, दिसंबर में वेस्टइंडीज के दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं थे। मुशफिकुर ने बांग्लादेश के लिए 250 से अधिक एकदिवसीय मैच खेले हैं। वह बांग्लादेश में दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

### खेल विशेष

## एसआरएच ने चोटिल कार्स की जगह मुल्डर को टीम में किया शामिल

**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए चोटिल ब्रायडन कार्स की जगह दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्ध्डर को टीम में जगह दी है। एसआरएच ने बतांया कि इंग्लैंड के ऑलराउंडर कार्स चोट के कारण आईपीएल के इस सत्र नहीं खेल पाएंगे। टीम प्रबंधन ने उनकी जगह मुल्डर को 75 लाख रुपये में खरीदा है। मुल्डर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 11 टी-20, 25 एकदिवसीय और 18 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 60 विकेट लिए हैं और 970 रन बनाए हैं। एसस20 में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने डरबन सुपर जायंट्स के लिए खेलते हुए 32 मैचों में 26-21 की औसत और 136-11 के स्ट्राइक रेट से 603 रन बनाए हैं। इसमें तीन अर्द्धशतक भी शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने नौ विकेट भी लिए।

## फुटबॉल टूर्नामेंट सुपर कप 2025 भुवनेश्वर में 21 अप्रैल से शुरु होगा

**भुवनेश्वर, वार्ता।** फुटबॉल टूर्नामेंट सुपर कप 2025 ओडिशा के भुवनेश्वर में 21 अप्रैल से शुरु होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की घोषणा के अनुसार नॉक-आउट प्रारूप वाले इस टूर्नामेंट में 16 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रतियोगिता में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 13 क्लब और आई-लीग के तीन क्लब शामिल होंगे। सुपर कप का पहली बार 2018 में आयोजन किया गया था। इस टूर्नामेंट में आईएसएल टीमों का दबदबा रहा है। वर्ष 2018 में बेंगलुरू एफसी ने इसका खिताब जीता। उसके बाद वर्ष 2019 में एफसी गोवा ने फाइनल में चेन्नईयिन एफसी को हराया। कोविड-19 महामारी के कारण यह टूर्नामेंट 2020 और 2022 के बीच आयोजित नहीं किया गया था।

# आईपीएल में धोनी की सलाह मद्दगार साबित हुईः राहुल त्रिपाठी



**■ धोनी के साथ समय बिताना मेरे लिए सौभाग्य की बात**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर राहुल त्रिपाठी ने कहा है कि वर्ष 2017 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पर्दापण करने पर कैप्टन कूल महेन्द्र सिंह धोनी की सलाह उसके लिए मददगार साबित हुई थी।

हाल ही में गगन नारंग स्पोर्ट्स फाउंडेशन की पहल हाउस ऑफ ग्लोरी पॉडकास्ट में राहुल त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने लीग के दसवें सत्र के दौरान आईपीएल में पदार्पण किया। उस समय वह माही के साथ राइलजग पुणे सुपरजायंट्स टीम का हिस्सा थे। फ्रैंचाइजी के लिए अपने पहले मैच से पहले, पूर्व भारतीय कप्तान धोनी ने त्रिपाठी की घबराहट को शांत करने में मदद की थी। उन्होंने कहा कि अपना पहला मैच खेलने से दो दिन पहले मैं ड्रेसिंग रूम में उन्हें देख रहा था। उन्होंने मुझे बुलाया और कहा कि मैं कुछ भी अतिरिक्त करने या सोचने का प्रयास न करूं और मैं प्रशिक्षण के दौरान जिस तरह से खेल रहा था, वैसा ही खेलने को कहा। इस सलाह से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। माही की सलाह ने वास्तव में मेरी घबराहट को शांत किया। उन्होंने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनके साथ समय बिताने का मौका मिला। क्रिकेट जगत में कई लोगों का सपना होता है कि वे उनके साथ क्रिकेट के अनुभव साझा करें और उनके साथ खेलें।

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार राहुल ने 31 साल की उम्र में जनवरी 2023 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के दौरान भारत के लिए अंतर्राष्ट्रीय मैच में पर्दापण किया। राहुल ने उस पल को याद करते हुए कहा जब उन्हें अपनी पहली टी-20 कैप मिली थी। अपनी कड़ी मेहनत और धैर्य के अलावा, राहुल ने अपनी सफलता का श्रेय पूर्व भारतीय क्रिकेटर धोनी और भारतीय टीम के बल्लेबाजों को जाता है।

# शकील टाइम आउट होने वाले सातवें बल्लेबाज

लाहौर, वार्ता। पाकिस्तान के सउद शकील प्रथम श्रेणी क्रिकेट में निर्धारित समय में क्रीज पर नहीं पहुंचने पर टाइम आउट करार दिये गए। वह टाइम आउट होने वाले दुनिया के सातवें बल्लेबाज है। पाकिस्तान के प्रथम श्रेणी घरेलू टूर्नामेंट प्रेसीडेंट ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान की ओर से खेल रहे शकील दो गेंद पर दो विकेट गिरने के बाद तैयार नहीं होने के कारण निर्धारित समय के भीतर क्रीज पर नहीं पहुंचे। विपक्षी पीटीवी टीम के कप्तान अमाद बट ने निर्धारित तीन मिनट के अंदर क्रीज पर नहीं पहुंचने पर आउट की अपील कर दी।

अंपायरों ने तीन मिनट के अंदर क्रीज पर नहीं पहुंचने के कारण शकील को टाइम आउट करार दिया। टाइम आउट का वाक्या वर्ष 2023 एकदिवसीय विश्वकप में उस समय सामने आया था जब एंजेलो मैथ्यूज को बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन के द्वारा अपील की गई और आउट करार दिया गया था वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में इस तरह आउट करार दिये गए पहले बल्लेबाज थे। प्रथम श्रेणी मुकाबले में मोहम्मद शहजाद ने उमर अमीन और फवाद आलम को लगातार दो गेंद में आउट कर दिया था और उनकी हैट्रिक होने वाली थी। शकील के इस तरह आउट होने के बाद इरफान खान बल्लेबाजी करने आए और वह पहली ही गेंद पर आउट हो गए जिससे शहजाद ने हैट्रिक पूरी की।

# स्पिनरों के खिलाफ रन उगल रहा विराट कोहली का बल्ला



**● कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पुरानी फॉर्म को हासिल करते हुए लेग स्पिन के खिलाफ आ रही दिक्कतों पर भी पार लिया है**

**दुबई, वार्ता।** गत वर्ष बॉर्डर- गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पर्थ टेस्ट में शतक के बाद लगातार रनों के लिए जूझ रहे विराट कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पुरानी फार्म को हासिल करते हुए लेग स्पिन के खिलाफ आ रही दिक्कतों पर भी पार लिया है। पाकिस्तान के खिलाफ शतक और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रन की पारी के दौरान विराट एक बार फिर नई ऊंचाइयां छूने को आतुर दिख रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में अगर वह शतक से 16 रन से चूके नहीं होते तो यह उनका 52वां वनडे शतक होता। हालांकि वह मायूस नहीं होंगे। वह लंबे समय से स्पिनरों के खिलाफ परेशान चल रहे थे। इस दौरान वह इससे पूरी तरह उबरते दिखाई दिए। साथ ही उन्होंने 98 गेंद में सिर्फ पांच चौके लगाते हुए एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अर्द्धशतक जड़ा, जिसने अतीत में कई बार भारत का दिल तोड़ा है। हालांकि, यह चमत्कार रातोंरात नहीं हुआ है। इसके पीछे उनकी कड़ी मेहनत छुपी है। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले नेट पर दो घंटे ज्यादा बिताए चूंकि बांग्लादेश के खिलाफ स्पिनर रिशाद हुसैन ने उन्हें आउट किया था। उन्होंने पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को बखूबी खेला लेकिन ऑस्ट्रेलिया के एडम जैम्पा अलग लीग के गेंदबाज हैं। दुबई की धीमी पिच पर दूसरी पारी में गेंदबाजी से जैम्पा को और मदद मिली। पहली बार दोनों का सामना 2017 में हुआ था जब जैम्पा ने सफेद गेंद के प्रारूप में कोहली को पांच बार आउट किया। इसके बाद से कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज लेग स्पिनर को जवाबी हमले से रोका है। चैंपियंस ट्रॉफी के मैच से पहले उनके खिलाफ 107 की स्ट्राइक रेट से वह 245 गेंद में 264 रन बना चुके थे। सेमीफाइनल में कोहली ने जैम्पा की 24 गेंद में 23 रन बनाए। जीत के लिए 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यह शानदार तो नहीं लेकिन प्रभावी प्रदर्शन रहा। उन्हें जैम्पा ने ही आउट किया लेकिन तब तक वह अपना काम कर चुके थे। अब भारत का सामना फाइनल में न्यूजीलैंड से होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम इस चैंपियंस ट्रॉफी में दूसरी बार खेलने उतरेगी।

# पाक पत्रकार पर बरसे बीसीसीआई उपाध्यक्ष

**■ चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को दुबई में खेलने का फायदा हो रहा है, सवाल नागवार गुजरा, एक ही स्थल पर खेलने के फायदे को किया खारिज**

**लाहौर, वार्ता।** बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला पाकिस्तानी पत्रकार के उस सवाल पर भड़क गए, जिसमें उन्होंने उससे पूछा कि क्या चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को दुबई में खेलने का फायदा हो रहा है। इस आईसीसी टूर्नामेंट का मेजबान पाकिस्तान है, लेकिन भारत ने इसके लिए पड़ोसी देश की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था जिसके बाद आईसीसी ने भारत के सभी मुकाबले दुबई में कराने का फैसला किया था।

विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को एक ही स्थान पर खेलने का फायदा हो रहा है। राजीव शुक्ला दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच लाहौर में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच देखने गए थे और उस दौरान उनसे यही सवाल पूछा गया। बीसीसीआई उपाध्यक्ष इस सवाल पर भड़क गए और उन्होंने पाकिस्तानी पत्रकार को करारा जवाब दिया। राजीव ने कहा कि भारत पिच नहीं, बल्कि अपने प्रदर्शन पर निर्भर रहती है। राजीव शुक्ला ने कहा, जब आईसीसी स्तर पर यह निर्णय लिया गया था तो यह तय किया गया था कि भारत के मैच दुबई में होंगे और बाकी मैच पाकिस्तान में होंगे इसलिए यह निष्पक्ष या अनुचित का सवाल नहीं है। भारतीय टीम पिचों पर निर्भर नहीं करती है, यहां तक कि दुबई में भी अलग-अलग तरह की पिचें हैं। टीम अपने प्रदर्शन के आधार पर खेलती है, खिलाड़ी अपनी ताकत के आधार पर खेलते हैं और पिचों पर निर्भर नहीं होते हैं। राजीव शुक्ला ने इस दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच तटस्थ स्थल पर द्विपक्षीय सीरीज की संभावनाओं के बारे में भी पूछा गया। इसे लेकर बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कहा कि यह बहुत स्पष्ट है कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट की बहाली भारत सरकार की मंजूरी के अधीन है। वहीं, द्विपक्षीय सीरीज तटस्थ स्थल पर खेलना बीसीसीआई के नीति नहीं रही है। उन्होंने कहा, जहां तक आप दोनों देशों के बीच क्रिकेट के बारे में पूछ रहे हैं तो यह बहुत स्पष्ट है कि यह भारतीय सरकार का फैसला है। भारत की सरकार जो भी कहेगी, हम उनके अनुसार चलेंगे।

# गोल्फ टूर्नामेंट हीरों इंडियन ओपन का शुभारंभ 27 मार्च से

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत का बहुप्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंट हीरो इंडियन ओपन 2025 आगामी 27 से 30 मार्च तक गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेला जायेगा। गुरुवार को यहां आयोजित एक समारोह में भारतीय गोल्फ संघ द्वारा सह-स्वीकृत हीरो इंडियन ओपन टूर्नामेंट के शुभारंभ की घोषणा की गई। टूर्नामेंट में जैक्स जोहान्स, जूलियन ग्यूरियर, एंजेले, फ्रेडरिक , डेविड रेवेटो, इवेन फर्ग्यूसन और गुइडो मिग्लिओजी जैसे नामी हिस्सा लेंगे। इस टूर्नामेंट में जीत हासिल करने वाले भारतीय गोल्फरों को डीपी वर्ल्ड टूर पर अगले वर्ष के लिए पूर्ण कार्ड प्राप्त करने का अवसर मिलता है। समारोह में टूर्नामेंट के लिए 22-5 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि घोषणा की गई है। जापान के 24 वर्षीय गत विजेता कीता नाकाजिमा इस टूर्नामेंट में नेतृत्व करेंगे। नाकाजिमा के साथ एक और पिछले विजेता जर्मनी के मार्सेल भी होंगे। इस अवसर पर हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी उपाध्यक्ष संजय ने कहा कि हीरो इंडियन ओपन सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है यह भारतीय गोल्फ के विकास और वैश्विक मंच पर इसकी बढ़ती प्रमुखता का प्रमाण है। हीरो इंडियन ओपन 2025 की घोषणा के साथ हमें भारत के राष्ट्रीय ओपन के साथ अपनी दो दशक लंबी साझेदारी का विस्तार करने पर गर्व है। यह टूर्नामेंट यहां की गोल्फ विरासत की आधारशिला है। हीरो मोटोकॉर्प भारत और वैश्विक स्तर पर खेलों को समर्थन देने और उन्हें आगे ले जाने में अपनी विरासत को बढ़ाने के लिए समर्पित है।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में एमडीए की समीक्षा बैठक आयोजित

## एमडीए के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार द्वारा विभिन्न विभागों से नक्शा पास करवाने संबंधी लम्बित आवेदनों के संबंध में मण्डलायुक्त को कराया अवगत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक कमिश्नरी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मण्डलीय एकीकृत कार्यालयों के निर्माण प्रगति के संबंध में चर्चा की गयी, जिस पर मण्डलायुक्त ने वीसी एमडीए को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जमीनों का अच्छे से सर्वे करवाकर अग्रिम कार्यवाही की जाये। इसके साथ ही बैठक में एमडीए के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार द्वारा विभिन्न विभागों से नक्शा पास करवाने संबंधी लम्बित आवेदनों के संबंध में मण्डलायुक्त के समक्ष प्रकरणों को रखा गया, जिस पर मण्डलायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को नक्शा पास करवाने संबंधी एक समयान्तर्गत व्यवस्था बनाकर पेडेंसियों को दूर करने के निर्देश दिए। बैठक में एक्सईएन सिंचाई विभाग द्वारा प्रतिभाग न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने बैठक में उपस्थित एसडीओ सिंचाई को नक्शा संबंधी एनओसी उपलब्ध न करवा पाने और सिंचाई विभाग द्वारा किए जा रहे सर्वे संबंधी पूरी डिटेल सहित उच्च अधिकारियों के साथ अलग से प्रस्तुत होने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएफओ,मुरादाबाद को नक्शा संबंधी एनओसी पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में सोनकपुर योजना, कांशीराम योजना सहित अन्य मुरादाबाद विकास प्राधिकरण से संबंधित योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गयी, जिस पर मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता स्तर पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद अनुज सिंह, उपाध्यक्ष मुरादाबाद विकास प्राधिकरण शैलेश कुमार, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी नगर सुश्री ज्योति सिंह, सचिव एमडीए श्रीमती अंजुलता, सिटी मजिस्टेट श्रीमती किंशुक श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी सदर डा0 राममोहन मीना, अपर नगर आयुक्त सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



# लिमिट से ज्यादा गेहूं का भंडारण मिला तो होगी कार्रवाई

**कांठ ( शाह टाइम्स )** गेहूं खरीद शुरू होने के साथ ही प्रशासन ने गेहूं भंडारण करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शासन ने थोक और फुटकर गेहूं विक्रेताओं के भंडारण की लिमिट भी तय कर दी है। इससे अधिक स्टॉक मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। संभागीय खाद्य नियंत्रक ने इसके लिए मंडल भर के गेहूं खरीद कार्य से जुड़े अधिकारियों को इस पर निगरानी के लिए कहा है। चेकिंग के लिए बृहस्पतिवार से अभियान भी प्रारंभ कर दिया गया है। जिले में एक मार्च से गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्र खुल गए हैं। हालांकि इन केंद्रों पर अभी तक गेहूं की खरीद शुरू नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन ने किसानों से सीधी खरीद सुनिश्चित करने के लिए आढ़तियों व बिचौलियों पर अभी से शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। संभागीय खाद्य नियंत्रक शैलेष कुमार ने गेहूं खरीद कार्य से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों का गेहूं खरीदने के लिए व्यवस्था करने तथा उनका भुगतान खाते में 48 घंटे के भीतर पहुंचना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश के मुताबिक ट्रेडर और थोक विक्रेता अपने पास 1000 मीट्रिक टन तथा फुटकर विक्रेता पांच मीट्रिक टन गेहूं स्टॉक में रख सकते हैं। इसके लिए संबंधित विक्रेताओं को पांच मार्च तक का समय दिया गया था। उन्होंने कहा कि इस अवधि के बाद इससे अधिक गेहूं मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### होली को लेकर थाने में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन, डीजे की बेस तेज हुई तो होंगे सीज

**कांठ( शाह टाइम्स )** होली का पर्व शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए आज थाना कांठ और छजलेट में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन एसडीएम और सीओ की अध्यक्षता में किया गया जिसमें आए नगर के लोगों से उन्होंने साफ कहा कि होली के जुलूस के दौरान यदि डीजे की बेस तेज हुई तो इस बार सख्त कार्रवाई की जाएगी हालांकि नगर के लोगों ने उन्हें हर बार




की तरह इस बार भी होली का पर्व शांतिपूर्वक और सौहार्द के साथ मनाए जाने का आश्वासन दिलाया। लेकिन अधिकारियों ने साफ कह दिया कि अगर त्योहार के मौके पर किसी प्रकार की गड़बड़ी हुई तो दोषी लोगों के खिलाफ भी कार्यवाही होगी कुछ लोगों का कहना था कि थाने में बैठकर शांति और सौहार्द की का भरोसा दिलाने वाले लोग जुलूस के दौरान उपस्थित नहीं रहते। लोगों ने त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने में अग्रणी भूमिका निभाएं बाले लोगो को बुलाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर नगर एवं क्षेत्र के काफी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### कस्तूरबा में शिक्षकों की कमी को पूरा करने का काम करेंगे भावी शिक्षक: एसडीएम

**कांठ( शाह टाइम्स )** एसडीएम संत दास पवार ने आज कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने साफ सफाई एवं शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के निर्देश दिए उन्होंने बच्चों के लिए बनाए जाने वाले खाद्य पदार्थ के रखरखाव का निरीक्षण किया स्टोर को चेक किया और



बच्चों की कक्षाओं में जाकर शिक्षा के स्तर की जांच की स्टाफ द्वारा शिक्षको की कमी की शिकायत का भी उन्होंने तुरंत समाधान निकाल लिया उन्होंने कहा कि डायट में ट्रेनिंग ले रहे भविष्य के शिक्षकों को कस्तूरबा बालिका विद्यालय में पढाने का मौका दिया जाएगा जिससे ट्रेनर शिक्षक अपनी ट्रेनिंग भी पूरी करेंगे और इसके साथ-साथ उन्हें स्कूल में पढ़ने का मौका भी मिलेगा इससे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बच्चों को अच्छी शिक्षा भी प्रदान की जा सकेगी उन्होंने स्कूल के रखरखाव सफाई और अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया लेकिन कोई कमी पाए जाने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी।

### नाबालिग लड़की को भगाने के मामले में कई पर एफआईआर

**कांठ( शाह टाइम्स )** नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर कर भगाले जाने के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मामला खानखाना. पुर उर्फ बिचपुरी का है ग्रामीण का कहना है कि उसकी पुत्री को अजरुध्दीन पुत्र इकरामुद्दीन निवासी कशेरूवा थाना गजरौला बहला फुसलाकर ले गया और लड़की घर से 90 हजार रुपए व सोने के आभूषण लेकर चली गई । आरोपी की मदद उसके पिता इकरामुद्दीन छोटा भाई शारुख खान व चाचा खुशबु ने भी की। नन्हे खान ने भागने में सहयोग के लिए अपनी मोटरसाइकिल जिसका नं0 UP 32 ˘ 6775 दी। पुलिस ने लड़की बरामद करने के लिए तलाश शुरू की है।

### मिष्ठान की दुकानों से संग्रहित किए नमूने

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी संभल के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन संभल की टीम ने गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गढ़ी विचोला स्थित फैसल खान स्वीट्स से रंगीन रसगुल्ला का नमूना तथा नगर पंचायत गुन्नौर में स्थित माया स्वीट्स से खोया का नमूना तथा गवां नगर पंचायत में स्थित प्रदीप अग्रवाल के स्पेलर से सरसों का तेल तथा मोहनलाल एंड संस के प्रतिष्ठान से नमकीन का नमूना संग्रहित किया गया। सभी संग्रहित नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला में प्रेषित किया गया है। विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार होली पर्व के दृष्टिगत जनपद में शुद्ध खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।




### दहेज को लेकर महिला से मारपीट बच्चों को घर से निकाला, एफआईआर दर्ज

**कांठ ( शाह टाईम्स )** मोहम्मद पुर भगवानदास गांव की रहने वाली सुदेशना की शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार साढ़े 6 साल पहले शिवम पुत्र रामकिशन निवासी मोहल्ला प्रकाश नगर ईदगाह थाना पटेल नगर देहरादून के साथ हुई थी।

माता-पिता ने हैसियत से ज्यादा दान दहेज दिया था, परंतु दहेज से पति शिवम खुश नहीं था और कम दहेज का ताना देकर मारता पीटता था । गरीब होने की वजह से सारे जुल्म सहती रही लेकिन 5 फरबरी को दोपहर 12 बजे उसने मारपीट शुरू कर दी और तन्हा कपड़ों में दोनों बच्चों के साथ घर से निकाल दिया अगले दिन वह गांव आया और गाली गलौच करते हुए 5 लाख की मांग को मना करने पर मारपीट गाली गलौच शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का डायट में आयोजन

### प्रतिभाशाली बच्चों को किया सम्मानित

**कांठ( शाह टाइम्स )** शिक्षा विभाग द्वारा हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन डायट स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी व उपस्थित पद अधिकारीयो द्वारा सयुक्तरुप से दीप प्रज्वलित करके किया गया कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राथमिक विद्यालय माननगर, कांठ की बालिकाओं द्वारा बालिका शिक्षा पर कविता प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम में बालवाटिका आयुवर्ग 05 से 06 वर्ष एवं विद्यालय में नामांकित कक्षा 01 एवं कक्षा 02 के प्रत्येक न्याय पचायत 5 को बच्चो को प्रमाण पत्र मेडल स्टेशनरी किट आदि से सम्मानित किया गया बताया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा निर्देशों के अन्तर्गत बुनियादी साक्षरता एवं प्राथमिक दक्षता प्राप्त करने हेतु पूर्व-प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमिकरण किया जाना लक्षित है।

प्रदेश में निपुण लक्ष्यों की सम्प्रप्ति आयुवर्ग 05 से 08 वर्ष के समस्त बच्चों के लर्निग आउटकट के माध्यम से प्राप्त किया जाना है जिसके अन्तर्गत बालवाटिका आयुवर्ग 05 से 06 वर्ष एवं विद्यालय में नामांकित कक्षा 01 एवं कक्षा 02 के समस्त बच्चें सम्मिलित है। हमारा आगंन-हमारे बच्चें उत्सव कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी एस0आर0जी0 रितु त्यागी एस0आर0जी0 संजय विशाल कपिल सिरोही अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट गौरव यादव अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ छजलैट आदर्श त्यागी अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट विरेन्द्र कुमार अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघसम्बद्व-अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ समस्त ए0आर0पी0 गौतम सिंह अरूण कुमार पंकज कुमार मनीष कुमार व टीकाराम सिंह) प्राथमिक स्तर से नोडल अध्यापक (प्राथमिक/ कम्पोजिट) परिषदीय विद्यालय छजलैट शहनवाज सहा0लेखा0



भुवनेश प्रियंका रानी दीपिका गुप्ता बृजेन्द्र विश्नोई समस्त कार्यालय स्टाफ आंगबाड़ी कार्यकत्री एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावक आदि उपस्थित रहे। संचालन गौतम सिंह ए0आर0पी0 एवं समापन खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार के उघबोदन के उपरांत किया गया।

# रिंग रोड के लिए अधिग्रहित की जाने वाली किसानों की जमीनों को मुफ्त में नहीं लेने देंगे: यशपाल

**कांठ( शाह टाइम्स )** भारतीय किसान यूनियन के नेता चौधरी यशपाल सिंह ने बताया कि मुरादाबाद के रिंग रोड के लिये करीब 119 गांव के 8000 लोगों की जमीन विकास प्राधिकरण खरीदेगा। इसकी सूचना मिलते ही किसानों में एक डर का माहौल पैदा हो गया है।

एन एच द्वारा पूर्व में खरीदी गई जमीन भी किसानों से औने-पौने दामों में खरीद ली गई थी। खरीदी गई जमीन बाजार रेट से लगभग चौथाई दामों में खरीदी गई। इसी को देखते हुए मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने भी अपनी चाल चली। और सस्ते दामों में मिल रही जमीन को कब्जाने का फार्मूला तय कर लिया। विकास प्राधिकरण ने सरकार को एन एच रिंग रोड मुरादाबाद के दोनों तरफ 30- 30 मीटर जमीन खरीदने का प्रस्ताव दिया जिसमे 120 गांव के लगभग 8000 किसानों की जमीन खरीदी जाएगी। जिसमें शेर धर्मपुर, सोनपुर, भीमा ठेर, मऊ, चौधरपुर, मनोहरपुर उमरी, गन्नौर माफी ,गजगोला, समथल, हसनपुर, मछरिया, देवापुर, सिरसा त्रिलोकपुर ,मोरा भटावली, अगवानपुर,मौहब्तपुर बसंतपुर, हमीरपुर , इस्लामनगर, सैदपुर खादर, हरदासपुर, फाजलपुर, बवकरपुर, छूटवा वाला, दादूपुर, खानपुर, ताजपुर ,भैंसिया, गोट,बीजना, मोन्दनीपुर, ठीकरी ,साहू नगला ,डिलारी,याकूतपुर, लक्ष्मीपुर पांडे, बागड़पुर, गुरेठा, शाह आलमपुर, उत्तमपुर बघेल, सिकंदरपुर, मेहल. कपुर, बकैनिया, जैतिया, रुस्तमपुर खड़गपुर, घोसीपुरा लालपुर , रुस्तमपुर सराय आदि शामिल है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर नौ सिंह ने बताया कि अब किसानों को लुटने से बचाने के लिए भारतीय किसान यूनियन एक बड़ा आंदोलन छेड़ने जा रही है। प्रशासन को किसी भी कीमत पर पूर्व की भांति औने-पौने दामों पर किसानों की जमीन नहीं लेने दिए जाएगी। भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता चौधरी यशपाल सिंह ने कहा कि जल्द ही भारतीय किसान यूनियन इस आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर सबसे पहले गांव-गांव जाकर किसानों में जागरूकता अभियान चलाएगी। यह लड़ाई किसानों को इकट्ठा होकर लड़ने की है। विकास प्राधिकरण किसानों से औने-पौने दामों में जमीन खरीद कर मार्केट में उच्च दामों पर बेचकर काफी पैसा कमाना चाहता है। परंतु विकास के नाम पर किसानों को बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा। संगठन के लोगों से संगठित होकर इस लड़ाई को जारी रखा जाएगा।

# गड्ढों में तब्दील हुईं सड़कें, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की हालत जर्जर है जिससे स्थानीय ग्रामीणों व यात्रियों के लिए समस्या का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण इलाकों में सड़कें टूट-फूट और गड्ढों से भरी हुई हैं, जिससे वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है। कई स्थानों पर सड़कों के गड्ढे इतने गहरे हैं कि उन्हें पार करना जोखिम भरा हो गया है। इसके परिणामस्वरूप स्थानीय लोगों को लंबी दूरी तय करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि किसानों को अपनी उपज को बाजार तक पहुंचाने में भी दिक्कत हो रही है। यही हाल तहसील चन्दौसी अंतर्गत थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र में बिचौटा चौराहे से मैनपुरी होते हुए पैगारफातपुर, स्योंडारा से रीठ की दिशा को जाने वाली सड़क, गुरगांव, दम्बूनगला आदि ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों का है। पूर्व में इन सड़कों के गड्ढे भरे गये थे परंतु गड्ढे भरने के बाद ही सड़क फिर से उखड़ गई और गड्ढों में तब्दील हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, बिचौटा चौराहे से पैगारफातपुर तक का तीन किलोमीटर सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत चार वर्ष पूर्व हुआ था। सड़क के निर्माण में घटिया सामग्री लगाने की वजह से सड़क एक वर्ष बाद से ही पूरी तरह से उखड़ गई और जगह-जगह सड़क में गड्ढे बन गए। बता दें कि ग्रामीण इलाकों में विकास की गति धीमी होने के कारण सड़क मरम्मत कार्य में कोई विशेष प्रगति नहीं हो पा रही है। सरकार द्वारा कई बार ग्रामीण सड़क सुधार योजनाओं की घोषणाएं की गई हैं, लेकिन इन योजनाओं की सही तरीके से क्रियान्वयन में कमी दिखाई दे रही है।



# ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति ने की बैठक

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन में गुरुवार को ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक प्रभारी बाल विकास परियोजना आधिकारी लक्ष्मीना देवी की अध्यक्षता में विकास खण्ड गुनौर सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बाल. कों को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और सरक्षंण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। बाल विकास परियोजना अधिकारी, मालती यादव द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम-2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपाल यादव ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 181, 112, 1076 आदि हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकाल स्थिति में किया जा सकता है के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। बाल विकास परियोजना आधिकारी ने बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में सहायक विकास अधिकारी उमेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी (एस0टी0) सुमित चौहान, शिक्षा विभाग से अंकित कुमार, पुलिस विभाग से (एस0आई) विजय सिंह, अरूण कुमार परामर्शदाता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




# त्रिदिवसीय युवा महोत्सव के अंतर्गत हुई मेंहदी व पोस्टर प्रतियोगिता

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज चंदौसी में रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब के तत्वाधान में त्रिदिवसीय युवा महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ हेमंत कुमार ने मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद और रानी रामकली के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्चन कर करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की गरिमा अक्षुण्य है, आज की युवा पीढ़ी को संस्कृति से परिचित कराना ही महत्वपूर्ण कार्य है।

डॉ. जितेंद्र कुमार ने युवाओं को भारतीय संस्कृति को संजोए रखने की प्रेरणा दी। अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉ. राम अधार सिंह यादव, संयोजक रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब ने क्लब के द्वारा भारतीय संस्कृति को संजोकर रखने की प्रयासों के विषय में जानकारी देते हुए युवा महोत्सव की उपादेयता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। पोस्टर प्रतियोगिता में कृति दुबे प्रथम, ग्रीष्मा द्वितीय तथा अरुण शंखधर तृतीय स्थान और निकिता भारती ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

विश्व गुरु भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मणिका मिश्रा एवं दुष्यंत कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में डॉ. पी.वी.तिवारी, डॉ नीरज मलिक, डॉ अजय प्रकाश, अमरजीत मौर्य, अनुराधा, डॉ सुधा वर्मा, डॉ. गीता शर्मा, डॉ. विशेष कुमार पांडेय, डॉ. स्तुति वशिष्ठ, डॉ कादंबरी मिश्रा, डॉ. ज्योति, डॉ. नेहा आदि मौजूद रहे।

# आईएफटीएम में दो दिवसीय 'पांचवां किसान मेला सुहावन' हुआ सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग की ओर से दो दिवसीय "5वां किसान मेला सुहावन-2025" सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। किसान मेले में दूसरे दिन भी विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स जैसे कि पौध नर्सरी, अचार, जैविक, शहद, फर्टिलाइजर, बीज, ट्रैक्टर और कार आदि के कुल 40 स्टाल्स द्वारा मेले में उपस्थित विद्यार्थियों एवं किसानों को अपने-अपने उत्पादों के संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। इस मेले का मुख्य उद्देश्य कृषि के क्षेत्र में नवीनतम, तकनीक और आधुनिक संसाधनों की जानकारी तथा नवाचारों को किसानों और विद्यार्थियों तक पहुंचाना था। मेले में विशेषज्ञों द्वारा कृषि संरक्षण, जैविक खेती जल संरक्षण, ड्रिप इरीगेशन और कृषि तकनीक पर विशेष व्याख्यान दिए गए। साथ ही किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और अनुदानों की जानकारी दी गई। इस आयोजन में कृषि से जुड़े रोजगार के अवसरों, कृषि उद्यमिता और एफपीओ की जानकारी दी गई, ताकि विद्यार्थी इस क्षेत्र में अपना कैरियर बना सकें। मेले में आए किसानों ने खेती से संबंधित अपने अनुभव साझा किए और नई तकनीक को अपनाने की इच्छा भी जताई। मेले में खेती उपकरणों जैसे ड्रोन सिस्टम, जैविक खाद और ऑर्गेनिक फूड, प्रोडक्ट ऑर्गेनिक कलर, पशुपालन और उद्यानिकी से संबंधित विभिन्न स्टाल लगाए गए, जिनके माध्यम से किसानों और विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन मिला। इस किसान मेले के आयोजन में विद्यार्थियों की कृषि के क्षेत्र में अपना करियर बनाने और स्वरोजगार को समझने का अवसर मिला। किसान मेले के दूसरे दिवस के दूसरे सत्र में ड्रोन का प्रैक्टिकल डेमोंसट्रेशन दिखाया गया, जिसमें उद्यमकर्ता विद्यार्थियों और विद्यार्थियों को ड्रोन के माध्यम से फर्टिलाइजर, पेस्टिसाइड, खपतवार नाशक का घोल बनाकर खेतों में इसके छिड़काव के बारे में बताया गया।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक कृषि, मुरादाबाद मंडल श्री जीवन प्रकाश का बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में किसानों एवं बच्चों को स्टार्टअप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उद्यमिता बढ़ाने की दिशा में किसानों एवं विद्यार्थियों का ध्यान केंद्रित करते हुए बताया कि आज के समय में संभावनाओं की कमी नहीं है। साथ ही उन्होंने आईएफटीएम के इनक्यूबेशन सेंटर के बारे में भी बताया कि वह किस तरह से किसान भाइयों के लिए काम करता है। इस दौरान संयुक्त निदेशक कृषि, श्री प्रकाश ने अनेक सरकारी योजनाओं की जानक. ारी देते हुए बताया कि खेत तालाब योजना के अंतर्गत किसानों को तालाब खुदवान के लिए सब्सिडी दी जाती है। उन्होंने किसान समृद्धि योजना पर प्रकाश डालते हुए गन्ने की पराली नहीं जलाने व खेतों की मेड़बंदी की राय दी। इसके अलावा डॉ. दीपक कुमार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्य योजनाओं जैसे



आईसीडीपी, एनएफ बीज वितरण के बारे में भी किसान भाइयों के साथ विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम के समापन में एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल ने सभी मुख्य अतिथियों, विश्व. विद्यालय के अधिकारीगणों, सभी कंपनियों के आए प्रतिनिधियों, फैकेल्टी मैम्बर्स, किसानों, मीडिया एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 7 मार्च 2025

## चीन की प्रतिक्रिया

आखिर वही हुआ जिसकी आशंका व्यक्त की जा रही थी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी योजना के अनुसार उन देशों पर भारी टैरिफ लगाना शुरू कर दिया, जिनके विषय में वह पहले से ही कहते रहे हैं। उनकी योजना दो अप्रैल से शुरू हो जाएगी। इस समय उनके निशाने पर मैक्सिको, कनाडा, भारत, चीन मुख्य रूप से हैं। हालांकि उनकी योजना उन सभी देशों के लिए है, जो अमेरिका के उत्पादों पर टैरिफ लगाते रहे हैं। ट्रम्प का मानना है कि वह टैरिफ के मामले में किसी पर भी रियायत नहीं करेंगे और जैसे को तैसे की भाषा में जवाब देंगे। जहां तक बात मैक्सिको व कनाडा की है, उन पर तो टैरिफ लगाने की बात समझ में आती है लेकिन भारत जैसा मित्र देश जो अमेरिकी उत्पादों को लेकर इस समय काफी नर्मी दिखाता रहा है और अभी तक उसने अमेरिकी राष्ट्रपति की टैरिफ को लेकर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है उससे भी पता चलता है कि भारत अमेरिका के साथ किसी तरह का व्यापारिक टकराव नहीं चाहता, जबकि मैक्सिको, कनाडा और चीन ने अमेरिका के साथ टैरिफ युद्ध में चुनौती देनी शुरू कर दी है और बदले में यह देश भी अमेरिका के उत्पादों पर शुल्क लगा रहे हैं। अब यह लड़ाई कहां तक जाएगी या व्यापार तक ही सीमित रहेगी या व्यापार से आगे भी निकल सकती है, क्योंकि जैसी कठोर प्रतिक्रिया इस समय चीन की तरफ से देखने को मिली है, वह दुनिया के लिए ठीक नहीं है। चीन ने यहां तक कह दिया है कि वह अमेरिका के साथ युद्ध में हर हद तक जाएगा। चाहे व्यापारिक युद्ध हो चाहे अन्य कोई और, वह पूरे दम-खम के साथ अमेरिका से लड़ेगा। जिस तरह चीन ने अपना एकाएक 7.2 प्रतिशत अपना रक्षा बजट बढ़ाया है, वह भी चौंकाने वाला है। इस समय कुल बजट की बात करें, तो चालू वर्ष में जहां अमेरिका का रक्षा बजट 890 अरब डॉलर है, तो वहीं चीन का 249 अरब डॉलर है यानि अमेरिका के बाद केवल दुनिया में चीन ही है, जो रक्षा बजट के मामले में दूसरा नंबर रखता है। जहां तक बात भारत की है, भारत का रक्षा बजट चीन से भी काफी कम है। जोकि 78.8 अरब डॉलर है। मतलब साफ है कि चीन अपना रक्षा बजट बढ़ाकर अमेरिका को सीधे चुनौती तो नहीं लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से चुनौती पेश कर रहा है कि वह उसे हल्के में न ले। इस टैरिफ वॉर में कौन घाटे में जाएगा और किसको लाभ होगा, यह तो उस समय पता चलेगा, जब इस संबंध में आंकड़े सामने आएंगे और ये आंकड़े आने में अभी काफी लंबा समय लगेगा। अभी तो केवल शुरुआतभर ही है इसलिए अभी जल्दबाजी में कुछ नहीं कहा जा सकता। वैसे ट्रम्प जिस तरह फैसले ले रहे हैं, उसने विश्व को जरूर एक नई पैचीदा स्थिति में डाल दिया है। सबसे बड़ी यह मुश्किल पैदा कर रही है वह उनके फैसले लेने का स्वभाव है। अब देखना है कि दुनिया पर उनके फैसलो का क्या प्रभाव पड़ता है।


### मोदी ने गंगा सफाई की गारंटी को भुलाया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 साल पहले मां गंगा की सफाई के लिए नमामि गंगा योजना शुरू कर वादा किया था कि वह गंगा को निर्मल बना देंगे, लेकिन सच यह है कि इस अभियान के लिए आवंटित आधी राशि खर्च ही नहीं हुई और जो पैसा खर्च हुआ, उससे गंगा साफ नहीं हुई, मोदी जी ने कहा था कि उनको मां गंगा ने बुलाया है, पर सच ये है कि उन्होंने गंगा सफ़ाई की अपनी गारंटी को भुलाया है, करीब 11 वर्ष पहले, 2014 में, नमामि गंगे योजना शुरू की गई थी, योजना में मार्च 2026 तक 42,500 करोड़ रुपये की राशि इस्तेमाल की जानी थी, पर संसद में गंगा से संबंधित सवालों के जवाब से पता चलता है कि दिसम्बर 2024 तक केवल 19,271 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। यानी मोदी सरकार ने नमामि गंगे योजना के लिए आवंटित 55 प्रतिशत राशि खर्च ही नहीं की।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**अध्यक्ष, कांग्रेस**

# सलाह: होली के दौरान बालों तथा त्वचा की देखभाल जरूरी





**शहनाज हुसैन**

होली का त्यौहार खुशियों ,मस्ती, रोमांच तथा उत्साह लेकर आता है / लेकिन रंगों के इस त्यौहार को हम सब लोग उत्साह से मनाने के साथ ही रंग खेलने के साथ ही रंग छुड़ाने, त्वचा एवं बालों को हुए नुकसान को लेकर भी टेंशन में रहते हैं क्यों कि 'बुरा न मानो होली है' कहकर रंग फेंकने बाले अल्हड़ युवक युवतियों की टोलियां पिचकारी, गुव्वारों, डाई वा गुलाल में बाजार में बिकने बाले जिन रंगों का प्रयोग करते हैं उनमें माइका ,लेड जैसे हानिकारक रसायनिक मिले होते हैं जिससे बाल तथा त्वचा रूखी एवं बेजान हो जाती है, बल झड़ना शुरू हो जाते हैं तथा त्वचा में जलन एवं खारिश शुरू हो जाती है / आज के युग में बाजार में बिकने बाले रंगों में हर्बल तथा प्राकृतिक उत्पाद नाममात्र ही होते हैं / लेकिन ऐसे में आप घर पर छुप कर कतई न बैठें

> **'बुरा न मानो होली है' कहकर रंग फेंकने वाले अल्हड़ युवक-युवतियों की टोलियों पिचकारी, गुब्बारों, डाई व गुलाल में बाजार में बिकने वाले जिन रंगों का प्रयोग करते हैं उसमें हानिकारक रासायन मिले होते हैं**

/अगर आप कॉलोनी के पार्क में खुशनुमा माहौल में दिल खोल कर होली खेलना चाहते हैं तो जमकर रंग खेलने के बाद चुटकियों में रंग छुड़ाने के तरीके बता रही हैं सौंदर्य शहनाज़ हुसैन होली का त्यौहार ज्यादातर खुले आसमान में खेला जाता है जिससे सूर्य की गर्मी से भी त्वचा पर विपरित प्रभाव पड़ता है। खुले आसमान में हानिकारक यू.वी. किरणों के साथ-साथ नमी की कमी की वजह से त्वचा के रंग में कालापन आ जाता है। होली खेलने के बाद त्वचा निर्जीव बन जाती है। होली के पावन त्यौहार में अपनी त्वचा की रक्षा के लिए होली खेलने से 20 मिनट पहले त्वचा पर 20 एस.पी.एफ. सनस्क्रीन का लेप कीजिए। यदि आपकी त्वचा पर फोड़े, फन्सियां आदि है तो 20 एस.पी.एफ. से ज्यादा दर्ज की सनस्क्रीन का उपयोग करना चाहिए। ज्यादातर सनस्क्रीन में माइस्चराईजर ही विद्यमान होता है। यदि आपकी त्वचा अत्याधिक शुष्क हैं तो पहले सनस्क्रीन लगाने के बाद कुछ समय इंतजार करने के बाद ही त्वचा पर माइस्चराईजर का लेप करें। आप अपनी बाजू तथा सभी खुले अंगों पर माईस्चराइजर लोशन या क्रीम का उपयोग करें। होली खेलने से पहले सिर में बालों पर हेयर सीरम या कंडीशनर का उपयोग करें।

इससे बालों को गुलाल के रंगों की वजह से पहुंचने वाले सुखेपन से सुरक्षा मिलेगी तथा सूर्य की किरणों से होने वाले नुकसान से भी बचाव मिलेगा। आजकल बाजार में सनस्क्रीन सहित हेयर क्रीम आसानी से उपलब्ध हो जाती है। थोड़ी से हेयर क्रीम लेकर उसे दोनों हथेलियों पर फैलाकर बालों की हल्की-हल्की मालिश करें। इसके लिए आप विशुद्ध नारियल तेल की बालों पर मालिश भी कर सकते है। इससे भी रसायनिक रंगों से बालों को होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है। होली के रंगों से नाखूनों को बचानें के लिए नाखूनों पर नेल वार्निश की मालिश करनी चाहिए। होली खेलने के बाद त्वचा तथा बालों पर जमें रंगों को हटाना काफी मुश्किल कार्य है। उसके लिए सबसे पहले चेहरे को बार-बार साफ निर्मल जल से धोएं तथा इसके बाद कलीजिंग क्रीम या लोशन का लेप कर लें तथा कुछ समय बाद इसे गीले काटन वूल से धो डाले। आंखों के इर्द गिर्द के क्षेत्र को हल्के-हल्के साफ करना न भूलें। क्लीजिंग जैल से चेहरे पर जमें रंगों को धुलने तथा हटाने में काफी मदद मिलती है। अपना घरेलू क्लीनजर बनाने के लिए आधा कप ठंडे दूध में तिल, जैतून, सूर्यमुखी या कोई भी वनस्पति तेल मिला लीजिए। काटन वूल पैड को इस मिश्रण में डूबोकर त्वचा को साफ करने के लिए उपयोग में लाऐं। शरीर से रसायनिक रंगों को हटाने में तिल के तेल की मालिश महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इससे न केवल रसायनिक रंग हट जाऐंगे बल्कि त्वचा को अतिरिक्त सुरक्षा भी मिलेगी। तिल के तेल की मालिश से सूर्य की किरणों से हुए नुकसान की भरपाई में मदद मिलती है। नहाते समय शरीर को लूफ या वाश कपड़े की मदद से स्क्रब कीजिए तथा नहाने के तत्काल बाद शरीर तथा चेहरे पर माइस्चराईजर का उपयोग कीजिए। इससे शरीर में नमी बनाए रखने में मदद मिलेगी। यदि त्वचा में खुजली है तो पानी के मग में दो चम्मच सिरका मिलाकर उसे त्वचा पर उपयोग करें तथा इससे खुजली खत्म हो जाऐगी। इसके बाद भी त्वचा में खुजली जारी रहती है तथा त्वचा पर लाल चकत्ते तथा दाने उभर आते है तो आपकी त्वचा को रंगों से एलर्जी हो गई तथा इसके लिए आपको डाक्टर से आवश्यक सलाह मशवरा जरूर कर लेना चाहिए। बालों को साफ करने के लिए बालों में फंसे सुखे रंगों तथा माईका को हटाने के लिए बालों को बार-बार सादे ताजे पानी से धोते रहिए। इसके बाद बालों को हल्के हर्बल शैम्पू से धोएं तथा उंगलियों की मदद से शैम्पू को पूरे सिर पर फैला लें तथा इसे पूरी तरह लगाने के बाद पानी से अच्छी तरह धो डालिए। बालों की अंतिम धुलाई के लिए बियर को अन्तिम हथियार के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। बीयर में नीबूं का जूस मिलाकर शैम्पू के बाद सिर पर उडेल लें। इसे कुछ मिनट बालों पर लगा रहने के बाद साफ पानी से धो डालें। होली के अगले दिन दो चम्मच शहद को आधा कप दही में मिलाकर थोड़ी सी हल्दी में मिलाए तथा इस मिश्रण को चेहरे, बाजू तथा सभी खुले अंगों पर लगा लें। इसे 20 मिनट लगा रहने दें तथा बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। इससे त्वचा से कालापन हट जाएगा तथा त्वचा मुलायम हो जाएगी। होली के अगले दिनों के दौरान अपनी त्वचा तथा बालों को पोषाहार तत्वों की पूर्ति करें। एक चम्मच शुद्ध नारियल तेल में एक चम्मच अरण्डी का तेल मिलाकर इसे गर्म करके अपने बालों पर लगा लीजिए। एक तौलिए को गर्म पानी में भीगों कर पानी को निचोड दीजिए तथा तौलिए को सिर पर लपेट लीजिए तथा इसे 5 मिनट तक पगड़ी की तरह सिर पर बंधा रहने दीजिए। इस प्रक्रिया को 4-5 बार दोहराईए इसे खोपड़ी पर तेल को जमने में मदद मिलती है। एक घण्टा बाद बालों को साफ ताजे पानी से धो डालिए।

**( लेखिका-अर्न्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ है तथा हर्बल क्वीन के नाम से लोकप्रिय है )**

# एआई: एक रक्त परीक्षण से कई बीमारियों का निदान...

> **वर्तमान में आत्म-प्रतिरक्षा बीमारियों या वायरस संक्रमण का पता लगाने के लिए कई परीक्षण और विशेषज्ञ परामर्श की ज़रूरत होती है जिससे निदान में देरी हो सकती है लेकिन यह एआई टूल केवल एक रक्त परीक्षण से सटीक परिणाम दे सकता है, इसके अलावा कुछ बीमारियों के लिए कोई पक्के नैदानिक परीक्षण नहीं होते, जिससे उन्हें शुरुआती चरण में पहचानना कठिन होता है**

कल्पना कीजिए कि सिर्फ एक रक्त परीक्षण से कोविड-19, एचआईवी, मधुमेह और आत्म-प्रतिरक्षा सम्बंधी बीमारियों की जांच हो जाती है। वैज्ञानिकों ने एक ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल विकसित किया है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली की प्रतिक्रिया का विश्लेषण कर एक साथ कई बीमारियों का पता लगा सकता है।

साइंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में लगभग 600 लोगों पर इस एआई टूल का परीक्षण किया गया। पता चला कि यह टूल सटीक रूप से पहचान सकता है कि व्यक्ति स्वस्थ है, वायरल संक्रमण से जूझ रहा है या आत्म-प्रतिरक्षा रोग से ग्रसित है। इतना ही नहीं, इससे यह भी पता चल सकता है कि व्यक्ति ने हाल ही में फ्लू का टीका लिया है या नहीं, जो इसकी अतीत और वर्तमान प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को समझने की क्षमता को दर्शाता है।

वास्तव में हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली एक मेमोरी बैंक की तरह काम करती है जो हर संक्रमण, टीकाकरण और बीमारी का रिकॉर्ड रखती है। इसमें दो मुख्य घटक होते हैं। 'बी' कोशिकाएं जो हानिकारक वायरस से लड़ने के लिए एंटीबॉडी बनाती हैं और 'टी' को. शिकाएं जो संक्रमित कोशिकाओं को नष्ट करती हैं या अन्य प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं को सक्रिय करती हैं। जब किसी व्यक्ति को कोई संक्रमण या आत्म-प्रतिरक्षा रोग होता है तो 'बी' और 'टी' कोशिकाओं की संख्या बढ़ जाती है और वे अपनी सतह पर विशेष ग्राही बनाती हैं, जो संक्रमण की पहचान और प्रतिक्रिया में मदद करते हैं।

AI

वैज्ञानिकों ने इन ग्राहियों को बनाने वाले जीन्स का अनुक्रमण किया ताकि बीमारियों का एक विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जा सके। इसके बाद, एआई टूल ने इन जीन अनुक्रमों का विश्लेषण करने के लिए छह मशीन-लर्निंग मॉडल का उपयोग किया और अलग-अलग बीमारियों से जुड़े पैटर्न की पहचान की। वर्तमान में, आत्म-प्रतिरक्षा बीमारियों या वायरस संक्रमण का पता लगाने के लिए कई परीक्षण और विशेषज्ञ परामर्श की ज़रूरत होती है, जिससे निदान में देरी हो सकती है। लेकिन यह एआई टूल केवल एक रक्त परीक्षण से सटीक परिणाम दे सकता है। इसके अलावा कुछ बीमारियों के लिए कोई पक्के नैदानिक परीक्षण नहीं होते, जिससे उन्हें शुरुआती चरण में पहचानना कठिन होता है। यह एआई टूल प्रतिरक्षा प्रणाली की गतिविधियों को पढ़कर उन छिपी हुई बीमा. रियों को भी पकड़ सकता है, जिन्हें पारंपरिक



जांचें नहीं ढूंढ पातीं। इसके साथ ही, यदि डॉक्टर किसी व्यक्ति के प्रतिरक्षा इतिहास को समझ पाएं, तो वे व्यक्तिगत उपचार योजनाएं बना सकते हैं और गंभीर लक्षण प्रकट होने से पहले ही बीमारी पकड़ सकते हैं। यह टूल बहुत सशक्त है क्योंकि प्रतिरक्षा प्रणाली अपने आप में एक नैसर्गिक निदान है। यदि हम इसे पूरी तरह समझ लें तो यह बहुत मददगार होगी। लेकिन अभी इस टूल को विविध और बड़े पैमाने पर परखने की ज़रूरत है ताकि यह सटीक और बेहतर हो सके।

**स्रोत फीसर्च**

# 'छावा' की रिलीज के बाद औरंगजेब को लेकर गहराता विवाद!



**अशोक भाटिया**

बॉक्स ऑफिस की ब्लॉक बस्टर फिल्म छावा की रिलीजिंग के बाद से देश भर में मुगल बादशाह औरंगजेब का विरोध हो रहा है। इसी बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अबू आजमी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। औरंगजेब की तारीफों के पुल बांधकर अबू बुरी तरह से फंस गए हैं। महाराष्ट्र में अबू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई है। सोशल मीडिया पर भी कई लोग अबू के बयान पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। मुंबई के मानखुर्द शिवाजी नगर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक आजमी ने दावा किया, हमारा जीडीपी विश्व सकल घरेलू उत्पाद का 24 प्रतिशत था और भारत को (औरंगजेब के समय) सोने की चिड़िया कहा जाता था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अबू आजमी के बयान इस बयान के बाद काफी ज्यादा भड़क गए थे। उन्होंने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज को जिसने 40 दिनों तक बंधक बनाकर मारा, वह उत्तम प्रशासक कैसे हो सकता है? एकनाथ शिंदे के अलावा शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने अबू आजमी के इस बयान पर नाराजगी जाहिर की है।


दरअसल, अबू आजमी ने बॉलीवुड फिल्म छावा के संदर्भ में कहा कि सारा गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए और वह क्रूर नेता नहीं था। सपा के विधायक ने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता के लिए थी। उन्होंने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई सत्ता के लिए थी। अगर कोई कहता है कि यह लड़ाई धर्म के लिए थी, तो मैं इस पर विश्वास नहीं करता। उस समय के राजा सत्ता और संपत्ति के लिए संघर्ष करते थे, लेकिन यह धार्मिक नहीं था। उसने (औरंगजेब ने) 52 साल तक शासन किया, और अगर वह वाकई हिंदुओं को मुसलमान बना रहा था- तो कल्पना कीजिए कि कितने हिंदुओं ने धर्म परिवर्तन किया होगा। उन्होंने कहा कि अगर औरंगजेब रहमतुल्लाह ने मंदिर तोड़े थे, तो उसने मस्जिदें भी तोड़ी थीं। अगर वह हिंदुओं के खिलाफ होता, तो 34 प्रतिशत हिंदू उसके साथ नहीं होते, और उसके सलाहकार हिंदू नहीं होते। इसे हिंदू-मुस्लिम एंगल देने की कोई जरूरत नहीं है। यह देश संविधान से चलेगा, और मैंने हिंदू भाइयों के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा है। इस बीच, शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सदस्यों ने मुंबई और ठाणे शहर में आजमी के खिलाफ दो शिकायतें दर्ज कराईं। इसके बाद ठाणे में एक प्राथमिकी दर्ज की गई।

> **सपा के विधायक ने कहा: छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता के लिए थी**

महाराष्ट्र में यह पहला मौका नहीं है जब औरंगजेब का जिन्न कब्र से निकला हो। कुछ दिनों से औरंगजेब के नाम का भूत कुछ युवाओं के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। ये युवा औरंगज़ेब का स्टेट्स अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगा रहे हैं।, जिसकी वजह से पुलिस को खासा परेशानी झेलनी पड़ रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जहां पर लोग औरंगज़ेब का स्टेटस अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगा रहे हैं। हाल ही में मुंबई से सटे मीरा-भायंदर इलाके से एक मामला सामने आया जहां पर एक शख्स ने अपने इंस्टाग्राम पर टीपू सुलतान और औरंगज़ेब का फोटो इस्तेमाल कर एक वीडियो रील बनाई और उसे अपलोड की जिसमे उसने कहा की :कोई यह मत समझना की हम खत्म हो गए, हम फिर आएंगे वही दौर लेकर यह वीडियो जैसे ही वायरल हुआ उसपर विश्व हिंदू परिषद से जुड़े एक कार्यकर्ता की नज़र पड़ी, जिसके बाद उसने इस बात की जानकारी दूसरे लोगों को दी और फिर इस मामले की वजह से शहर का लॉ एंड ऑर्डर ख़राब न हो इस वजह से विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने पुलिस का रुख़ किया। भायंदर पुलिस स्टेशन के इस मामले के जांच अधिकारी अनिल करे ने बताया कि 23 अगस्त के दिन विश्व हिंदू परिषद के ज़िला मंत्री नांगनाथ कांबले ने शिकायत दी की, जिसमें उन्होंने बताया कि एक साहिल नाम का लड़का, है जिसने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर औरंगज़ेब और टीपू सुलतान इन दोनों का एक वीडियो बनाया रील बनाया है और उसे शेयर किया है, और आगे बताया कि जिसके बाद हमने उसे देखकर वेरिफ़ाई किया और सीनियर अधिकारियों से बातचीत कर हमने एफआईआर दर्ज की है, यह एफआईआर आईपीसी की धारा 153(ए) और 34 के तहत दर्ज किया है, एफआईआर दर्ज कर हमने साहिल का पता लगाया और उसे भायंदर इलाके से गिरफ्तार किया, इस मामले दानिश नाम के दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

आपको बता दें की बीते कुछ महीनों में ऐसे ही कुछ मामले महाराष्ट्र के कोल्हापुर, अहमदनगर, धुले और नासिक से भी सामने आये हैं। इसी साल महाराष्ट्र के अहमदनगर के संगमनेर तालुका में औरंगजेब की तारीफ में पोस्टर लगाने की घटना सामने आई थी वहां विरोध प्रदर्शन किया गया था। ये पहली घटना थी, जिसके बाद प्रदर्शन के बाद अज्ञात लोगों की ओर से पथराव हुआ जिसमे दो लोग घायल हो गए थे और कई गाड़ियों को भी नुक़सान हुआ था। पोस्टर के बाद तुरंत दूसरे दिन यानी की 7 जून के दिन कुछ लोगों ने कोल्हापुर में औरंगजेब और टीपू सुलतान का स्टेटस अपने सोशल मीडिया पर रखा था। ये दूसरी घटना थी, जिसके बाद आज कुछ हिंदू संगठन इसके विरोध प्रदर्शन के लिए इकट्ठा हुए थे और पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर 'कोल्हापुर बंद' का आयोजन किया इसी बीच प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति पैदा हुई थी।

**( ये लेखक के अपने विचार है, वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार, लेखक, समीक्षक व टिप्पणीकार )**




# बालों के झड़ने को कहें अलविदा, ये जादुई तेल बालों को बनाएगा मजबूत और लंबा

आजकल बढ़ते प्रदूषण, अनहेल्दी लाइफस्टाल, खानपान और तनाव की वजह से लोग कई समस्याओं का सामना करते हैं। तो इन्हीं के कारण बाल झड़ने और हेयर ग्रोथ की समस्या भी बढ़ती जा रही है। इसलिए लोग बालों की केयर के लिए तरह-तरह के हेयर ट्रीटमेंट्स और कैमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। जो बालों को अधिक खराब कर देते हैं। ऐसे में आप घरेलू नुस्खों का सहारा लेकर हेयर फॉल की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। इससे आपके बाल नेचुरल तरीके से लंबे और घने दिखेंगे। अगर आप भी बालों के झड़ने के साथ हेयर ग्रोथ रुक जाने की समस्या से परेशान हैं, तो आज हम आपको एक होममेड तेल बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

### हेयर ऑयल सामग्री...

- बेरी बेरी लीव्स- 6-7 पत्तियां
- करी पत्ता- 6-7 पत्तियां
- कलौंजी- 1 टेबलस्पून
- काले तिल- 1 टेबलस्पून
- नारियल तेल- 1 बड़ी कटोरी
- विटामिन- ई कैप्सूल- 2
- अरंडी का तेल- 2 टेबलस्पून

### ऐसे बनाएं...

- एक स्टील के बर्तन में नारियल का तेल निकाल लें।
- फिर गैस पर नारियल के तेल को पिघला लें और गैस धीमी रखना है।
- तेल पिघल जाने के बाद उसमें करी पत्ता, काले तिल, बेरी-बेरी लीव्स और कलौंजी डालकर अच्छे से पका लें।
- इस तेल को तब तक खौलाएं जब तक यह आधा न रह जाए।
- इस प्रक्रिया में करीब 1 घंटे का समय लग सकता है।
- तब तेल पककर आधा रह जाए, तो इसमें विटामिन ई के कैप्सूल और अरंडी का तेल मिला दें।
- इस मिश्रण को अच्छे से मिलाएं और गैस बंद कर दें। जब यह ठंडा हो जाए, तो छलनी की मदद से छानकर इसे डिब्बे में स्टोर कर लें।

### कैसे करें इस्तेमाल...

बता दें कि सप्ताह में दो बार आप इस तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं बाल धोने से एक दिन पहले अच्छे से इस तेल से सिर की मालिश करें। जिससे कि पूरी रात तेल अच्छे से बालों की जड़ों तक पहुंच जाए। फिर अगले दिन सुबह उठकर शैंपू से बाल धो डालें।

# टोक्यो में दो जुड़ी हुई बुलेट ट्रेनें अलग हुईं, सेवाएं बाधित



**घटना के समय ट्रेन में सवार थे 650 यात्री**

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो में एक स्टेशन के पास गुरुवार को दो जुड़ी हुई शिकानसेन बुलेट ट्रेनें अलग हो गईं, जिसके बाद उन्हें आपातकालीन स्थिति में रोका गया, जिससे पूर्वी जापान में बुलेट ट्रेन सेवाएं कुछ समय के लिए बाधित रही। पूर्वी जापान रेलवे (जेआर ईस्ट) ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि तोहोकू शिकानसेन लाइन पर एक हायाबुसा ट्रेन और एक कोमाची ट्रेन स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11:30 बजे उएनो और ओमिया स्टेशनों के बीच अलग हो गईं। उन्हें स्थानीय यात्री लाइन पर निशिनिपोरी स्टेशन के पास जांच के लिए रोका गया। रेलवे संचालक ने बताया कि हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नही है। उसने बताया कि घटना के समय ट्रेन में करीब 650 यात्री सवार थे। दस कोच वाली हायाबुसा और सात कोच वाली कोमाची ने स्थानीय समयानुसार सुबह 11:20 बजे टोक्यो स्टेशन से प्रस्थान किया और बाद में उन्हें अलग होकर अलग-अलग स्थानों तक की यात्रा करनी थी। हायाबुसा को तोहोकू शिकानसेन लाइन पर शिनाओमोरी स्टेशन और कोमाची को अकिता शिकानसेन लाइन पर अकिता तक की यात्रा करनी थी। जेआर ईस्ट ने बताया कि घटना के बाद तोहोकू, अकिता, यामागाटा, होकुरिकु और जोएत्सु शिकानसेन लाइनों पर बुलेट ट्रेन सेवाओं को कुछ खंडों पर निलंबित कर दिया गया था। स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब 2:30 बजे के परिचालन फिर से शुरू कर दिया गया।

# ईरान ने ब्रिटेन की सुरक्षा को खतरे का दावा किया खारिज

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माईल बगेई ने बुधवार को कहा कि ब्रितानी अधिकारियों का यह दावा कि तेहरान ब्रिटेन की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालना चाहता है, पूर्णत: निराधार है। बगेई ने मंगलवार को ब्रिटेन की संसद में संबोधन के दौरान ब्रिटेन के रक्षा मंत्री डैन जार्विस की ईरान विरोधी टिप्पणियों के जवाब में ईरानी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में यह खंडन किया। जार्विस ने कहा कि वह पूरे ईरान को, जिसमें उसकी खुफिया सेवाएं, इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स और खुफिया मंत्रालय शामिल हैं, खुफिया विदेशी प्रभाव से रक्षा के लिए डिजाइन किए गए आगामी विदेशी प्रभाव पंजीकरण योजना के उन्नत स्तर में रखेंगे।

उन्होंने ब्रिटिश अधिकारियों से आग्रह किया कि ब्रिटेन अपनी टकरावपूर्ण नीतियों पर जोर देने और ईरान के विरुद्ध निराधार आरोप लगाने के बजाय ईरानी लोगों के विरुद्ध अपनी गलत नीतियों को त्याग दे तथा आतंकवाद को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना बंद कर दे।

# अमेरिकी टैरिफ का माकूल जवाब देगा ईयू





**फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा: हमें भी तैयार रहना चाहिए**

**डब्ल्यूटीओ ने की अमेरिकी टैरिफ पर कनाडा की शिकायत की पुष्टि**

**मॉस्को/वाशिंगटन।** यूरोपीय संघ अमेरिकी टैरिफ के लिए जवाब तैयार कर रहा है, लेकिन अभी भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को यह कदम उठाने से रोकने की कोशिश कर रहा है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यह बात कही।

मैक्रोन ने बीएफएम टीवी द्वारा प्रसारित भाषण में कहा, हमें तैयार रहना चाहिए अगर अमेरिका यूरोपीय वस्तुओं पर टैरिफ लगाता है, जैसा कि उसने अभी कनाडा और मैक्सिको के साथ किया है। यह निर्णय हमारे और अमेरिकी अर्थव्यवस्था दोनों के लिए अस्पष्ट है और हमारे कुछ उद्योगों पर इसके परिणाम होंगे। हम भी इसका उत्तर दिए बिना नहीं रहेंगे, जबकि हम अपने यूरोपीय भागीदारों के साथ जवाब तैयार करते हैं, हम अमेरिकी राष्ट्रपति को मनाने के लिए हर संभव प्रयास करना जारी रखते हैं। ट्रम्प ने फरवरी में कहा कि उनका प्रशासन बहुत जल्द यूरोपीय संघ से आयात पर नए 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा करेगा, जिसमें ऑटोमोबाइल भी शामिल हैं। इसी बीच विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने बुधवार को कहा कि उसे अमेरिकी टैरिफ पर कनाडा की शिकायत प्राप्त हुई है, जिसमें विवाद परामर्श का अनुरोध किया गया है। कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने मंगलवार को कहा कि उनका देश अमेरिका द्वारा कनाडा में उत्पादित सभी गैर-ऊर्जा वस्तुओं पर 25 प्रतिशत और ऊर्जा वस्तुओं पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने के खिलाफ डब्ल्यूटीओ में शिकायत दर्ज करेगा। डब्ल्यूटीओ ने कहा, कनाडा ने कनाडा में उत्पादित वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा लागू किए गए नए टैरिफ उपायों के बारे में अमेरिका के साथ डब्ल्यूटीओ विवाद परामर्श का अनुरोध किया है। कनाडा ने दावा किया है कि अमेरिकी टैरिफ 1994 के टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौते के साथ-साथ व्यापार सुविधा समझौते के विभिन्न प्रावधानों के साथ असंगत हैं। संगठन ने कहा कि शिकायत बुधवार को डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों के बीच प्रसारित की गई थी। परामर्श के लिए अनुरोध डब्ल्यूटीओ में औपचारिक विवाद शुरू करने का पहला कदम है। यदि पक्षकार 60 दिनों के भीतर विवाद को हल करने में विफल रहते हैं, तो मुकदमा चलाया जाता है।

**अगले सप्ताह पेरिस में होगी बैठक**

**मैक्रों ने कहा कि हालांकि फ्रांस, नाटो और अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी दोनों के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन उसे अपनी रक्षा और सुरक्षा के मामलों में स्वतंत्रता को मजबूत करने के लिए और अधिक काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने घोषणा की कि वह अगले सप्ताह राजधानी पेरिस में एक बैठक में यूरोपीय नेताओं को आमंत्रित करेंगे, ताकि स्थाई शांति लाने की योजना पर काम किया जा सके, जिसमें रूस को फिर से आक्रमण करने से रोकने के लिए यूक्रेन में शांति सेना तैनात करना शामिल हो सकता है।**

## परमाणु शस्त्रागार से यूरोपीय सहयोगियों को सुरक्षा देगा फ्रांस

> मैं विश्वास करता हूं कि अमेरिका हमारे पक्ष में रहेगा, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है, तो हमें इसके लिए तैयार रहने की जरूरत है: मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि फ्रांस परमाणु शस्त्रागार का सुरक्षा कवच अपने यूरोपीय सहयोगियों तक बढ़ाने पर विचार करेगा, साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यूरोप को इस बात के लिए तैयार रहना चाहिए कि यूक्रेन-रूस युद्ध में अमेरिका कि हमारे साथ खड़ा नही होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मैक्रों ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया चैनलों पर लाइव प्रसारण में कहा, मैंने यूरोपीय महाद्वीप पर अपने सहयोगियों की सुरक्षा के लिए हमारे प्रतिरोध पर रणनीतिक बहस शुरू करने का निर्णय लिया है। इस दौरान उन्होंने यूरोप द्वारा यूक्रेन की सहायता जारी रखने तथा अपनी रक्षा को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। मैक्रों ने फ्रांस के परमाणु शस्त्रागार के बारे में कहा, हमारा परमाणु प्रतिरोध हमारी रक्षा करता है, यह पूर्ण, संप्रभु, शुरुआत से अंत तक फ्रांसीसी है। यह हमारे कई पड़ोसियों की तुलना में हमारी बहुत अधिक रक्षा करता है। उन्होंने कहा, जो कुछ भी हो, निर्णय हमेशा गणराज्य के राष्ट्रपति, सेना के कमांडर के हाथों में रहा है और रहेगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यूरोप एक नए युग में प्रवेश कर रहा है और रूस से खतरे के प्रति दर्शक बने रहना मूर्खता होगी। मैक्रों ने कहा, हमारे सहयोगी अमेरिका ने इस युद्ध पर अपनी स्थिति बदल दी है, यूक्रेन का कम समर्थन कर रहा है और आगे क्या होगा, इस पर संदेह उत्पन्न कर दिया है। उन्होंने कहा कि मैं यह विश्वास करना चाहता हूं कि अमेरिका हमारे पक्ष में रहेगा, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो हमें इसके लिए तैयार रहने की जरूरत है।

# एयरोस्पेस विनिर्माण को बढ़ावा देने की कवायद तेज

**बेलगावी (कर्नाटक)।** देश के एयरोस्पेस उद्योग में नवाचार और विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए मैगेलन एयरोस्पेस कॉरपोरेशन और एक्वस प्राइवेट लिमिटेड ने बेलगावी एयरोस्पेस क्लस्टर (बीएससी) में 50:50 संयुक्त स्वामित्व वाली सैंड कास्टिंग सुविधा की स्थापना की संभावनाओं का पता लगाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

**मैगेलन एयरोस्पेस कॉरपोरेशन और एक्वस प्राइवेट लिमिटेड ने करार पर हस्ताक्षर किए**

यह प्रस्तावित सुविधा वाणिज्यिक और रक्षा दोनों क्षेत्रों की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से स्थापित की जाएगी। वर्तमान में भारत में एयरोस्पेस-योग्य एनएडीसीएपी प्रमाणित सैंड कास्टिंग सुविधाओं की कमी है। ऐसे में यह पहल देश और दक्षिण पूर्व एशिया के एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी। भारत में मेक इन इंडिया और उड़ान योजना जैसी पहलों से एयरोस्पेस उद्योग में जबरदस्त विकास हुआ है। निजी क्षेत्र के बढ़ते निवेश और बढ़ते हवाई यातायात के कारण, इस संयुक्त उद्यम से देश में एयरोस्पेस विनिर्माण के विस्तार को गति मिलने की उम्मीद है। यह पहली बार नही है जब मैगेलन और एक्वस एक साथ आए हैं। वर्ष 2007 में दोनों कंपनियों ने एयरोस्पेस प्रोसेसिंग इंडिया की स्थापना की थी, जो एयरबस और बोइंग द्वारा अनुमोदित भारत की पहली थर्ड-पार्टी सरफेस ट्रीटमेंट सुविधा है। इसके अलावा वर्ष 2024 में दोनों कंपनियों ने कर्नाटक में विमान इंजन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) सुविधा विकसित करने के लिए भी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

**हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में आए विनाशकारी भूकंप के 120 साल पूरे**

# 1905 में आए भूकंप के निशान अब तक बाकी




**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगडा में 1905 में आए विनाशकारी भूकंप के 120 साल पूरे होने जा रहे हैं, लेकिन इस त्रासदी के निशान और असर अभी तक बने हुए हैं।

कांगड़ा में 1905 में आया भूकंप भारतीय इतिहास के सबसे विनाशकारी भूकंपों में से एक है। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.8 से 7.9 के बीच मापी गई थी और इसमें 20,000 से अधिक लोग मारे गए थे। इस भूकंप से करीब 53,000 पालतू जानवर मारे गए और लगभग 100,000 इमारतें मलबे में तब्दील हो गयी थी। जलसेतु नेटवर्क सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के पूर्ण रूप से ध्वस्त होने के कारण लंबे समय तक पीड़ा और भारी आर्थिक नुकसान को दंश कांगडा ने झेला है। अतिरिक्त सचिव राजस्व और आपदा प्रबंधन बलवान चंद ने सभी विभागाध्यक्षों को लिखे एक पत्र में कहा, पीड़ितों को सम्मानित करने और आपदा की तैयारियों को मजबूत करने के लिए, हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर आपदा जागरूकता अभियान चला रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समुदायों, विशेष रूप से युवाओं को भूकंप की तैयारियों और लचीलापन-निर्माण उपायों के बारे में शिक्षित करना है। इस अवसर पर निर्धारित प्रमुख कार्यक्रमों में सरकारी और निजी संस्थानों में निकासी अभ्यास, सभी जिला मुख्यालयों में नागरिक एकजुटता मार्च और स्कूलों, विश्वविद्यालयों और स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में जागरूकता कार्यशालायें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य आकर्षण केन्द्र एक ड्रिल है, जिसमें हज़ारों लोग ड्रॉप, कवर एंड होल्ड अभ्यास में भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त, अप्रैल में ग्राम सभा की बैठकें भूकंप-रोधी उपायों पर ध्यान केंद्रित करेंगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि स्थानीय समुदाय सुरक्षित निर्माण तकनीकों को समझें और अपनायें। अभियान में भूकंप सुरक्षा दिशा-निर्देशों का प्रसार और छात्रों, शिक्षकों और अधिकारियों के लिए आपातकालीन प्रोटोकॉल पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी शामिल है। चंद ने कहा कि पिछली आपदाओं और बढ़ते भूकंप के जोखिमों के मद्देनजर, सरकार ने भविष्य में होने वाले नुकसान को कम करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को और तेज़ कर दिया है। राज्य आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना को नए निर्माणों, विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में अनिवार्य भूकंप-रोधी भवन संहिताओं के साथ बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने के लिए संशोधित किया गया है। आपदा-रोधी आवास को बढ़ावा देने के लिए इंजीनियरों, राजमिस्त्रियों और स्थानीय बिल्डरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्य में भूकंपीय निगरानी स्टेशनों की स्थापना से वास्तविक समय में अलर्ट मिलेंगे, जबकि आपदा की तैयारी को नियमित सामुदायिक अभ्यास के साथ स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 2023 के मानसून के कारण हुए भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ में 13,000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए थे, सरकार भूस्खलन- प्रभावित क्षेत्रों में असुरक्षित विकास को रोकने के लिए जलवायु-अनुकूल निर्माण और इस संबंध में सख्त कानूनों पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

# तहव्वुर राणा ने की प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग

**वॉशिंगटन।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 2008 के आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने एक बार फिर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। राणा ने अपनी अपील में भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की है।

राणा ने कहा है कि उसे भारत में प्रताड़ित किया जा सकता है, क्योंकि वह पाकिस्तान मूल का है। हाल ही में पीएम मोदी के अमेरिका दौरे के दौरान ट्रंप प्रशासन ने तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण की आखिरी मंजूरी दे दी थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया था कि उनके प्रशासन ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों में अपनी भूमिका के लिए भारतीय जांच एजेंसियों की ओर से वांछित तहव्वुर राणा को भारत में न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने की मंजूरी दे दी है।



**कौन हैं तहव्वुर राणा**

पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक हैं तहव्वुर राणा

मुंबई हमले की साजिश रचने का आरोपी

पाकिस्तानी सेना में भी कर चुका है काम

डेविड हेडली मुंबई की रेकी करने का भी है आरोपी

राणा ने अपने आवेदन में कहा है कि वह कई बीमारियों से पीड़ित है। वह हृदय धमनी विकार, पार्किंसंस और यूरिनल कैंसर का रोगी है। राणा के वकीलों का तर्क है कि वह मुकदमे का सामना करने के लिए लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकता है। तहव्वुर हुसैन राणा (63 वर्षीय) पाक मूल का कनाडाई नागरिक है। राणा, पाकिस्तानी सेना में भी काम कर चुका है और सेना में डॉक्टर रहा। हालांकि 90 के दशक में राणा कनाडा चला गया और फिर उसने वहीं की नागरिकता ले ली थी। कनाडा से तहव्वुर राणा अमेरिका पहुंचा और वहां उसने शिकागो में एक इमिग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म खोली। मुंबई हमले का दोषी डेविड हेडली, तहव्वुर राणा का दोस्त था। दावा है कि तहव्वुर राणा ने ही डेविड हेडली को अपराध की दुनिया में धकेला। हेडली ने ही 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के लिए रेकी की। हेडली को बाद में अमेरिका से गिरफ्तार किया गया था। हेडली से पूछताछ में ही तहव्वुर राणा की मुंबई हमले में संलिप्तता का खुलासा हुआ था।

राणा को साल 2009 में अमेरिकी जांच एजेंसियों द्वारा गिरफ्तार किया गया था। मुंबई हमले से पहले डेविड हेडली ने मुंबई में ताज महल होटल और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसी प्रमुख जगहों की रेकी की थी। हेडली, तहव्वुर राणा की इमिग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म का कर्मचारी था। जांचकर्ताओं का मानना है कि हेडली ने तहव्वुर राणा के इशारे पर ही ये काम किया।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108